

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 42 | रांची, मंगलवार, 21 जनवरी 2025 (माघ कृष्ण 08, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## रिम्स आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से होगा लैस

- मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रिम्स को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने जल्द ही रिम्स का बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का निर्णय लिया है। सोमवार 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान यानी रिम्स के पुनर्विकास और विस्तारीकरण से संबंधित प्रस्तावित कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी ली।

**सीएम ने री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान बनाने का दिया निर्देश**



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रिम्स के नए री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में भविष्य को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रिम्स की देश में एक अलग पहचान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिम्स के री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में सभी छात्रावासों को एक जगह और सभी आवासीय परिसरों को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने की योजना बनाई जाए। इसके अलावा रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर एरिया का जीर्णोद्धार करने का निर्देश देते हुए सीएम ने बेसमेंट एरिया को सील करने को कहा, ताकि यहां जलजमाव को रोका जा सके।

**प्रस्तावित आदिवासी कल्याण छात्रावासों की समीक्षा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को एक साथ कई विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिसके तहत सीएम ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। स्वास्थ्य विभाग के बाद मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पदाधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण छात्रावासों की निविदा प्रक्रिया की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि रांची में दो आदिवासी कल्याण छात्रावास तथा डालटनगंज में दो आदिवासी कल्याण छात्रावास बनाने का प्रस्ताव है, इन चारों छात्रावासों की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

शेष पेज 08 पर



### आत्मनिर्भरता के प्रयास को मिला बढ़ावा : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इस बात का उल्लेख किया कि खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में सरकार की उन्नति ने आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास को बढ़ावा देकर परंपराओं और उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर "मन की बात अपडेट्स' हैंडल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, "हमने मन की बात के एक एपिसोड में खिलौना विनिर्माण को बढ़ावा देने के बारे में बात की थी।

शेष पेज 08 पर

## अंतरिक्ष में आज होगी ग्रहों की परेड

**दिखेगा दुर्लभ नाजारा**



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में अक्सर अद्भुत खगोलीय घटनाएं घटित होती रहती हैं। खगोलीय घटनाओं में रुचि रखने वाले लोगों के लिए आने वाले दिन विशेष महत्व के होंगे। वास्तव में, सात ग्रह एक सीध में दिखाई देंगे। इस समय शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, यूरेनस, बृहस्पति और मंगल आकाश में एक पंक्ति में उपस्थित होंगे। वैज्ञानिकों ने इस खगोलीय घटना को दुर्लभ ग्रह संयोग के रूप में वर्णित किया है।

**कब नजर आएगा अद्भुत नजारा :** भारत में ग्रहों की परेड 21 जनवरी को शाम साढ़े आठ बजे के बाद सबसे स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। मार्च में यह परेड आठ तारीख को नजर आएगी। कुछ ग्रहों को नंगी आंखों से देखा जा सकेगा, जबकि नेपच्यून और यूरेनस को देखने के लिए दूरबीन की आवश्यकता होगी।

खगोलज्ञों के अनुसार, इस खगोलीय संयोग को शाम 06:36 बजे से शाम 07:30 बजे के बीच देखा जा सकेगा। हालांकि, इसमें देरी न करें, क्योंकि सूर्यास्त के लगभग आधे घंटे बाद बुध और बृहस्पति क्षितिज के नीचे चले जाएंगे। यह ध्यान देने योग्य है कि बृहस्पति, शुक्र और मंगल की चमक इतनी अधिक है कि इन्हें नग्न आंखों से भी एक सीध में देखा जा सकता है।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज



**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को रांची स्थित मंत्रालय में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 21, जनवरी 2025 को होगी। यह बैठक अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने राहुल के खिलाफ रांची में चल रहे मुकदमे पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अंतरिम राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ रांची की निचली अदालत में चल रहे मानहानि के मुकदमे पर रोक लगा दी है। शेष पेज 08 पर

### गरियाबंद में मुठभेड़, दो महिला नक्सली ढेर



**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सलियों और सुरक्षाबल के जवानों के बीच एक बार फिर से मुठभेड़ हुई है। सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हो गईं। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। शेष पेज 08 पर

# डोनाल्ड ट्रंप का हुआ 'राजतिलक'
# 47वें राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

एजेंसियां




**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। ये दूसरा मौका है, जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं। डोनाल्ड ट्रंप से पहले जेडी वेंस ने अमेरिका के उप राष्ट्रपति पद की शपथ ली। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही बड़ा फैसला लिया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है। वहां सशस्त्र सेना भेजेंगे। शरणार्थियों को अमेरिकी मैक्सिको में प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य करने वाली नीति को पुनः लागू कर दिया गया है। इसी के साथ डोनाल्ड ट्रंप ने और कई फैसले लिए।

**ट्रंप ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ :** सोमवार को शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप ने वाशिंगटन के सेंट जॉन्स एपिस्कोपल चर्च गए। इस दौरान टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग भी उनके साथ थे। इसके बाद ट्रंप और भावी प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप व्हाइट हाउस पहुंचे, जहां बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया।

शेष पेज 08 पर

### 'माई डियर फ्रेंड...' कह पीएम मोदी ने ट्रंप को दी बधाई



नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं। अब से बस कुछ देर पहले ही ट्रंप ने प्रेसिडेंट के तौर पर शपथ ग्रहण किया। ट्रंप के शपथ लेते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने 'माई डियर फ्रेंड' कहकर ट्रंप को संबोधित किया और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेते हुए बधाई दी। ट्रंप 2017 के बाद दूसरी बार दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के शीर्ष पद पर आसीन हुए हैं।

**ट्रंप को बधाई में पीएम मोदी ने किया ये ट्वीट :** पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति **@realDonaldTrump** को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई। मैं एक बार फिर साथ मिलकर काम करने, दोनों देशों को फायदा पहुंचाने और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर हूं। आने वाले सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।'

### शपथ लेते ही लिए कई बड़े फैसले

- अमेरिका की दक्षिणा सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा की। इस सीमा पर अवैध प्रवासियों को रोकने के लिए सेना की तैनाती की जाएगी।
- डोनाल्ड ट्रंप ने रिमेन इन मेक्सिको पॉलिसी को लागू करने का भी एलान शपथ के तुरंत बाद किया है।
- डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका से पकड़ो और छोड़ो प्रथा की समाप्ति की घोषणा की है।
- ट्रंप ने शपथ के तुरंत बाद विदेशी गिरोहों के खात्मे के लिए विदेशी शत्रु अधिनियम 1978 लागू करने का एलान किया है।
- डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे बड़ा फैसला लेते हुए थर्ड जेंडर को समाप्त कर दिया है। अमेरिका में अब केवल दो जेंडर होंगे।
- कोविड मेनडेट उल्लंघन की वजह से जिन भी लोगों की नौकरी गई है, उसको बहाल किया जाएगा। उन कर्मचारियों को मुआवजा भी दिया जाएगा।

**आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला**

## संजय रॉय को आजीवन कारावास
## सीबीआई ने मांगी थी फांसी की सजा



**कोलकाता।** आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामले में कोर्ट ने दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सुनवाई के दौरान जज ने आरोपी संजय रॉय से कहा था कि मैंने आपको पिछले दिन बताया था कि आप पर क्या आरोप लगाए गए हैं। आपके खिलाफ कौन से आरोप साबित हुए हैं। इसपर आरोपी संजय ने जज से कहा, 'मैंने कुछ नहीं किया है, न दुष्कर्म और न ही हत्या। मुझे झूठा फंसाया जा रहा है। मैं निर्दोष हूं। मैंने आपको पहले ही बताया था कि मुझे प्रताड़ित किया गया। उन्होंने मुझसे जो चाहा, उस पर हस्ताक्षर करवाए।' कोर्ट में सीबीआई ने कहा था कि कोलकाता कांड से देश हिल गया था। दोषी को फांसी की सजा दी जाए।

कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय रॉय को मामले में दोषी पाया था। दुष्कर्म के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के साथ-साथ धारा 66 और 103(1) के तहत मौत और हत्या करने के लिए उसे दोषी ठहराया गया था।

शेष पेज 08 पर

### सजा के बाद दोषी की मां की आई प्रतिक्रिया

ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में संजय रॉय को दोषी ठहराए जाने के बाद उसकी मां की प्रतिक्रिया आई। मां ने कहा कि यदि उनका बेटा दोषी है, तो उसे उसके किए की सजा मिलनी चाहिए, फिर भले ही वह सजा फांसी ही क्यों न हो। रॉय की मां मालती रॉय ने कहा कि वह अकेले में रोएंगी लेकिन उसकी सजा को नियति मानकर स्वीकार भी कर लेंगी। शुरुआत में मीडिया से बात करने में संकोच करने वाली संजय की मां मालती रॉय ने रविवार को मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि एक महिला और तीन बेटियों की मां होने के नाते, " मैं उस डॉक्टर की मां की पीड़ा और दर्द को महसूस कर सकती हूं।"

## पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुए बलबीर दत्त

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** द टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड में 'टाइम्स बिजनेस अवाड्र्स 2025' के पहले संस्करण के तहत वरिष्ठ पत्रकार और पद्मश्री बलबीर दत्त को पत्रकारिता में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है।

द टाइम्स ऑफ इंडिया ने 17 जनवरी को झारखंड की राजधानी रांची के होटल रेडिशन ब्लू में 'टाइम्स बिजनेस अवाड्र्स 2025' के पहले संस्करण का आयोजन किया। समारोह में सेलिब्रिटी अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के हाथों बलबीर दत्त को यह सम्मान मिला। झारखंड की पत्रकारिता में दत्त की पहचान भीष्म पितामह के रूप में है। बलबीर दत्त राज्य के पहले पत्रकार हैं, जिन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। वे हिंदी दैनिक देश प्राण के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वे कई पुस्तकों के लेखक भी हैं। दत्त पिछले 62 वर्षों से सक्रिय पत्रकारिता में हैं।



इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में उन व्यवसायिक नेताओं, उद्यमियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने झारखंड के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शेष पेज 08 पर



### जेल से चुनाव लड़ने पर लगे रोक: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत याचिका को लेकर सोमवार को बड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि ऐसे सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए। अदालत ने अर्जी पर सुनवाई 21 जनवरी तक के लिए टाल दी। हुसैन ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। शेष पेज 08 पर

## धनबाद: बीसीसीएल का पीएफ क्लर्क सात हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ हुआ गिरफ्तार

- रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी से पीएफ के पैसे की निकासी के लिए प्रणय सरकार मांग रहा था घूस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** सीबीआई की टीम ने बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में दबिश दी है। पीएफ क्लर्क प्रणय सरकार को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते सीबीआई की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एक रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी से पीएफ के पैसे की निकासी के लिए क्लर्क प्रणय सरकार रिश्वत की मांग कर रहा था।

बीसीसीएल कर्मी के द्वारा इसकी शिकायत सीबीआई से की गई। जांच के दौरान सीबीआई ने मामला सही पाया। इसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल जाल बिछाकर पीएफ क्लर्क प्रणय सरकार को 7 हजार रिश्वत लेते धर दबोचा है। शेष पेज 08 पर

**महाकुंभ में लगातार दूसरे दिन भी लगी आग**

## सेक्टर-16 में किन्नर अखाड़े के सामने जला टेंट, कोई क्षति नहीं



**प्रयागराज।** महाकुंभ में लगातार दूसरे दिन आग लग गई। सोमवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर 16 में किन्नर अखाड़ा के सामने टेंट में आग लगी। एक तरफ कल्पवासियों ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की, तो दूसरी तरफ वॉच टॉवर पर तैनात कर्मचारियों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा और तत्परता दिखाते हुए आग को अन्य टेंट तक फैलने से पहले ही रोक लिया।

इससे पहले रविवार की शाम गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग भड़की थी। इसमें कई दर्जन कॉटेज जलकर राख हो गए थे। फायर ब्रिगेड ने तत्परता दिखाते हुए आग को चारों तरफ से घेरकर बुझा दिया। इससे भीषण आग गीता प्रेस के शिविर से बाहर अन्य शिविरों तक नहीं पहुंच सकी थी। शेष पेज 08 पर

## यूसीसी नियमावली पर उत्तराखंड कैबिनेट की मुहर

एजेंसियां

**उत्तराखंड।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून (यूसीसी) लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कैबिनेट ने संहिता की नियमावली पर मुहर लगा दी है। नियमावली में स्पष्ट किया गया है कि लिव-इन में रहने वाले सभी व्यक्तियों को संहिता लागू होने के एक माह के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

यह पंजीकरण सिर्फ रजिस्ट्रार के सम्मुख होगा। निर्धारित तिथि तक पंजीकरण न कराने पर विलंब शुल्क वसूला जाएगा। 26 मार्च 2010 के बाद हुए विवाह का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। जो अपना पंजीकरण करा चुके हैं, उन्हें भी पोर्टल पर इसकी सूचना देनी होगी। सभी प्रकार के पंजीकरण के लिए शासन ने पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम स्तर पर अलग-अलग रजिस्ट्रार व सब रजिस्ट्रार भी बनाए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता की नियमावली पर चर्चा के बाद इसे स्वीकृति दी गई।

**कैबिनेट की हुई बैठक :** निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कैबिनेट के निर्णयों की मीडिया को ब्रीफिंग नहीं की गई। साथ ही कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को समान नागरिक संहिता लागू करने की तिथि तय करने के लिए भी अधिकृत कर दिया है। ऐसी संभावना है कि 26 जनवरी से इसे राज्य में लागू किया जा सकता है। शेष पेज 08 पर

**26 जनवरी से हो सकती है लागू**



### नियमावली के मुख्य बिंदु

- ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कर सकेंगे पंजीकरण के लिए आवेदन।
- जहां इंटरनेट सुविधा नहीं, वहां सीएचसी के एजेंट घर-घर देंगे सुविधा।
- आधार कार्ड के आधार पर करा सकेंगे पंजीकरण।
- पोर्टल के माध्यम से भी की जा सकेंगी शिकायत।
- विवाह विच्छेदन की सभी प्रकार की सूचना के लिए 60 दिन का समय तय।
- लिव-इन में रहने वालों को एक माह के भीतर पंजीकरण कराना होगा अनिवार्य।
- पंचायत, पालिका व निगम स्तर पर उप रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार को किया जायेगा तैनात

## झारखंड आंदोलनकारी का डोभा में मिला शव, हत्या की आशंका

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा से दशकों तक जुड़े रहे और झारखंड आंदोलनकारी उमेश महतो की मौत हो गई है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धनयडीह गांव स्थित डोभा से उनकी लाश को बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

**पुत्र ने हत्या की जताई आशंका :** इस घटना को लेकर मृतक उमेश महतो के बेटे रवींद्र प्रसाद वर्मा ने अपने पिता की हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि उनके पिता की जमीन को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। उन्होंने कहा कि वो अपनी गाड़ी से सुल्तानगंज गए हुए थे, इसी बीच एक रिश्तेदार ने खबर दी कि उनके की लाश डोभा में मिली है।



रवींद्र वर्मा ने आगे बताया कि उनके पिता झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और सरपंच भी रह चुके हैं। झारखंड अलग राज्य को लेकर हुए आंदोलन में भी उन्होंने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। 2019 का चुनाव गिरिडीह प्रखंड पश्चिम भाग में उनके पिता के ही नेतृत्व में लड़ा गया था। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### पुलिस ने बालू लदा हाईवा को किया जब्त

**इटकी।** थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग स्थित मलार पुल के निकट पुलिस ने अवैध बालू लदे एक हाईवा को जब्त किया है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में रविवार की रात अवैध उतखनन को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान मलार पुल के समीप रांची गुमला मुख्य पर अवैध बालू से लदा एक हाईवा को जब्त किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के लिए खनन विभाग को जब्ती सूची समिट किया गया है।

### जन शिकायत समाधान शिविर कल

**इटक।** इटकी थाना परिसर में आगामी 22 जनवरी को जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जन शिकायत समाधान में विभाग वरीय पुलिस अधिकारी, सीओ, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने शिविर में आमजनों को शिविर में अपनी शिकायत लेकर पहुंचने की अपील की है ताकि तत्काल उनकी समस्याओं का निष्पादन किया जा सके।

### शाखा प्रबंधक समेत अन्य शाखा कर्मचारी सम्मानित

**सिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय रांची के द्वारा सिल्ली बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक डेविड खलको समेत शाखा के अन्य कर्मचारियों को श्रेष्ठता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।शाखा प्रबंधक डेविड खलको ने बताया कि यह सम्मान उन्हें ग्राहक सेवा प्रदान करने को लेकर बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि विकास, ऋण योजनाओं के साथ ही आवास, वाहन, व्यापार आदि ऋण योजनाओं से शाखा क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के पात्र ग्राहकों को लाभांवित कर आंचलिक कार्यालय रांची के द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा किया गया था। साथ ही उन्होंने शाखा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को बैंकिंग सेवा से जुड़ने की अपील की है।



### आर्मी स्कूल में पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़।** मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ कैंट के तत्वावधान में आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट बच्चों के लिए पोक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिलिट्री हॉस्पिटल के डॉ रेणु गहलोत रॉय ने बच्चों को पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया। बच्चे अपने आप को कैसे प्रोटेक्ट करें और कैसे सुरक्षित रहे और किसी भी घटना को अपनी माता-पिता से अवश्य शेयर करें। पोक्सो एक्ट का उपयोग कैसे करें। इसकी जानकारी दी गई। जिसमें 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन तीन सेशन में किया गया। बच्चे अत्याधिक उत्साहित थे। उन्होंने अनगिनत प्रश्न पूछे। जिनका डॉ रॉय ने बडे सरलता से उत्तर दिया। बच्चे इस टॉपिक से पूरी तरह अनजान थे। उन्होंने इस कार्यशाला से बहुत से जानकारी हासिल की। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल दिव्य सैब और लेफ्टिनेंट कर्नल श्रावणी रॉय ने भी अपने विचार रखें।

### एसपी अमन कुमार ने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को दिए निर्देश, कहा

# अफीम की खेती को नष्ट करने के अभियान में तेजी लाएं अधिकारी

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया है कि वे अफीम की खेती को नष्ट करने के अभियान में तेजी लाएं। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को जमानत पर जेल से बाहर आनेवाले उग्रवादियों नक्सलियों और अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना का भी निर्देश दिया है।

एसपी सोमवार को अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार सबसे अधिक मात्रा में अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। पुलिस के जरिये शुरू से ही ट्रैक्टर से अफीम की खेती को नष्ट करने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1641 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया गया है, जबकि 237 एकड़ क्षेत्रफल में लगी खेती को ग्रामीणों ने स्वेच्छा से नष्ट कर दिया।



#### अब तक 16 लोगों को किया गया गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि 11 दिसंबर 2024 से लेकर 19 जनवरी 2025 तक खूंटी जिले में 1641. 42 एकड़ क्षेत्रफल में लगी अफीम की खेती को पुलिस द्वारा नष्ट किया गया है, जबकि 237 एकड़ खेत की फसल को ग्रामीणों ने स्वयं नष्ट किया। उन्होंने बताया कि अफीम की खेती को लेकर अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि खूंटी थाना क्षेत्र में 227.45 एकड़ मुरहू में 342.11 एकड़, अड़की में 430.69 एकड़, सायको थाना क्षेत्र में 363 एकड़, मारंगहादा में 260.5 एकड़ा और कर्रा थाना क्षेत्र में 17.67 एकड़ अफीम की फसल को नष्ट की गई है। उन्होंने बताया कि अफीम की खेती को लेकर खूंटी थाना क्षेत्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुरहूं में छह, अड़की में पांच, सायको में दो, और मारंगहादा थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

क्राइम मीटिंग के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस के जरिये अफीम की फसल को तो नष्ट किया ही जा रहा है, साथ ही अफीम की फसल से होनेवाली हानि के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न प्रखंडों और थाना क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीण स्वेच्छा से अफीम की खेती को नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जो ग्रामीण अपने खेत में लगी अफीम की फसल को स्वयं नष्ट कर रहे हैं, उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन यदि वे अफीम की खेती को नष्ट नहीं करते हैं और पुलिस द्वारा उसे नष्ट किया जाता है तो खेती करने वाले के साथ ही खेत के मालिक पर भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे जमानत पर जेल से बाहर निकले उग्रवादियों और नक्सलियों पर नजर रखें और उनकी गतिविधियों पर नजरन रखें। बैठक में विभिन्न थानों में लंबित मामलों की भी समीक्षा एसपी ने की और उन मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया। बैठक में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर क्रिकेटर, डीएसपी मुख्यालय के अलावा सभी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक और संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## क्षत्रिय महासभा सिल्ली का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली रामडेरा स्थित मृग पुनर्वास केंद्र के समीप सोमवार को क्षत्रिय महासभा सिल्ली की मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव किया। मंच संचालन भरत देव साय ने किया। मौके पर राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि क्षत्रिय महासभा का विस्तार सिल्ली प्रखंड के हर गांव स्तर तक किया जाना चाहिए। समाज के निर्बल तबके को मदद करने, समाज को एकजुटता के पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा संकट की घड़ी में समाज के लोगों का मदद करना हम सब का कर्तव्य है। यह तभी संभव है जब हम संगठित होंगे। उन्हें सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक जुटता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। समारोह को केशव राय, रमेश सिंह, रामजनम सिंह, गौरीनाथ सिंह, शंकर सिंह, सुभाष सिंह, विंध्याचल राय, उदय राय आदि ने क्षत्रिय एकता, उत्थान, शिक्षा, आपसी समन्वय, प्रकृति संरक्षण और संस्कृति की रक्षा आदि मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस मौके पर सर्वसम्मति से क्षत्रिय महासभा सिल्ली के समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव को अध्यक्ष, सरोज सिंह एवं गुलाब सिंह को उपाध्यक्ष, संजीत सिंह देव को सचिव, रमेश सिंह को सह सचिव, प्रदीप सिंह को कोषाध्यक्ष, विनोद सिंह एवं संदीप सिंह देव को सह कोषाध्यक्ष, नन्द किशोर साय, देव राज सिंह एवं शान राय को मिडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावे 11 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें खुदीराम सिंह, केशव राय, उदय राय, कामदेव सिंह, संतोष राय, बलराम सिंह, गौरीनाथ सिंह, भानु प्रताप सिंह, शंकर प्रसाद साय, रघुनाथ साय, सुभाष सिंह शामिल है। इस मौके पर विश्वनाथ साय, किशोर सिंह देव, पिंकु सिंह देव, कालीचरण सिंह, भोलानाथ साय, भुतुन सिंह, नित्यानंद सिंह, काश्मीर राय आदि उपस्थित थे।

## वर्मा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण



**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** प्रखण्ड के दोवाडू और बंता दक्षिणी पंचायत में सोमवार को प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण ज़िलाध्यक्ष विनय महतो धीरज एवं सदस्यों ने वृद्ध व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदीप वर्मा फाउंडेशन से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए फाउंडेशन द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है। जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। फाउंडेशन सदस्य संजय कुमार महतो ने कहा कि फाउंडेशन हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष भगीरथ महतो ने कहा कि मानव सेवा करना परमधर्म है। इस मौके पर भाजपा सिल्ली अध्यक्ष अम्बुज रजक, सृष्टिधर प्रजापति, बीणा देवी, बिन्देश्वरी देवी, गुलाब महतो,पंकज महतो, हरेंद्र महतो, नरेश महतो, नित्यानंद प्रमाणिक,राजेन्द्र कोईरी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## दानाडीह क्रिकेट मैदान में झारखंड टुसू सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित

▸ टुसू पर्व की संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है : सुकरा मुंडा

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**सोनाहातू।** टुसू पर्व की संस्कृति को बचाये रखने की जरूरत है तथा टुसू मेला सांस्कृति धरोहर है। उक्त बातें सोमवार को सोनाहातू के दानाडीह क्रिकेट मैदान में आयोजित झारखंड टुसू सांस्कृतिक महोत्सव में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुण्डा ने कही।

इन्होंने कहा कि अपने सांस्कृति को बचाये रखने और विकसित करने का माध्यम है टुसू महोत्सव। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो ने कहा कि झारखण्ड टुसू



मेला को हमारी शान है इससे बढ़-चढ़ कर हमलोगों को विकसित करने की जरूरत है।मेले के माध्यम से ही आपसी प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ाया मिलता है।इस दौरान दर्जनों चौड़ल दल महोत्सव में अपने कला का प्रदर्शन किये। महोत्सव में पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुण्डा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो,वरिष्ट नेता श्याम कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट चौड़ल दल रूगड़ी पंडाडीह सोनाहातु को नगद राशि 5001 रू0 पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं दुसरा पुरस्कार 3001 रू. ऊपर बादला तमाड़, तीसरा पुरस्कार 2001 रुपए पंडाडीह सोनाहातु को नगद राशि पुरस्कृत कर मुखिया सविता देवी ,पंसस रायमनी देवी, खेत्रमोहन सिंह मुण्डा द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। मेले में सभी चौड़ल दलों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा जाड़ेया, कुदाडीह, बैरसालडीह,और सुमानडीह को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में विजेता टीम गोमेयाडीह को 6001 रू. तथा उपविजेता टीम को 4001 रू. अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया सविता देवी, पंचायत समिति सदस्य रायमनी देवी, श्याम कुमार महतो,सुषेण प्रमाणिक, खेत्रमोहन सिंह मुण्डा, बीणापानी देवी, जीवाधन सिंह मुण्डा,आदि मौजूद थे।मेले को सफल बनाने मे विश्वनाथ महतो, राजकिशोर महतो, युगल किशोर सिंह मुण्डा, उपेन महतो, विपिन पाल, राजेश महतो, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत विचार गोष्ठी आयोजित

### भारत दुनिया में लोकतंत्र की जननी : अनन्त ओझा

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** दुसाध मोहल्ला स्थित पासवान धर्मशाला में सोमवार को संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम से पूर्व अंबेडकर पार्क में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए पूर्व विधायक अनन्त ओझा और जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने संविधान के लिए बाबा साहेब के योगदान के लिए उनका आभार जताया । वहीं, पासवान धर्मशाला में कार्यक्रम की शुरूआत संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के छत्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन कर तथा वंदे मातरम गीत गायकर किया गया। गोष्ठी में संविधान गौरव अभियान पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक



अनन्त ओझा ने कहा की 26 जनवरी 1950 को संपूर्ण देश में संविधान लागू किया गया तब से अब तक हमारा संविधान 75 वर्ष का हो गया है। कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत में संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है ।उन्होंने कहा की जिस संविधान को बचाने कि बात कांग्रेस करतीं है वो अपने वर्षों तक के शासन के दौरान बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को अपमानित करती रहीं है। 1952 में बाबा साहेब अंबेडकर चुनाव नहीं जीते इसके लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए गए । अपने 60 साल के शासन में कांग्रेस ने 75 संविधान संशोधन कर अपने अनुरूप कानून बनाया । 1975 में संविधान की हत्या करने वाली कांग्रेस आज किस मुख से संविधान की रक्षा कि बात कर रही है । कहा सत्ता में रहने वाली कांग्रेस और सत्ता से बाहर रहने वाली कांग्रेस की दोहरी नीति को समझने कि जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करते हुए दलित, आदिवासी ,पिछड़े और महिलाओं को सशक्त करने वाली योजना बनाकर उसे साकार किया गया है।सबका साथ सबका विकास के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया गया है। आज भारत विश्व की सबसे शक्तिशाली देशों में सुमार है। वहीं, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के विराट व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते हुए अपने बहुमुखी प्रतिभा से विश्व को चकित किया। गोष्ठी में वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार, विनोद कुमार, प्रो पूर्णकांत ठाकुर, दिलीप कुमार ने भी अपने विचार रखे। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने दिया एवं संचालन कार्यक्रम संयोजक रंजन फौजी ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रो पूर्णकांत ठाकुर ने किया।

### रामगढ़ में पांच पदाधिकारियों का हुआ तबादला

**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने सोमवार को जिले के पांच पदाधिकारियों का तबादला किया है। जारी सूची के अनुसार पुलिस केंद्र में मौजूद इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू को कोर्ट प्रभारी बनाया गया है। इसीप्रकार पुलिस केंद्र में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर संजय कुमार रजक को अभियोजन कोषांग प्रभारी, रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार को गोला थाना, पुलिस केंद्र में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर भूतनाथ सिंह मुंडा को रामगढ़ थाना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापित एएसआई सुखलाल राम को सीपीएमएस शाखा प्रभारी और रामगढ़ थाने में पदस्थापित एएसआई राजीव रंजन को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में पदस्थापित किया गया है।

### मजदूर और संवदेक के बीच मजदूरी के मामले का मध्यक्षता कर निकाला जायेगा समाधान : बीडीओ

**इटकी।** इटकी एफसीआई गोदाम के पल्लेदार मजदूरों का आठवें दिन सोमवार को भी आदोलन जारी रहा। झारखण्ड खादय निगम के सवेंदक द्वारा ट्रकों से भेजी गई चावल गेहूं को अनलोडिंग कार्य को पूर्णत:बंद कर रखा है। बीडीओ प्रवीण कुमार से पुछे जाने पर बताया कि मजदूरों और निगम के संवेदक की बीच मजदूरी को लेकर चल रही मामला को जल्द मध्यक्षता कर समाधान किया जायेगा। सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरों की मजदूरी दिलाने पर विभागीय कार्रवाई पर पहल की जायेगी। बता दे इटकी एफसीआई गोदाम कार्यरत मोटिया मजदूरों ने अपनी न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर पिछले दिनों से आदोलनरत है ।गोदाम में गेहूं चावल लेकर अनलोड करने पहुंचे ट्रकों से खाद्यान को मजदूरों ने अनलोडिंग कार्य को बंद कर रखा है। अधिकृत जानकारी के अनुसार निगम के सवेदक मजदूरों को प्रति बोरा साढ़े छह रुपया की दर से गेहूं चावल अनलोडिंग देने की बात कही है जबकि मजदूरों ने 8.50 रुपया न्यूनतम मजदूरी की मांग पर अड़े है।

### स्वास्थ्य मेला में 250 लोगों ने कराई जांच



**सोनाहातू।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा सोनाहातू सीएचसी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित महतो जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा,प्रमुख विक्टोरिया देवी, बीडीओ खगेश कुमार, उप प्रमुख सविता देवी,चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा,मुखिया विकास सिंह मुंडा,मुखिया सविता देवी ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर किये। मेला में लोगों के लिए निशुल्क जांच सहित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन परामर्श,त्वचा जांच, टीवी नियंत्रण,ओर कैंसर जागरूकता , मलेरिया ओर फाइलेरिया जांच ,वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच व परामर्श, पोषण परामर्श, सहित आंख ओर मोतियाबिंद जांच, किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्श का स्टॉल लगाया गया। 250 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। स्वास्थ्य मेला को डॉ कालाचंद सिंह मुंडा, डॉ पूनम मिंज ,डॉ बीना प्रसाद, डॉ अरुण कुमार, डॉ सौरभ डॉ पीयूष पाठक, विनोद कुमार राधेश सिंह, डॉ अरुण तिग्गा ,डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ विभा, ओर सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी का योगदान रहा। आवश्यकता अनुसार सभी को दवा भी दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्ण मुंडा, सहित काफी संख्या में लोग स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### रजत वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन कल

**रामगढ़।** राधा गोविंद शिक्षा-स्वास्थ्य ट्रस्ट रामगढ़ द्वारा संचालित राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की स्थापना 12 जनवरी 2000 को हुई थीं ।सोमवार को प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी गई ।विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन विद्यालय के प्रांगण में 22 जनवरी 2025 को अपराह्न 3:00 बजे से होना सुनिश्चित है। समारोह के उदघाट्नकर्ता विधायक ममता देवी और मुख्य अतिथि उपायुक्त चंदन कुमार सहित गणमान्य अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति में सुसंपन्न होगा। स्कूल का रजतवर्ष वार्षिकोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण लघु भारत का दिव्य स्वरूप दिखेगा। स्कूल के होनहार एवं कलाओं से परिपूर्ण विद्यार्थियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। देश के प्रमुख राज्यों के लोकनृत्य, गीत-संगीत, लघु नाटक की मनमोहक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगा। 25 वर्षों के लंबे कालखंड के दौरान विद्यालय की उपलब्धि गौरवपूर्ण रहा हैं। यहां से उत्तीर्ण एवं सफल छात्र-छात्राओं सरकारी एवं गैर सरकारी सेवा में योगदान देकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे हैं।

# दुलमी बाजारटांड़ में प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

### दुलमी प्रखंड में जल्द बहाल होगी सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधा, प्रखंड को मिलेंगे सरकारी चिकित्सक : ममता देवी

**प्रात:नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** दुलमी बाजार टांड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन सोमवार को किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी राजकुमार चौधरी दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। यह स्वास्थ्य मेला इसी दिशा



में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोगों को न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देगा बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करेगा। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें प्रमुख रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्त परीक्षण, नेत्र परीक्षण, दंत चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य परामर्श, तथा महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं शामिल थीं। साथ ही विभिन्न रोगों की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। मेले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए कई सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें पौष्टिक आहार, स्वच्छता, टीकाकरण, और विभिन्न रोगों से बचाव के उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। स्थानीय निवासियों ने इन सेवाओं का बड़े उत्साह के साथ लाभ उठाया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधायक ममता देवी ने स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन, और सभी सहयोगियों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह स्वास्थ्य मेला स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिसने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की। मौके पर डॉ राधिका सिंह, डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह,डॉ कोमल किशलया, डॉ अतिकुर रहमान, डॉ लक्ष्मी कश्यप, डॉ मानश,डॉ चंदन कुमार, डॉ रविन्द्र कुमार, डॉ पिंकी रानी, अकमल अंसारी, सीएचओ रुपा कुमारी, वीणा कुमारी, सरोज केरक ट्टा, योगेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, युगल किशोर महतो आदि उपस्थित थे।

# नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन यथाशीघ्र हो : मंत्री



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत झारखंड के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाय। इसके लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाय। वहीं, नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाय।

मंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय समेत सारे आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**जरूरतमंदों को योजना से जोड़े**

बैठक में चमरा लिंडा ने विगत वर्षों में वितरित किए गए स्वरोजगार ऋण से संबंधित कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में इसमें तेज गति से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना से लाभान्वित लाभुकों की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेते हुए अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ने का आदेश दिया। साथ ही, जिला द्वारा वितरित ऋण के विरुद्ध ससमय ऋण का वितरण किया जा रहा है या नहीं, इससे संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया।

**प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश**

चमरा लिंडा ने अधिकारियों को आदेश दिया कि जो लाभुक व्यवसाय करने के लिए बड़े वाहन ले रहे हों उन्हें ही वाहन ऋण उपलब्ध कराया जाए। अक्सर ऐसा देखा जा रहा है बड़ी संख्या में वाहन ऋण योजना के लाभुक जो बड़े वाहन ले रहे हैं, वे व्यवसाय से संबंधित नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि जो वाहन व्यवसाय से संबंधित हो, वही उपलब्ध कराई जाए। अगर इससे संबंधित संकल्प में संशोधन की आवश्यकता हो तो यथाशीघ्र इसे करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

# रांची उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर दिए दिशा-निर्देश




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2025) समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, रांची में विभागीय झांकी प्रदर्शित किये जाने से संबंधित बैठक करते हुए तमाम तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता, रांची, रामनारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग रांची, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, रांची, उर्वशी पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी रांची, रामशंकर सिंह एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2025) समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, रांची में झारखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं / नीतियों पर आधारित तथा झारखण्ड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परम्परा एवं धरोहर को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का प्रदर्शन झारखण्ड सरकार के कुल 11 (ग्यारह) विभागों द्वारा किया जा रहा है।

(1) वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
(2) ग्रामीण विकास विभाग
(3) गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
(4) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(5) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(6) सूचना एवं जन संपर्क विभाग
(7) पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग
(8) स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
(9) खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
(10) परिवहन विभाग
(11) महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

जिसपर उपायुक्त द्वारा विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन से संबंधित बनाये गये नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कई निर्देश देते हुए गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2025) समारोह के अवसर पर प्रदर्शित किये जाने वाले झांकी से सम्बंधित दिशा निर्देश दिया।

# रांची विवि के पुरुषोत्तम कुमार कर्तव्य पथ पर तिरंगे को देंगे सलामी



❑ रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के हैं एनएसएस के टीम लीडर

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के एनएसएस के टीम लीडर पुरुषोत्तम कुमार का चयन नई दिल्ली के कर्तव्य पथ (राजपथ) गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि के रूप में हुआ है। वे 26 जनवरी को तिरंगे को सलामी देंगे। पूरे देश से एनएसएस के 200 स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में किया गया है।

इस उपलब्धि पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि श्री कुमार ने पूरे विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ाया है। कर्तव्य पथ पर तिरंगे की सलामी देना गर्व की बात है। उन्होंने बधाई एवं शुभकामाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

पुरुषोत्तम कुमार के साथ उनकी माता आशा देवी को भी आमंत्रित किया गया है।

रांची विश्वविद्यालय की विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमर कुमार चौधरी एवं एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होना गर्व की बात है। विश्वविद्यालय के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे अनेकों एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रेरणा मिलेगी।

पुरुषोत्तम का चयन होने पर आरयू के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलानुशासक डॉ एमसी मेहता, डीआर डॉ प्रीतम कुमार, कुलसचिव डॉ गुरु चरण साहू, परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार सहित कई पदधारियों ने बधाई दी।

# रांची में झामुमो का सदस्यता अभियान शुरू



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक के समीप सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस दौरान कई नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सदस्यता अभियान कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व में चलाया गया।

इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संगठन से जन-जन को जोड़ने का लक्ष्य है। झामुमो रांची जिला के जरिये सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और काफी संख्या मे लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसके बाद पार्टी कार्यकताओं के जरिये महानगर के वार्डों और प्रखंड एवं पंचायतों मे सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिस प्रकार से लोगों में पार्टी में जुड़ने का उत्साह है उससे हमें लगता है कि रांची जिला अपने पांच लाख नए सदस्य का लक्ष्य और पूरे राज्य में 50 लाख से भी ज्यादा नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को हम जरूर पूरा करेंगे।

इस दौरान झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि आज हमलोग झामुमो रांची जिला के तत्वावधान मे यहां सदस्यता अभियान की शुरूआत कर रहे हैं। पार्टी के अधिवेशन से पहले सदस्य बनाने का एक लक्ष्य रहता है और जल्द ही पार्टी का अधिवेशन होने वाला है। इसी क्रम में रांची जिले में भी नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। आज के सदस्यता अभियान में यहां अल्बर्ट एक्का चौक रांची में अबतक 1200 सौ नए सदस्य बन चुके हैं, जो कि रांची जिले के लिए उपलब्धि है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। सरकार की योजनाओं से भी विशेष रूप से महिलाएं प्रभावित हैं और पार्टी से जुड़ रही हैं।

सदस्यता अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, संयोजक मंडली के सदस्य साथ ही रांची महानगर के जीत गुप्ता, अजीत नायक एवं सभी स्तर के नेता और कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राज्य की गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य : राजीव

**रांची।** झारखंड गो सेवा आयोग की बैठक सोमवार को रांची स्थित पशुपालन भवन में हुई। इस दौरान निबंधित गोशालाओं को समृद्ध बनाने के दृष्टिकोण से उनके लंबित आधारभूत संरचना मद एवं पोषित गोमाताओं के भरण-पोषण के लिए कुल एक करोड़ पचीस लाख पचहत्तर हजार रुपये का चेक राज्य की गोशालाओं को वितरित किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि राज्य की गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। इसी कड़ी में गोशालाओं को आधारभूत संरचना मद में राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि पूर्व की सरकार के नेक इरादों की बदौलत आज झारखंड तरक्की की राह पर अग्रसर है। पिछले एक दशक में पूर्व की सरकार ने झारखंड की गोशालाओं की जो अनदेखी की है उसे वर्तमान की सरकार पूरा कर रही है, जिसका परिणाम है कि विगत एक वर्ष में तीन करोड़ से भी अधिक की मदद कर गोशालाओं को सशक्त बनाया गया है।

# सेन्टेवीटा अस्पताल में मोटापे का इलाज शुरू




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मोटापे से परेशान लोगों के लिए सेन्टेवीटा अस्पताल में समाधान है। अस्पटताल में विशेषज्ञ डॉ. निरुपम सिन्हा ने अत्याधुनिक बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जरी ओपीडी की शुरूआत की है।

डॉ सिन्हार ने बताया कि बैरिएट्रिक सर्जरी मोटापे के इलाज का एक स्थायी और प्रभावी समाधान है। यह ना केवल शरीर के अतिरिक्त वजन को कम करती है, बल्कि टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, और जोड़ों के दर्द जैसी गंभीर समस्याओं में भी सुधार करती है।

बैरिएट्रिक सर्जरी गैस्ट्रिक बाईपास, स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी, सर्जिकल एवं नन सर्जिकल वेट मैनेजमेंट जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से की जाती है। इसका उद्देश्य वजन घटाने के साथ-साथ शरीर की चयापचय प्रक्रियाओं को सुधारना और बेहतर स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करना होता है।

डॉ सिन्हाय ने बताया कि बैरिएट्रिक सर्जरी मोटापे से संबंधित लंबे समय तक चलने वाले खर्चे को कम करती है। यह मोटापे को रोकने एवं उसके उपचार के लिए कम खर्चे के साथ लाभदायक भी है। इस सर्जरी का उद्देश्य मोटापे को एक पुरानी बीमारी के रूप में स्वीकार कर इसके इलाज के महत्व को जागरूक करना है।

गैस्ट्रीक बायपास, स्लीव गैस्ट्रेक्टोमी, स्लीव प्लस की प्रक्रियाएं इंस्टागैस्ट्रीक बलून (नन-सर्जिकल प्रक्रिया) आदि सारी चिकित्सिय प्रक्रियाएं डॉ निरूपम द्वारा किया जाता है। डॉ निरूपम को 3 हजार से भी ज्यादा बैरिएट्रिक सर्जरी करने का अनुभव है।

# शिबू सोरेन ने मिथिला पंचांग का किया लोकार्पण




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मिथिलांचलवासियों की समाजिक-सांस्कृतिक संस्था 'मचान उत्कर्ष फाउंडेशन' द्वारा प्रकाशित मिथिला पंचांग-2025 का लोकार्पण राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने किया। उन्होंने राज्य में प्रवास कर रहे मिथिलांचवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं संप्रेषित की।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भारतेन्दु झा ने दिशोम गुरु का अभिनंदन मिथिला के पारम्परिक पाग एवं दोपटा से किया। साथ ही, उन्हें मिथिला पेंटिंग भी प्रदान की। इस अवसर पर ब्रजकुमार झा एवं नर्मदेश्वर झा भी उपस्थित थे।

भारतेंदु झा ने उन्हें बताया कि मचान 'सर्वभाषा उन्नयन' की भावना से कार्य करने वाली संस्था है, जो भाषाओं के संवर्धन एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उनके स्वस्थ एवं दीर्घ आयु की मंगलकामना करता है।

इस वर्ष पंचाग में मैथिली कवि विद्यापति, मिथिला स्वर कोकिला पद्मभूषण सम्मानित स्व. शारदा सिन्हा, पूर्व सांसद स्व प्रभात झा, देवघर बाबा धाम के पूर्व ट्रस्टी एवं राजनीतिज्ञ स्व. कृष्णानन्द झा, शिक्षा प्रशाशक स्व. पशुपति झा एवं समाजसेवी स्व. तारकान्त ठाकुर का छाया चित्र प्रकाशित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई है।

पंचांग में वर्ष भर के व्रत, त्योहार एवं महापुरुषों की जयंती की जानकारी दी गयी है। मिथिलांचलवासी इस पंचाग से विवाह, द्विरागमन, मुण्डन, उपनयन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, एकादशीव्रतोद्यापन, भदवा (पंचक) इत्यादि की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रदेश भाजपा ने कीं संविधान गौरव अभियान के तहत जिलों में गोष्ठियां

**रांची।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के तहत सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, लातेहार में विधायक नवीन जायसवाल, रामगढ़ में पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया।

अभियान के सह संयोजक राकेश भास्कर के मुताबिक, 21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे। 22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्य वक्ता होंगे जबकि गुमला जिले की गोष्ठी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव और पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में शशांक राज मुख्य वक्ता होंगे।

इसी तरह 23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिले की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे। 24 जनवरी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बोकारो में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरुप्रकाश पासवान रांची महानगर, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास चाईबासा, खूंटी में समीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय जमशेदपुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद गोड्डा में, पूर्व विधायक बिरची नारायण साहेबगंज में, विधायक राज सिन्हा पाकुड़ में कोडरमा में विधायक डॉ मंजू कुमारी गोष्ठी को संबोधित करेंगे।

## संक्षिप्त

### मारवाड़ी युवा मंच ने मंडल 1 के साथ मनायी पिकनिक

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40 वें स्थापना दिवस को वृहत रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर झारखंड प्रांत द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खूंटी शाखा के आतिथ्य में मंडल 1 का मंडलीय पिकनिक आयोजित हुआ, जिसमें सामूहिक रूप से सभी शाखाओं द्वारा पतंग महोत्सव मनाया गया। इसमें समर्पण शाखा की भी भागीदारी रही। इसमें अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ, मीना टाईवाला, संयोजिका कोमल पोद्दार, पायल जैन, कविता जालान, पिंकी शर्मा, रोजी खंडेलवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति के पुन: अध्यक्ष बने रमेश सिंह

**रांची :** सोमवार को श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति, इंद्रपुरी, कृष्णा नगर कॉलोनी, रांची के तत्वाधान में समिति के माननीय अध्यक्ष श्री रमेश सिंह जी की अध्यक्षता में उनके आवास पर एक आम बैठक संपन्न हुई।

बैठक में श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति का नए सिरे से विस्तार किया गया। जिसे समिति के सदस्यों द्वारा पूर्ण सहमति प्राप्त हुई। समिति का विस्तार निम्नलिखित रूप से किया गया।

(1) मुख्य संरक्षक–बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, दीपक प्रकाश, संजय सेठ, आशा लकड़ा, सुदेश महतो
(2) संरक्षक–बिंदु भूषण दुबे, हरविंदर सिंह बेदी, संजीव चौधरी, नंदकिशोर अरोड़ा, विनय कुमार सिंह, राहुल अवस्थी, मिंटू चौबे, सुनीता देवी, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, सुजीत सिंह, विक्की यादव, मृत्युंजय सिंह, नीरज सिंह, विजय कुमार सिंह, महावीर सिंह, विनय राज, मुकेश सिंह।

### करम डहर संस्था ने किया टुसू मेला का आयोजन

**रांची :** करम डहर संस्था के तत्वाधान में नववर्ष सह टुसू मिलन समारोह का आयोजन नगड़ी प्रखंड स्थित मुड़मा मौजा के मोहली बगीचा में किया गया। पुंदाग, मुड़मा, आनी, कुटे एवं टुण्डुल मौजा की महिलाओं द्वारा बनाए गए रंग बिरंगे टुसु की विधिवत पूजा कर मेला की शुरूआत की गई। इसके उपरांत मेला में शामिल सभी अतिथियों एवं गांव के बुजुर्ग जनों को पीला गमछा देकर सम्मानित किया गया। मेला के आयोजकों एवं अतिथियों द्वारा सभी टुसु को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मेला में उपस्थित हटिया विधानसभा के माननीय विधायक नवीन जायसवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि करम डहर ने टुसु मिलन समारोह का आयोजन कर इस क्षेत्र के विस्थापितों को एक मंच पर लाने का काम किया है। विधायक महोदय ने मुड़मा मौजा के मोहली बगीचा स्थित टुसु मेला टांड को विकसित करने के लिए झारखंड सरकार से मांग करने का आश्वासन दिया।

### पत्रकार देवानंद पाठक का निधन, समाज में शोक की लहर

**रांची :** मां उग्रतारा नगर मंदिर सेवायत परिवार के सुरेन्द्र कुमार मिश्र के भांजे और सामाजिक कार्यकर्ता देवानंद पाठक उर्फ बबलू (45) अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका निधन शनिवार की रात टूढामु स्थित आवास पर हो गया। वह लम्बे समय से असाध्य रोग से पीड़ित थे। अपने विनम्र स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रियता के कारण वह समाज में बेहद लोकप्रिय थे। वह हिन्दुस्तान में कार्यरत पत्रकार ललन पांडेय के साले थे। उन्होंने कहा कि देवानंद की कमी जीवनभर खलेगी।

### रांची जिला इकाई की कार्यकारी समिति व स्थायी समिति का गठन

**रांची :** महावीर टावर के समाधान कार्यालय में योगसना स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड द्वारा चयनित पर्यवेक्षक व योगासन झारखण्ड राज्य कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी महोदय के तत्वावधान में रांची जिला इकाई के कार्यकारी समिति व स्थायी समिति का गठन किया गया जिसमे योगसना भारत Reg,no, S/NB/1042/2000 खेल एवंम युवा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त। भारतीय ओलिंपिक संघ के सदस्य। राष्ट्रीय कमिटी के नियमावली के अनुसार योग के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तित्व के संगठन में पदस्थापित किया गया है।

## संक्षिप्त

### शिक्षकों की वार्षिक वेतनवृद्धि एवं सेवा सत्यापन संपन्न

**पलामू।** क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास द्वारा जनवरी में नियुक्ति तिथि अंतर्गत आनेवाले शिक्षकों की वार्षिक वेतनवृद्धि एवं सेवा सत्यापित किया गया। हुसैनाबाद प्रखंड सचिव निर्मल कुमार, वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद व शंकर पासवान ने बुके देकर उन्हेंक सम्मानित किया। शिक्षक अंगद प्रसाद द्वारा स्वरचित पुस्तक भेंट की। अजाप्टा हुसैनाबाद के अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों के साथ खड़े रहते हैं। प्रतिवर्ष सामूहिक रूप से जुलाई व जनवरी माह में यह कार्य कराते रहे हैं।

### गजराज के आतंक से विद्यालय समेत एक दर्जन घर ध्वस्त

**गारू/लातेहार** : पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी क्षेत्र और लातेहार वन प्रमंडल के सीमावर्ती क्षेत्रों में हाथियों का आतंक बढ़ गया है। रविवार की रात में हाथियों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय समेत लगभग एक दर्जन घरों को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों के घरों में अनाज चट करने के साथ-साथ उन्होंने घरों को भी तोड़ दिया। इस घटना में शंकर उरांव, जगमनिया देवी, संत्री देवी, चमन उरांव, लुसिया तिर्की सहित कई लोगों के घर प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने किसी तरह से अपनी और अपने परिवार की जान बचायी है।

### जमीन विवाद में गोलीबारी, कारोबारी गम्भीर रूप से घायल

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित दुरुआ में सोमवार को जमीन विवाद के चलते हुई गोलीबारी में जमीन कारोबारी सदाकत अंसारी गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद उन्हें तुरंत लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, दुरुआ निवासी सदाकत अंसारी ने स्टेशन निवासी शर्मा परिवार से जमीन खरीदी थी। इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। सोमवार को सदाकत अंसारी और शर्मा परिवार के बीच इसी विवाद को लेकर फिर से झगड़ा हुआ।

### दारू में आज आयोजित होगा प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला

**दारू** : दारू प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दारू में होगा, जहां स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स पर स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और उपचार की मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि इस मेले में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। इसमें आंखों की जांच, दांतों का उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। कैंसर से संबंधित रोगियों को विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा, ताकि समय रहते रोग का निदान किया जा सके। इसके अलावा 30 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों के लिए शुगर की जांच और उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान





**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में इन दिनों अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुधा डायरी के समीप सड़क किनारे अतिक्रमण कर बसे दुकानदारों को हटाया गया हैं। यह अभियान 16, 17 और 20 जनवरी को चलाया गया है, जिसमें क्षेत्र में बसे दुकानदारों को जमीन दोष कर दिया गया है। वही आदित्यपुर क्षेत्र स्थित सुधा डेयरी के समीप कुछ युवाओं द्वारा विरोध भी किया गया था। जहां जिला प्रशासन द्वारा सूझबूझ से काम करते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखा गया।

हालांकि इसको लेकर जिला प्रशासन के प्रति दुकानदार और स्थानीय युवा में नाराजगी भी देखी गई। बता दे कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सड़क किनारे बसे दुकानदारों को नोटिस देकर दुकान हटाने का आश्वासन भी दिया गया था। जिसमें भारी व हल्के वाहनों की आवागमन को सुगम बनाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित चिन्हित स्थलों से सभी दुकानदारों को हटा दिया गया है।

**गरीब दुकानदारों के आंसू पोछने की जगह सेकी जा रही है राजनीतिक रोटी**

नगर निगम क्षेत्र में जहां दुकानदार अपनी दुख और पीड़ा से उबर पर नहीं रहे हैं वहीं कुछ समाजसेवी एवं स्थानीय नेता अपनी राजनीति रोटी सैकने में लगे हुए हैं। कुछ महीनो बाद ही नगर निगम क्षेत्र में चुनाव होने वाला है जिसे लेकर स्थानीय समाजसेवी गरीब जनता के जज्बातों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ।

**3 दिन का था अतिक्रमण हटाओ अभियान**

आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में तीन दिन का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से अतिक्रमण हटा भी दिया गया है वहीं अतिक्रमण हटने के बाद कुछ राजनेता अपने झूठे आश्वासन देकर गरीब जनता के आंसू के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अतिक्रमण हटाओं अभियान अगर रुकवाना ही था तो 16 तारीख को ही रुकवा सकते थे मगर तीन दिनों तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान किसी भी नेता के पहल पर नहीं रोका गया।

इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने जानकारी दी कि तीन दिनों का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जितने क्षेत्र से हटाना था उन सभी को हटा दिया गया है।

वही अंचल पदाधिकारी ने कहा कि चिन्हित स्थलों को 3 दिन के अभियान में अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है, ऐसी किसी भी तरह की अतिक्रमण हटाओं अभियान रोकने का निर्देश नहीं दिया गया है।

## जायंट्स पद प्रतिष्ठापन समारोह में नवनिर्वाचित पदधारियों ने ली शपथ




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** जायंट्स पद प्रतिष्ठापन समारोह कार्यक्रम में जायंट्स गढ़वा, जायंट्स आस्था, जायंट्स सहेली, यंग जायंट्स गढ़वा के नव निर्वाचित पदधारी, अध्यक्ष, सचिव, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय एवं डाल्टनगंज जायंट्स सतीश जोरीहार ने मेडिकल ऑफिसर डॉ अभिनीत विश्वास एवं अनूप शर्मा को जायंट्स इंटरनेशनल प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम ज्ञानी केतन स्कूल में रविवार को हुआ।

डाल्टनगंज जायंट्स सतीश जोरीहार ने सभी नव निर्वाचित पदधारी व सदस्यों को शपथ दिलाई। इसमें जायंट्स आस्था अध्यक्ष पद के लिए विराट राजा विश्वास, सचिव के लिए वेद प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ आलोक कश्यप, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ अशोक सोनी, डॉ आशीष कुमार, डॉ अभिनीत विश्वास, निदेशक राजेश सोनी, अनूप शर्मा को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष उत्तम जायसवाल, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ अशोक सोनी, डॉ अभिनीत विश्वास, निदेशक राजेश सोनी, अनूप शर्मा, सभी जायंट्स आस्था टीम, समाजसेवी उमेश कश्यप, डॉ पतंजलि कुमार केशरी, शौकत खान इत्यादि लोग मौके पर उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 1 से 31 जनवरी तक लोगों को हिट एंड रन स्कीयम और गूड समेरियटन के बारे में जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा माह में भीड़ भाड़ वाले हाट बाजार को चिन्हित कर विभिन्न प्रकार से लोगों में जागरुकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। सभी को हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी के बारे में जानकारी दी जा रही है। नुक्कडड़ नाटक के माध्यजम से लोगों बताया गया कि गोल्डन हावर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं। पुलिस कभी भी किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है। पुलिस और अस्पताल अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती हैं। किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रियाओं से मुक्त रहेंगे। गुड समेरिटन पॉलिसी के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर 2000 से 5000 रुपये तक से सम्मानित किया जाता है। प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। लोगों से कहा गया कि हेलमेट हमेशा पहन कर चलें। दूसरों को भी प्रेरित करें। इससे आने वाली दुर्घटना को टाल सकते हैं। दुर्घटना में सिर ही वैसा अंग है, जिसका इलाज संभव नहीं है। इसलिए अपने सिर को बचाने के लिए जब भी गाड़ी को चलाने या बैठने का मौका मिले, तब हेलमेट का उपयोग करने में बहाना नहीं बनाएं।



### धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आती है सुख व समृद्धि : बैद्यनाथ

**लातेहार।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक व अध्याात्मिक आयोजनो से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। आज के इस भौतिकवाद युग में अध्याइत्मयक व धार्मिक आयोजनों से समाज में समसरता आती है। पूर्व मंत्री श्री राम सोमवार को शहर के बाजारटांड़ के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में स्थामपित श्री शनि देव मंदिर के पांचवें वार्षिकोत्सनव पर आयोजित भंडारा के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होवने कहा कि श्री शनि देव मंदिर की प्रतिष्ठाक दूर दूर तक है। यही कारण है कि भंडारे मे काफी संख्यों में लोग पहुंचे हैं और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। पूर्व मंत्री श्री राम ने दीप प्रज्जयवलित कर और फीता काट कर भंडारा का आयोजन किया। इससे पहले पंडित अनिल मिश्रा के द्वारा हवन व पूणाहुति करायी गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज पांडेय सप्तानीक मौजूद थे। मौके पर श्री शनिदेव मंदिर के अध्य क्ष निर्मल कुमार महलका, राजधनी प्रसाद यादव, प्रमोद प्रसाद सिंह, समाज सेवी मुरारी प्रसाद, ,विनोद कुमार महलका, महेंद्र प्रसाद गुप्ताै, सुशील कुमार अग्रवाल,संतोष कुमार अग्रवाल, राजू अग्रवाल, विजय प्रसाद गुप्तात, मानस कुमार, सुभाष प्रसाद गुप्ताग, चंद्रशेखर सिन्हा,, रंजीत कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## संघ की बैठक में शिक्षकों के प्रमोशन पर चर्चा, डीएसई से मिलने का निर्णय



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक जिला संघ भवन में हुई। जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने इसकी अध्यक्षता की। संयुक्त सचिव अजीत तिर्की ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए मुद्दों की जानकारी दी। मौके पर लंबित प्रोन्नति, गणतंत्र दिवस, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह की सांगठनिक विदाई पर चर्चा की गई। वार्षिक आय व्यय एवं पूर्व में लिए गए सांगठनिक निर्णयों का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में सिमडेगा जिले में प्रमोशन का कार्य प्रगति पर है। दावा-आपत्ति की समय सीमा समाप्त हो गई है। अतः संगठन ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मांग की कि शिक्षकों के द्वारा दिए गए सभी प्रकार की आपत्तियों की गहन जांच के बाद इनका न्याय संगत निराकरण करते हुए प्रमोशन देने का कार्य अविलंब करे।

श्री शर्मा ने कहा कि अविलंब जिला शिक्षा अधीक्षक से 21 जनवरी को मिलकर जिले के शिक्षकों को न्याय संगत प्रमोशन देने की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ प्रमोशन के खिलाफ कभी नहीं रहा है। संघ हमेशा न्याय प्रिय प्रमोशन की मांग करता है।

उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने जिला संघ भवन में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसमें मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बसंत सिंह होंगे। अंत में कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार के द्वारा वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। जिला प्रवक्ता फुलेंदर साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

मौके पर अमर कुमार सिंह, सुबोध कुमार, फुलेंदर साहू, नौशाद परवेज, बसंत नारायण, मृगेंद्र कुमार, संजय बड़ाइक, फिरनाथ मांझी, संजय वर्मा, महेंद्र उरांव, संदीप सिंह, वीरमल महतो, पवन दास, सरोज राय, ज्योति सोरेंग, रोहित कुमार, अविनाश कुमार, सुमित सिन्हा, उपेंद्र कुमार, अरविंद बा, ज्योति सोरेंग, ज्योति मुकुट मनी, बालमदीन टोप्पो, दीप्ति रानी दत्ता, फिरनाथ मांझी, राकेश कुमार, रामचंद्र नायक, सतीश कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## दो लाख के इनामी भाकपा माओवादी के घर पहुंचे पुलिस अधीक्षक



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) 2 लाख के इनामी भाकपा माओवादी के घर सोमवार को पहुंचे। दोनों पुलिस पदाधिकारी डंडई थाना क्षेत्र के ग्राम लवाही कला स्थित भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर राजू भुईयां के घर पहुंचकर उनकी पत्नी और मां से बातचीत की। झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी।

राजू भुईयां की पत्नी एवं मां द्वारा आश्वासन दिया गया कि राजू भुईयां को आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित करेंगे। निकट भविष्य में आत्मसमर्पण कराएंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी मां और पत्नी को आत्मसमर्पण नीति के लाभ के बारे में बताया गया। उनकी आवश्यकता या समस्या की जानकारी ली। उनकी जरूरतों को पूर्ण करने और समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया।

## क्रॉस कंपनी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन

### यूनिट एक को हराकर यूनिट चार की टीम हुई विजेता

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** क्रॉस कंपनी के द्वारा क्रिकेट टूनामेंट मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन कंपनी के एच आर डीजीएम विनोद आर्या के नेतृत्व में हुआ जिसमें कंपनी के चार ग्रुप शामिल थे। हालांकि फाइनल मैच में क्रॉस यूनिट 4 और यूनिट 1 की भूमिका रही जिसमें यूनिट 4 विजेता हुआ।

उत्साह बढ़ाने के लिया मैच में शामिल एम डी सुधीर राय, डायरेक्टर सुमित राय टीम रिव्यू राय, संजीव,आकांक्षा, रूसी,पीयूष,अंपायर कर रहे आर प्रधान, आर रोशन शामिल थे। विजेता टीम को डायरेक्ट सुमित राय ने पुरस्कार वितरण कर




लोगों में उत्साह जगाया उन्होंने बताया कि खेल से मानसिक संतुलन बरकरार रहता है हमारा प्रयास रहेगा की आगे भी इस तरह का क्रिकेट टूनामेंट मैच लगातार हो।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत चला जागरूकता कार्यक्रम

**लातेहार** : सड़क सुरक्षा माह परवाह के 20वें दिन सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के होंडा शोरूम, साहू ऑटोमोबाइल, रॉयल एनफील्ड ऑटोमोबाइल, और पूजा टीवीएस ऑटोमोबाइल के कर्मचारियों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर शोरूम मालिकों को निर्देश दिया गया कि नई गाड़ी के साथ हेलमेट अनिवार्य रूप से ग्राहकों को प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा, हिट एंड रन मामलों में जागरूकता, नेक नागरिकता, और यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान सभी कर्मचारियों और उपस्थित लोगों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली और जिम्मेदारीपूर्ण ड्राइविंग का वचन दिया।

# अफीम की अवैध खेती की रोकथाम के लिए कोल्हान प्रमंडलस्तरीय हुई समीक्षा बैठक

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला** : अवैध अफीम की खेती के विनष्टीकरण एवं रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को कोल्हान प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आईबी भवन खरसावां में संपन्न हुई। करीब दो घंटे चले इस मैराथन बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी ने की।

बैठक में कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, सरायकेला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, चाईबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत, चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर, पोड़ाहाट डीएफओ नीतीश कुमार सहित दोनों जिलों के तमाम पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केसरी ने बताया कि दोनों जिलों में अवैध अफीम की खेती को लेकर किया जा रहे कार्य कुछ संतोषजनक रहे। इसमें और तेजी लाने की कही गई। इसको लेकर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों जिलों में अब तक 50% से अधिक अवैध अफीम के खेती के विरुद्ध सफलता हासिल हो चुकी है। 15 फरवरी तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ताकि दोनों जिलों में हो रहे अवैध अफीम की खेती को पूर्ण




रूप से समाप्त किया जा सके। वही जोनल आईजी अखिलेश झा ने भी दोनों जिलों में अवैध अफीम की खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर संतुष्टि जताई।

उन्होंने कहा कि दोनों जिलों के एसपी, डीएसपी सहित तमाम पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को 15 फरवरी तक संबंधित थाना क्षेत्र से अवैध अफीम की खेती को समाप्त करने का निर्देश दिया गया है। उसके बाद भी यदि कहीं से अवैध अफीम की खेती होने की सूचना प्राप्त होती है तो वैसे पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं आईजी ने अवैध अफीम की खेती से जुड़े कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यथाशीघ्र वे अफीम की खेती को छोड़ पारंपरिक खेती का रुख करें पुलिस- प्रशासन उन्हें पूरा सहयोग कर रही है।

उन्होंने बताया कि अवैध की खेती करते पकड़े जाने पर सख्त सजा का प्रावधान है। इससे बचने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि सरायकेला- खरसावां जिले में एक फसली वर्ष में 214 एकड़ जमीन में हो रहे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है, जबकि पश्चिमी सिंहभूम जिले में करीब 300 एकड़ जमीन में हो रहे अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है जो पिछले साल की तुलना में अधिक है। हालांकि अभी भी 50 फीसदी जमीन पर अवैध अफीम की खेती हो रही है जिसे चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिनके जमीन पर अफीम की खेती होने का प्रमाण मिलेगा उसके खिलाफ एफआईआर की जाएगी। वहीं वन विभाग के जमीन पर हो रहे अफीम की खेती को लेकर उन्होंने बताया कि वैसे कारोबारियों को चिन्हित किया जा रहा है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में दर्जनों तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त

### हाइवा डंपर का चक्का जाम कल से

**बोकारो ।** जैनामोड़-फुसरो मेनरोड में ओवरलोड छाई, कोयला एवं वायु प्रदूषण को लेकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर 22 जनवरी से हाइवा डंपरों का परिचालन बंद कर दिया जायेगा। महासचिव मंतोष सोरेन ने बताया कि रोज इस रोड से दर्जनों छाई और कोयला लदे ओवरलोड हाइवा डंफरों के कारण उड़ते हुए धूल कण के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। बीते 23 दिसंबर को एसडीओ बेरमो के सामने वार्ता हुई थी कि बंद कंटेनर में भरकर छाई की ढुलाई की जायेगी, जो नहीं किया जा रहा है। वायु प्रदूषण के चलते बाइक सवार लोगों का रोड में चलना मुश्किल हो गया है। जैनामोड़ से लेकर फुसरो तक के लोग 22 जनवरी को मेनरोड में उतर कर हाइवा का चक्का जाम करेंगे।

### नया मोड़ में चला सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान



**बोकारो।** सड़क सुरक्षा अभियान की कड़ी में सोमवार को बोकारो के नया मोड़ स्थित ट्रैफिक थाना के समीप जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें स्कूली बच्चों के साथ पुलिसकर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कार में बिना सीट बेल्ट वाले तथा बाइक पर बिना हेलमेट वाले लोगों को सड़क सुरक्षा के सभी नियम पालन करने की अपील की।

# भ्रष्टाचार का केन्द्र बना चास अंचल कार्यालय, दो लोगों के नाम से एक ही जमीन की हुई जमाबंदी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो ।** चास अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार और जालसाजी का काम चरम पर चल रहा है। जमीन की जमाबंदी के नाम पर जमीन माफिया, अंचल के हल्का कर्मचारी एवं बिचौलियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक करतूत किये जा रहे हैं। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि अंचल अधिकारी के संज्ञान तक मामले आने पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

इसी तरह का एक ज्वलंत मुद्दा नगर विकास समिति के स्तर से प्रकाश में लाया गया है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना ने बताया कि चास अंचल के हल्का 3 में जमाबंदी संख्या 2410/2013-14 दो लोग नंदलाल नायक एवं नाबालक तुलसी शर्मा के नाम पर दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में अंचल अधिकारी चास को अवगत कराते हुए सूचना दी गई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। तदुपरांत जन सूचना अधिकार अधिनियम के अनुसार दिनांक 07.10.2024 को आवेदन देकर उक्त विषयक सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। 57 दिन बीत जाने के बावजूद सूचना प्राप्त नहीं होने पर दिनांक 05.12.24 को प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह न्यायालय, अपर समाहर्ता के समक्ष

> **जमीन की जमाबंदी के नाम पर जमीन माफिया, अंचल के हल्का कर्मचारी एवं बिचौलियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक किये जा रहे हैं करतूत**

उक्त आवेदन के संबंध में मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। प्रथम अपीलीय पदाधिकारी की अपील संख्या 61/2024 में वाद संख्या शुरू करने के बाद भी बार-बार जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चास के अनुपस्थित रहने के कारण प्रथम अपील निस्तारण करते हुए ज्ञापांक 188/रा0, दिनांक 24.12.2024 को जन सूचना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपीलकर्ता अभय कुमार मुन्ना को वांछित सूचना निबंधित डाक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए एवं उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाए। इतना ही अनुमंडल दंडाधिकारी चास के भूमि सुधार उप समाहर्ता चास के पत्रांक 582/14.12.24, अपर समाहर्ता के पत्रांक 2395/06.12.24, चास मु. थाना के पत्रांक 1628/29.11.24 के द्वारा भी अंचल अधिकारी, चास को उक्त संदर्भ में जांच प्रतिवेदन मांगा गया है, किंतु आज तक प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया जाना अंचल अधिकारी, चास एवं अंचल कार्यालय की कार्यशैली पर संदेह उत्पन्न करती है।

श्री मुन्ना ने कहा कि राजस्व कर्मचारी, जमीन माफिया एवं बिचौलियों के घनिष्ठ गठजोड़ से अंचल कार्यालय चास में अंधाधूंढ जमाबंदी के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए माननीय न्यायालय की भी अवमानना की जा रही है। वैसी स्थिति में मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री झारखंड सरकार, उपायुक्त, अपर समाहर्ता बोकारो एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता चास को उक्त संदर्भ में अवगत कराते हुए अंचल अधिकारी चास एवं हल्का कर्मचारी के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है, ताकि झारखंड की गरीब, निरीह जनता के साथ जमाबंदी के नाम पर किए जा रहे अन्याय और उसके पश्चात आपसी मारपीट केस मुकदमा से मुक्ति मिल सके। श्री मुन्ना ने कहा कि उचित समय तक कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होने पर माननीय न्यायालय में दोषी लोगों पर पी.आई.एल दायर किया जाएगा।

# सांसद ने डीवीसी चंद्रपुरा के परियोजना प्रधान के साथ कई मुद्दों पर की वार्ता



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**चंद्रपुरा।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सोमवार को यहां डीवीसी के निदेशक भवन में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान से कई मुद्दों पर वार्ता की। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी सी पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) अविजीत घोष आदि ने सांसद का स्वागत किया। सांसद श्री चौधरी ने परियोजना प्रधान के समक्ष कई मुद्दों पर वार्ता की और आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या का समाधान के लिए वे डीवीसी प्रबंधन का सहयोग करेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से यहां प्लांट के संचालन आदि कार्यों में प्रबंधन का सहयोग करने की अपील की, ताकि इस क्षेत्र के विकास कार्य की गति तेज हो सके वार्ता में सांसद प्रतिनिधि बिगन महतो, अरविंद पांडेय सहित कई मुखिया और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे।

# जल्द बनेगा विकसित बोकारो : विधायक

**विजय कुमार झा**

**बोकारो।** बोकारो की नवनिर्वाचित विधायक श्वेता सिंह अपनी जीत के बाद लगातार बोकारो के विकास को लेकर सक्रिय दिख रही हैं। हर परिस्थिति में वह जनहित के मुद्दों को लेकर आगे नजर आ रही हैं। बोकारो में विकास के रुके हुए मुद्दों को लेकर वह लगातार मुखर हैं और उनकी कोशिश है कि उनके दिवंगत ससुर बोकारो के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय समरेश सिंह के सपनों को साकार कर उसे धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाय।

बोकारो हवाई अड्डा को जल्द शुरू करवाना, बोकारो के विस्थापित गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू करवाना, पिंड्राजोरा को प्रखंड बनाना, बियाडा के विकास के लिए इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण और चास नगर निगम के सभी पैंतीस वार्ड में हमें अंडरग्राउंड नाली का सिस्टम चाहिए। ये पांच मुद्दे मेरी प्राथमिकता सूची में हैं। मुख्यमंत्री



जी के साथ बैठकर मैंने इन पांचों मुद्दों पर बात की है। फिर शहरी विकास विभाग (अर्बन डेवलपमेंट) के सचिव मैंने चास नगर निगम में ड्रेनेज सिस्टम के लिए बात की है।

उन्होंने कहा कि, बोकारो अब बहुत पीछा चला गया है। क्योंकि, मुख्यमंत्री जी खुद बोकारो के हैं। बोकारो को वह जान रहे हैं। जो विकसित बोकारो होना चाहिए था, वह आज कहीं पर भी नहीं है। ऐसे से कुछ लोग हैं, जिन्होंने बोकारो को खत्म कर दिया। आज हमारे बोकारो का नाम विश्व पटल पर नाम है। औद्योगिक नगरी बीएसएल को कौन नहीं जानता है? उसके बावजूद आज हमारे बोकारो में पीने का पानी नहीं है। दुर्भाग्य है। हमारा जो उद्देश्य है, मुझे उम्मीद है कि बहुत जल्दी अच्छा काम कर लेंगे और विकसित बोकारो सभी के सामने जल्द नजर आएगा।

### विस्थापित गांवों को मिलेगी पंचायती राज सुविधा

श्रीमती सिंह ने कहा कि बोकारो में समस्याएं तो बहुत ज्यादा हैं, लेकिन इनमें मेरी पहली प्राथमिकता है यहां के विस्थापित गांवों में पंचायती राज की सुविधा दिलाना। विस्थापित समस्या मेरी प्राथमिकता सूची में है। क्योंकि, बोकारो के विस्थापित गांवों में सरकार की विकास योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। इसलिए पंचायती राज के तहत विस्थापित गांवों को शामिल कराने और उन पंचायतों को विकसित कराने की दिशा में मैं काम कर रही हूं।

### बोकारो से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा

बोकारो हवाई अड्डा से उड़ान सेवा प्रारंभ होने में विलंब को लेकर उन्होंने कहा- सबसे पहले तो अभी हर जगह, जहां पर भी मैं जा रही हूं, लोग बोकारो एयरपोर्ट की बात करते हैं। हवाई अड्डा को लेकर हमारी जो कोशिश है, उस पर हम काम कर रहे हैं और मुझे भरोसा है कि बहुत जल्दी हवाई अड्डा को चालू करने में जो तकनीकी खामियां हैं, उनका समाधान कर रहे हैं। इसमें कोई बड़ी समस्या नहीं है। बहुत जल्दी बोकारो से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट के अलावा बोकारो में ब्राउन लैंड डेवलपमेंट, बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण और अप्रेंटिस का क्या होगा, इन मुद्दों पर सेल चेयरमैन से मेरी बात हुई है।

### चास का जल्द होगा कायाकल्प

श्रीमती सिंह ने कहा कि, चास में पानी वाला काम चल रहा है। लेकिन, विलंब हो रहा है तो इसके लिए हम फेज-3 वाला काम भी शुरू करवा रहे हैं। दो फेज में नल लगाने का काम पूरा हुआ है। अब तीन फेज में चास नगर निगम के सभी घरों में नल होगा। तीसरा नाली वाला काम रह गया है। चास नगर निगम में हमें अंडरग्राउंड नाली बनवाना है। यह नाली सड़क के बीचों-बीच होगी और ऊपर से ढ़लैया रोड रहेगा। यह काम हम करवा लेंगे तो चास का कायाकल्प होगा। हमें चास का कायाकल्प करना है। पिछले 17 जनवरी को मुख्यमंत्री जी से इन सभी मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई है। उन्होंने काफी समय भी दिया और कहा कि क्षेत्र के लिए जो भी करना है, कीजिए और मेरी जहां-जहां जरूरत हो, बताइये। हम आपके हिसाब से काम करेंगे।

# मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

- वेदांता ईएसएल ने एमजेएम अस्पताल और सिटीजन फाउंडेशन के साथ मिलकर किया शिविर आयोजित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** अग्रणी इस्पात निमार्ता वेदांता ईएसएल ने अपनी स्वास्थ्य सेवा पहल, प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत चंदाहा बरगद टोला में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। यह कैंप एमजेएम अस्पताल और सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया था।

इसमें सुचारू सेवा वितरण के लिए पांच समर्पित डेस्क लगाए गए थे। इस अवसर पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में विश्वास रखता है। संगठन द्वारा ऐसा करने के तरीकों में से एक समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को हल करने का प्रयास करना है, समुदाय के कल्याण को बेहतर बनाने के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच की पेशकश करना है। इस निःशुल्क शिविर का उद्देश्य संयंत्र में और उसके आस-पास रहने



वाले समाज के वंचित वर्गों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है और यह विभिन्न बीमारियों और इन बीमारियों के उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करने में एक लंबा रास्ता तय करता है। स्वास्थ्य शिविर का प्राथमिक उद्देश्य ईएसएल संयंत्र के आस-पास के ग्रामीण समुदायों को प्रभावित करने वाली आम बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और नैदानिक सेवाएं प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य इन वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में सुधार करना था। शिविर में लगभग 250-300 ग्रामीणों को ऑर्थोपेडिक्स, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स और डमेटोलॉजी जैसी कई विशेषताओं में डॉक्टर परामर्श सहित कई तरह की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, रक्तचाप माप, रैंडम ग्लूकोज परीक्षण और वजन निगरानी जैसी नैदानिक सेवाएं सभी उपस्थित लोगों के लिए उपलब्ध थीं। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द, पक्षाघात प्रबंधन, सामान्य त्वचा संबंधी समस्याओं, थायरॉयड विकारों और उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों सहित विभिन्न स्थितियों के लिए निःशुल्क निदान और प्रबंधन की पेशकश की। टीकाकरण मार्गदर्शन और नवजात शिशु गहन देखभाल को शामिल करते हुए बाल चिकित्सा देखभाल भी प्रदान की गई। शिविर में सुश्री श्यामली मिंज (सीएचआरओ, ईएसएल स्टील लिमिटेड), कुणाल दरिपा (प्रमुख सीएसआर), रफीक अंसारी (सरपंच, चंदाहा) और खुश मोहम्मद (पीआरआई सदस्य) सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। शिविर में डॉ. एम जी रसूल, डॉ. आनंद कुमार मांझी, डॉ. राहुल सिन्हा आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

### बोकारो थर्मल बाजार से बाइक की चोरी

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की चुस्ती के बाद भी बाइक चोरों का गिरोह चोरी में कामयाब हो ही जा रहा है। सोमवार को स्थानीय थाना में पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत कोरियाबेड़ा निवासी करीमुद्दीन अंसारी ने लिखित आवेदन दिया। दिये गए आवेदन में लिखा कि रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक नंबर जेएच09एएच-5121 बैंक ऑफ इंडिया के समीप खड़ा कर सब्जी की खरीदारी करने गया। वापस लौटने पर बाइक नहीं थी।

# जेईई मेन का पहला सेशन कल से, 2069 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

### सफल, सुचारू एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा को लेकर तमाम तैयारियां पूरी : डॉ. गंगवार

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) का आयोजन इस वर्ष 22 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है।

बोकारो जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2069 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन



बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है। सोमवार को इस आशय की जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सुचारू तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो, इसकी हरसंभव व्यवस्था दोनों ही केंद्रों पर सुनिश्चित की गई है। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया गया है। डॉ. गंगवार ने बताया कि बोकारो में 22, 23 एवं 24 जनवरी को परीक्षाएं होंगी। आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहले दिन 22 जनवरी को प्रथम पाली में 111 एवं द्वितीय पाली में 140, 23 जनवरी को फर्स्ट शिफ्ट में 123 व सेकेंड शिफ्ट में 139 तथा 24 जनवरी को पहली पाली में 141 तथा दूसरी पाली में 96 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार, अल्फा आईसीटी सेंटर में पहले दिन 22 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220, 23 जनवरी को प्रथम पाली में 219 एवं द्वितीय पाली में 220 तथा 24 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी एनटीए की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में हो रहा है। पहला सेशन 22-31 जनवरी 2025 और दूसरा 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में होगा।

# डीवीसी के एचओपी ने मार्केट सहित कम्युनिटी व वेल्फेयर सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया ने सोमवार को डीवीसी के सेंट्रल मार्केट, सब्जी मार्केट सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में एचओपी के साथ एचआर के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार, सिविल के वरीय प्रबंधक सरफराज शेख, कल्याणी कुमारी, विद्युत के वरीय प्रबंधक सुरजीत सिंह, प्रबंधक राकेश कुमार, एचओपी के निजी सहायक सूरज तिवारी थे। औचक निरीक्षण के क्रम में एचओपी ने सेंट्रल मार्केट की दुकानों के आगे दुकानदारों द्वारा बरामदे को घेर कर अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण कर लेने, दुकान के आगे बढ़ाकर सामग्री को रखने के कारण रास्तों का संक्रमण को लेकर नाराजगी जताई। सड़क किनारे के सब्जी दुकानों, फल मार्केट, फास्ट फूड मार्केट का भी निरीक्षण किया। एचओपी ने डीवीसी के खस्ताहाल कम्युनिटी सेंटर एवं वेल्फेयर सेंटर को भी खुलवा कर देखा। एचओपी ने सिविल के इंजीनियरों को खस्ताहाल कम्युनिटी सेंटर की मरम्मत एवं रंग रोगन कर उसे फिर से चालू करने को लेकर होने वाले खर्च का प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। साथ ही वेल्फेयर सेंटर को भी दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। बाद में एचओपी डीवीसी के सब्जी मार्केट, बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश इंजीनियरों को दिए। एचओपी ने पूछे जाने पर कहा कि बिरसा मुंडा सब्जी मार्केट सहित दोनों सब्जी मार्केट में दुकानदारों के लिए शेड का निर्माण करवाकर उसे दुरुस्त कर बिजली की व्यवस्था कर सभी सब्जी दुकानों को सड़क किनारे से हटाकर पूर्व के स्थानों में शिफ्ट करवाया जाएगा। साथ ही सड़क किनारे के फल दुकानों को भी उनके पूर्व के स्थानों पर शिफ्ट करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल में आकर्षक एवं व्यवस्थित रूप से बसाने को लेकर उन्हें सभी के सहयोग की आवश्यकता है और सभी लोग उनके इस प्रकार के कार्य में सहयोग करें। कहा कि कम्युनिटी सेंटर का मरम्मत कर उसे फिर से चालू किया जाएगा।

# अब ट्विटर के जरिए भी नगर की समस्याओं का समाधान कर रहा बीएसएल प्रबंधन

## बीएसएल के जनसंपर्क विभाग की अनूठी पहल, सोशल मीडिया के जरिए दूर की जा रहीं परेशानियां

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जमाना डिजिटल है। सूचना-तकनीक के इस दौर में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। होना भी चाहिए। तकनीक जब जन-सरोकार का माध्यम बन समस्याएं दूर करने का सहारा बने, तो ही इसी में उसकी वास्तविक सार्थकता है। बोकारो स्टील का जनसंपर्क विभाग कुछ इसी प्रकार डिजिटल माध्यमों के जरिए तकनीक की सार्थकता सिद्ध कर रहा है।

एक के बाद एक डिजिटल प्रयासों की कड़ी में जनसंपर्क विभाग ने अब सोशल मीडिया के माध्यम से नगर तथा नगरवासियों की समस्याओं को दूर करने की जो अनूठी पहल की है, वह इन दिनों शहर में सराहनीय चर्चा का विषय बनी है। हो भी क्यों न, जब एक पोस्ट पर त्वरित संज्ञान लिया जाय और तद्नुसार आगे की सकारात्मक कार्रवाई भी हो जाय, तो नगरवासियों के लिए इससे अच्छी सहूलियत वाली बात भला और क्या होगी? आज आईटी (इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) का आज ऐसा कोई भी प्लेटफार्म नहीं, जहां बीएसएल की पहुंच नहीं। सोशल मीडिया की बात करें, तो फेसबुक, ट्विटर (अब एक्स), इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब के बाद हाल ही में वाट्सएप चैनल के माध्यम से भी बोकारो स्टील की खबरें, उपलब्धियां और गतिविधियां हजारों-लाखों लोगों तक रोजाना पहुंच रही हैं। इस बीच सोशल मीडिया, खासकर एक्स के माध्यम से नगर की समस्याएं एवं जन-शिकायतों के समाधान की पहल अपने-आप में अनूठी है। जिस प्रकार भारतीय रेलवे में यात्रियों की समस्याएं होने पर ट्विटर के माध्यम से सही समय पर सही समाधान की उम्मीद रहती है, उसी राह पर बीएसएल के जनसंपर्क विभाग ने भी अपने कदम बढ़ाए हैं।

**पहली महिला एआई न्यूज एंकर को मिल चुकी है सराहना**

बीएसएल की पीआर टीम तकनीकी मामले में काफी दक्ष साबित हो रही है। गत वर्ष ही जनसंपर्क अधिकारी अभिनव शंकर ने ह्यसेलह्व (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि.) में पहली बार एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित महिला न्यूज एंकर प्रगति को लांच किया। इस नवोन्मेषता के लिए पीआर टीम को सेल चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने स्वयं शाबाशी दी। प्रगति नामक एआई न्यूज एंकर हर दिन बीएसएल की खबरें पढ़ती है और संबंधित वीडियो के साथ उसे यू-ट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित किया जाता है। कुल मिलाकर, बीएसएल का अभिनव प्रयास रंग दिखा रहा है। यह साबित करता है कि सोशल मीडिया केवल रील्स देखने या दिखाने का ही नहीं, जनसरोकार का भी एक सशक्त माध्यम बन सकता है।




### डीआई के मार्गदर्शन में काम कर रही विशेष टीम

बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संचार प्रमुख मणिकांत धान के नेतृत्व वाली पीआर (पब्लिक रिलेशन्स) टीम तत्परता के साथ इस दिशा में कार्यरत है। खास बात यह है कि बीएसएल के जनसंपर्क विभाग ने वरीय प्रबंधक अभिनव शंकर की अगुवाई में सोशल मीडिया के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो जन-शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए बीएसएल के संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए तत्काल सूचित कर देती है। नगर सेवा विभाग भी पब्लिक प्लेटफॉर्म का मामला देख संजीदगी से उस समस्या के यथाशीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई करता है।

### इंस्टाग्राम पर भी कर सकते हैं टैग

सेल बीएसएल ट्विटर (एक्स) के साथ-साथ इंस्टाग्राम पर भी जनशिकायतों को अब संज्ञान ले रहा है। एक महिला सोशल मीडिया यूजर ने इंस्टाग्राम पर भी टैग करने की अनुमति मांगी, जिसे स्वीकृत कर दिया गया। यानी एक्स के साथ-साथ अब इंस्टाग्राम पर भी बीएसएल को टैग करते हुए मामले को रखा जा सकता है।

### केस स्टडी - 1 : हादसे को आमंत्रित करती स्टैंडी हटाई गई

नगर के सेक्टर-3 और सेक्टर- 4 को जोड़ने वाले इंदिरा गांधी पथ स्थित हैप्पी स्ट्रीट रोड पर कुछ दिन पहले हाफ मैराथन की एक स्टैंडी (फ्रेम सहित लंबवत फ्लेक्स) हवा में कारण सड़क पर गिर गई थी। सड़क के दाहिनी ओर काफी दूरी तक आगे लटक जाने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसे एक जागरूक नगरवासी ने एक्स पर बीएसएल को टैग करते हुए पोस्ट किया। कुछ घंटे बाद ही इसे संज्ञान में लिया गया और अगले ही दिन सड़क पर नीचे लटकती स्टैंडी को सीधा करवा दिया गया। फलस्वरूप सड़क हादसों का खतरा टल गया और शहर की खूबसूरती बढ़ाती हैप्पी स्ट्रीट की स्टैंडी भी टूटने-फटने से बच गई।

### केस स्टडी - 2 : 4 महीने से क्वार्टरों पर लटके थे बांस, 36 घंटे में हट गए

सेक्टर- 9डी में स्ट्रीट- 38 स्थित आवास संख्या 1633-1648 के ब्लॉक में बिल्डिंग पर चार महीने से बांस लटके पड़े थे। अक्टूबर 2024 महीने में अनुरक्षण का जिम्मा जिस ठेकेदार को मिला था, उसका ठेका खत्म हो गया, तो उसने काम को बीच में ही छोड़ दिया और बांसों के जाल को बिल्डिंग पर यूं ही लटकता छोड़ दिया। नतीजा यह हुआ कि इस भीषण शीतलहर में भी दो-तीन परिवारों के घर की खिड़कियां बांस बंधे होने के कारण बंद नहीं हो पा रही थी। घर के बुजुर्ग और बच्चे बीमार भी पड़ गए। इस बीच मामले से जैसे ही जनसंपर्क विभाग को एक्स पोस्ट के जरिए एक नगरवासी ने अवगत कराया, त्वरित कार्रवाई की गई। सबसे पहले संज्ञान लेकर संबंधित विभाग को मामला अग्रसारित किया गया और अगले ही दिन यानी शिकायत के 36 घंटे के भीतर क्वार्टरों पर लटकते बांसों को हटा दिया गया।

# क्या आप भी कुंभ में स्नान के लिए जायेंगे?



आर.के. सिन्हा

**कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इतने विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।**

**क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से?**
महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है।

कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है।

कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी



है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो

कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दशार्ता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं।

कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहाँ साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इतने विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### न्याय पर सवाल

पश्चिम बंगाल के आरजी कर अस्पताल में रेप के बाद हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को निचली अदालत ने दोषी करार दिया है। यह फैसला बीते साल नवम्बर में शुरू हुई सुनवाई के लगभग दो महीने बाद और इस अपराध के 162 दिन बाद सुनाया है। संजय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 व 103 (1) के तहत रेप व हत्या का दोषी पाया गया। सत्र न्यायाधीश ने कहा कि उसे बोलने का मौका दिया जाएगा। संजय का दावा है, उसे फंसाया गया है। मृतका के मां-बाप ने उसे दोषी ठहराए जाने से खुशी व्यक्त की। मगर दोहराया कि वह अकेला नहीं था, उसके साथ और भी लोग थे, जिन्हें सजा मिलने तक संघर्ष जारी रखेंगे। 9 अगस्त को अस्पताल के आपातकालीन विभाग की चौथी मंजिल में पीड़िता का शव बरामद किया गया था। मामले में साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई ने सिविक वालंटियर संजय रॉय को मुख्य आरोपी बनाया। इस वीभत्स घटना से पूरे देश में आक्रोश फैल गया। चिकित्साकर्मियों व ड़ॉक्टरों समेत आम लोगों ने लंबे समय तक विरोध-प्रदर्शन भी किए। अदालत के अनुसार उसे मृत्युदंड़ या आजीवन कारावास मिल सकती है। जैसा कि मृतका के पिता ने कहा, अभी बहुत से सवालों के जवाब बाकी हैं क्योंकि जांच के दौरान खुलासा हुआ



था कि घटना जितनी वीभत्स थी, उसमें अन्य लोग भी शामिल थे। हालांकि अस्पताल से जुड़े. तमाम अन्य घोटालों व आर्थिक घपलों का भी खुलासा हुआ जिन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दोषियों का पक्ष लेने जैसे गंभीर आरोपों के बाद अस्पताल प्रबंधन में मामूली फेरबदल करने सरीखी कवायद भले ही हुई मगर समस्याओं के समाधान का प्रयास होता नहीं नजर आया। तमाम कड़े. कानूनों के बाद भी देश में महिलाएं प्रति दिन असुरक्षा भरे माहौल से जूझने को मजबूर हैं। बड़ी-बड़ी बातों के अतिरिक्त उन्हें कुछ नहीं मिलता। दोषी को कड़ी-से-कड़ी सजा होना त्वरित न्याय के प्रतिमान गढ़ने वाला साबित हो सकता है। मगर बाकी दोषियों पर हाथ ड़ालने में कोताही क्यों हो रही है। सबसे नीचे के आरोपी पर कड़ी कार्रवाई कर लीपापोती की आदतों का प्रतिफलन है, गंभीर अपराधों में संलिप्त दोषियों का छुट्टा घूमते रहना। बात यहां रात्रि पाली में काम करने वाली महिलाओं तक सीमित नहीं है। यह हर नागरिक की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। आपराधिक प्रवृत्ति वालों के प्रति पक्षपाती रवैया न्याय प्रणाली पर सवालिया चिन्ह लगाते हैं। जिससे बचना आवश्यक है।

## चिंतन-मनन

### क्या है कृष्णकर्म?

ऐसा कोई कार्य न करें जो कृष्ण से संबंधित न हो। कोई भले ही कितने ही कर्म क्यों न करे, किंतु उसे उनके फल के प्रति आसक्ति नहीं होनी चाहिए। यह फल तो कृष्ण को ही अर्पित किया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ, यदि कोई व्यापार में मस्त है, तो उसे इस व्यापार को कृष्णभावनामृत में परिणत करने के लिए, कृष्ण को अर्पित करना होगा। यदि कृष्ण व्यापार के स्वामी हैं, तो इसका लाभ भी उन्हें ही मिलना चाहिए। यदि किसी व्यापारी के पास करोड़ों रुपए की संपत्ति हो और यदि वह इसे कृष्ण को अर्पित करना चाहे, तो वह ऐसा कर सकता है। यही कृष्णकर्म है। अपनी इंद्रियतृप्ति के लिए विशाल भवन न बनवाकर, वह कृष्ण के लिए सुंदर मंदिर बनवा सकता है, कृष्ण का अर्चाविग्रह स्थापित कर सकता है। यह सब कृष्णकर्म है।

मनुष्य को अपने कर्मफल में लिप्त नहीं होना चाहिए, अपितु इसे कृष्ण को अर्पित करके बची हुई वस्तु को प्रसाद रूप में ग्रहण करना चाहिए। यदि कोई कृष्ण के लिए विशाल भवन बनवा देता है और उसमें कृष्ण का अर्चाविग्रह स्थापित कराता है, तो उसमें उसे रहने की मनाही नहीं होती, लेकिन कृष्ण को ही इस भवन का स्वामी मानना चाहिए। यही कृष्णभावनामृत है। किंतु यदि कोई कृष्ण के लिए मंदिर नहीं बनवा सकता तो वह कृष्ण-मंदिर की सफाई में तो लग सकता है, यह भी कृष्णकर्म है। मत्परमः शब्द उस व्यक्ति के लिए आता है जो अपने जीवन का परमलक्ष्य, भगवान कृष्ण के परमधाम में उनकी संगति करना मानता है। ऐसा व्यक्ति चंद्र, सूर्य या स्वर्ग जैसे उच्चतर लोकों में अथवा ब्रह्मांड के उच्चतम स्थान ब्रह्मलोक तक में जाने का इच्छुक नहीं रहता। उसे इसकी तनिक भी इच्छा नहीं रहती। क्योंकि वह तो सर्वोच्च आध्यात्मिक लोक में जाना चाहता है, जिसे कृष्णलोक या गोलोक वृंदावन कहते हैं।

## ओल्ड इज गोल्ड : उत्तर रेलवे ने 140 वर्ष पुरानी हस्त चालित क्रेन को पुनः बहाल कर किया जीवंत



विनोद कुमार सिंह

ओल्ड एज गोल्ड की कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी।खास कर हमारे देश भारत में यह कहावत काफी ही प्रचलित है।तभी तो भारत की पहचान सम्पूर्ण विश्व में सबसे अलग व विश्वनीय है।आज हम आप को बता रहे है कि भारतीय रेलवें अपनी पुरानी यादों को सहेज व संजोय कर भविष्य में आने वाले पीड़ी के लिए संरक्षित व सुरक्षित रखने में पीछे नही है।आप चौकिये मत -आज हम आप के समक्ष भारतीय रेल के उत्तर रेलवे का दिल्ली मंडल ने भी अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक सहराणीय कार्य किया है।यह बात उस समय की है,जब विज्ञान इतना आधुनिक नही होता है।ऐसे में विकाश कार्य में भारीभरम रेल की पटटी व अन्य सामान को एक स्थान से दुससे जगह कैसे ले जाता होगा । तो हम बता दें , रेल की निर्माण कार्य ' रेलवे लाईन व अन्य कार्य से मशीन व अन्य सयंत्र आदि कोइधर से उधर करने के लिए उस समय क्रेन होती थी,जिसे हाथ से चलाया जाता होगा।इसका उदाहरण देखनें को मिला है।भारतीय रेल के नार्दन रेलवे के



दिल्ली मंडल नें 140 वर्ष पुरानी हस्त चालित क्रेन को अपनी कड़ी मेहनत व पूर्ण लगन से सफलता पूर्वक ठीक ही किया बल्कि भारतीय रेल की धरोहर के स्मृति चिन्ह में एक नयी जान फूंक दी है।सर्व विदित रहे कि एली और मैक्लेन इंजीनियर, ग्लास्गो स्कॉटलैंड द्वारा सन 1885 में निर्मित इस क्रेन को पहली बार अवध और रोहिलखण्ड रेलवे,जिसे सन 1925 में ईस्ट इंडिया रेलवे में शामिल कर रेलवे कार्य में इस्तेमाल में लगाया था।

इस संदर्भ में नार्दन रेलवे के युवा अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय (सी पी आर ओ० ) के अनुसार भारतीय रेल अपनी यात्रियों की सेवा कर्त्तव्य का ना केवल पालन करती है बल्कि पुरानी विरासत को संभालकर संरक्षित करता है।ताकि भविष्य में उस पर अनुसंसाधन हो सके ,उससे जुड़े हुए सभी सदस्यों को सम्मान किया जाय।रेलवे की विरासत की श्रंखला में एक नई पहल की गई है । 140 वर्ष पुरानी इस क्रेन की पुनः बहाली हर सभी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि रही।जिसे मात्र तीन दिन में पूरा किया गया।आप को बता दे कि देश की राजधानी दिल्ली स्थित शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन के निकट यह क्रेन बेहद खराब हालत में पड़ी थी। जिसके पहिये जमीन में दबे हुए थे और इसका बूम टूट कर मुड गया था। साथ ही इसके कई जरूरी कलपुर्जे भी नहीं थे।सर्व विदित रहे स्टीम लोकोमोटिव शेड रेवाड़ी ने इस क्रेन को मरम्मत करने की चुनौती सहर्ष स्वीकार किया ।स्टीम लोकोमोटिव शेड रेवाड़ी व शकूरबस्ती स्थित कैरिज एवं वैगन स्टाफ की मदद ली।बेकार व खो चुके कलपुर्जो को फिर से कुशल इंजीनियरों तकनीकी सहयोगी सहयोगी टीम बनाया गया । जिन्होने खराब बूम को ठीक किया गया और इसका मूल स्वरुप बहाल किया गया। इस बीच इंजीनियरिंग विभाग ने शकूरबस्ती ईस्ट केबिन के निकट एक पेडस्टल बनाने के लिए रात भर काम किया।एक मोबाइल क्रेन की मदद से तैयार किये गए सामान को उठाकर पेडस्टल पर लगा दिया। इस क्रेन के रंग रोगन का काम एक दिन में ही पूरा कर लिया गया। इस प्रकार एक मृतप्राय धरोहर को जीवंत रूप दिया गया।

पुनः जीर्णोद्वार की दस टन क्षमता वाली इस क्रेन का उद्घघाटन 16. 01 .2025 को उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह एवं अन्य गणमान्य द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इंजीनियर एवं सहायक टीम के समर्पण एवं दक्षता को सराहा गया। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक अशोक कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में रेल की विरासत को संरक्षित रखने में हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

(स्वतंत्र पत्रकार )

## जलवायु परिवर्तन की मार से त्रस्त पेंगुइन



योगेश कुमार गोयल

पेंगुइन ऐसा खूबसूरत पक्षी है जो पंखों के बावजूद उड़ नहीं पाता लेकिन पानी में बेहद तेज तैराक होता है। माना जाता है कि पेंगुइनों ने लाखों वर्ष पहले उड़ने की क्षमता खो दी थी। शक्तिशाली फ्लिपर्स और सुव्यवस्थित शरीर उन्हें बहुत अच्छा तैराक बनाते हैं। यह सबसे तेज तैरने और सबसे गहरा गोता लगाने वाली पक्षी प्रजाति है। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण तथा मानव गतिविधियों के कारण इस खूबसूरत पक्षी की कई प्रजातियां भी संकटग्रस्त हैं।

दुनिया भर में पेंगुइन की कुल 18 प्रजातियां पाई जाती हैंङ्क जो स्फेनिस्कीनाई उप-परिवार के अंतर्गत आती हैं। इनमें 'एडेली पेंगुइन', 'दक्षिणी रॉकहॉपर पेंगुइन' और 'मैकरोनी पेंगुइन' प्रमुख रूप से शामिल हैं। पेंगुइन की 18 प्रजातियों में से 11 प्रजातियां अब संकटग्रस्त अथवा विलुप्तप्रायः की श्रेणी में आती हैं। पेंगुइन की आबादी प्रति वर्ष खतरनाक दर से घट रही है, और दुनिया के अधिकांश लोग इस बात से इसीलिए अनजान हैं क्योंकि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास में पेंगुइन देखने को नहीं मिलते। पेंगुइन की 72 प्रतिशत प्रजातियों की आबादी घट रही है, और 5 प्रजातियां लुप्तप्राय मानी जाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बेहतर सुरक्षा और संरक्षण उपायों को लागू नहीं किया गया तो इन प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। आईयूसीएन ने पेंगुइन की अनेक प्रजातियों को संकटग्रस्त की श्रेणी में सूचीबद्ध किया है। यही कारण



है कि पेंगुइन की सुरक्षा के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय संगठन प्रयासरत हैं, और 2000 से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन जागरूकता दिवस' भी मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पेंगुइन के संरक्षण और उनके आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह दिवस पेंगुइन संरक्षण को बढ़ावा देने के प्रयास में पेंगुइन के आवासों की सुरक्षा पर जोर देता है।

जलवायु परिवर्तन के चलते बर्फ की चादर पिघलने और समुद्री तापमान में वृद्धि होने के कारण पेंगुइन के प्रजनन स्थल और भोजन के स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। विषाक्त प्लास्टिक, मछली पकड़ने, तेल रिसाव, आवास विनाश और पर्यटन जैसी तेजी से बढ़तीं मानवीय गतिविधियों के कारण भी पेंगुइन के आवासों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समुद्र में ह्यलेपर्ड सील' और ऑर्का जैसे शिकारी भी पेंगुइन के लिए खतरा बनते हैं। पेंगुइन अपने बच्चों को अंटार्कटिका की बर्फ पर पालते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वे खतरे में हैं। अमेरिका में 'सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायवर्सिटी' के जलवायु विज्ञान निदेशक शाय वुल्फ का कहना है कि पेंगुइन का अस्तित्व इस पर निर्भर करता है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सरकार क्या ठोस कदम उठाती है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इन पक्षियों के असफल प्रजनन का बड़ा कारण बन रहा है। वेडेल सागर में हैलीबे कॉलोनी दुनिया में एम्परर पेंगुइन की दूसरी सबसे बड़ी कॉलोनी है। इस कॉलोनी ने कई वर्षों तक समुद्री बर्फ की खराब स्थिति का सामना किया है। ऐसे में 2016 में सभी नवजात चूजे डूब गए थे, जिससे इनकी कॉलोनी को बहुत नुकसान हुआ था। इसीलिए अमेरिकी सरकार चेतावनी दे चुकी है कि एम्परर पेंगुइन को 'अर्जेंट क्लाइमेट एक्शन' की सख्त जरूरत है। हालांकि 'वाइल्ड लाइफ एजेंसी' का कहना है कि पिछले 40 वर्षों के उपग्रह डेटा और अन्य सबूतों की जांच से सामने आया है कि पेंगुइन पर फिलहाल विलुप्त होने का तो खतरा नहीं है, लेकिन यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो वह दिन भी दूर नहीं है। 'वाइल्ड लाइफ एजेंसी' द्वारा इस पक्षी को पर्यावरण समूहङ्क सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायवर्सिटी द्वारा 2011 में लगाई गई एक याचिका की मदद लेकर 'ए डेंजर्ड स्पीशीज एक्ट' के तहत रखा गया है।

बहरहाल, बढ़ते तापमान के कारण समुद्री बर्फ पिघल रही है, जिससे पेंगुइन की प्रजनन और भोजन खोजने की क्षमता प्रभावित हो रही है। समुद्रों में प्लास्टिक और अन्य प्रदूषण पेंगुइन के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। पेंगुइन अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझ कर निगल लेते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। अत्यधिक मछली पकड़ने के कारण पेंगुइन के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो रही है। पर्यावरणविद् जलवायु परिवर्तन के कारण अंटार्कटिका में रहने वाले एम्परर और एडेली पेंगुइन को लेकर तो बेहद चिंतित हैं क्योंकि उनका मानना है कि दो डिग्री तापमान परिवर्तन के साथ इन्हें आवास की गंभी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। पेंगुइन न केवल पृथ्वी की जैव विविधता का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि समुद्री खाद्य ङ्मृंखला का भी महत्त्वपूर्ण अंग हैं, जो समुद्री पारिस्थितिक तंत्र का स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करते हैं। काले और सफेद रंग के उड़ने में असमर्थ पंख वाले खूबसूरत पेंगुइन पृथ्वी के सबसे प्यारे और अद्भुत जीवों में शुमार हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने जरूरी हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन अद्वितीय पक्षियों की सुंदरता और विशिष्टता का आनंद ले सकें।



# घर बैठे-बैठे भी बैंक की सुविधाओं का फायदा उठा सकती हैं आप

**कुछ काम को करना हमें पहाड़ पर चढ़ने के बराबर लगता है। जैसे बैंक जाना। कई बार हमें बैंक से अकेले पैसे निकालकर लाने पर चोरी का भी डर सताता है। साथ ही बैंक जाने के लिए कुछ घंटों को समय निकालना भी मुश्किल हो जाता है। हालांकि जरूरी नहीं है कि बैंक से जुड़े हर काम के लिए आपको वही जाना पड़े। आप घर बैठे-बैठे भी बैंक की सुविधाओं का फायदा उठा सकती हैं। जी हां, ऐसा सच में होता है और इस आर्टिकल में हम आपको इसी विषय के बारे में बताने वाले हैं। डोर स्टेप सर्विस का मतलब है ऐसी सुविधाएं जो आपको बैंक द्वारा घर बैठे-बैठे मिल जाती हैं। अलग-अलग बैंक की तरफ से अलग डोर स्टेप सर्विस दी जाती है जिसमें बहुत सारे विकल्प शामिल होते हैं।**

## एसबीआई बैंक देता है ये सुविधाएं

अगर आपका खाता भारतीय स्टेट बैंक में है तो आप घर बैठे-बैठे ढेर सारी सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। अगर एक साथ ढेर सारे पैसे को बैंक से घर या घर से बैंक लेकर जाना चाहते हैं तो एसबीआई की टीम आपकी मदद करेगी। इसके अलावा ड्राफ्ट्स को घर तक पहुंचाने, लाइफ सर्टिफिकेट घर से लेने और केवाईसी अकाउंट लेने जैसी ढेर सारी सुविधाओं के लिए आप एसबीआई की डोर स्टेफ सर्विस का फायदा उठा सकते हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया देता है ये सुविधाएं

एसबीआई के साथ-साथ बैंक ऑफ इंडिया भी आपको ढेर सारी डोर स्टेप सर्विस देता है। इसमें कैश जमा करना और निकालना, अकाउंट स्टेटमेंट, गिफ्ट कार्ड, चेक बुक और ढेर सारी सुविधाएं शामिल हैं। सर्विस लेने के लिए बैंक की किसी भी ब्रांच के फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

## कौन ले सकता है ये सर्विस

डोर स्टेप सर्विस मिलने के पीछे कुछ शर्ते होती हैं जो हर बैंक की अलग हो सकती हैं। जैसे कुछे बैंक सिर्फ 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को यह सुविधा देते हैं। वहीं कुछ बैंक बिमार धारकों को भी डोर स्टेप सर्विस लेने की अनुमति देते हैं।



# कैसे करें एसआईपी में इन्वेस्टमेंट?

**अगर आप अपने पैसों को इन्वेस्ट करने की सोच रहे हैं तो आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड्स में निवेश कर सकते हैं। ज्यादातर लोग एफडी में निवेश करते हैं जिससे उन्हें उस पर रिटर्न मिलता है लेकिन एसआईपी में आपको रिटर्न पर भी रिटर्न मिलता है। अगर आप इसका लाभ पाना चाहते हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप कैसे इसका फायदा उठा सकते हैं और इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।**

एसआईपी यानी सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में निवेश की शुरुआत करने के लिए आपको केवाईसी को कंप्लीट करना होता है। इसके बाद आपको जिस भी म्यूचुअल फंड में निवेश करना है आप उसमें अपनी जानकारी को भर दें और फिर सारे डॉक्यूमेंट्स को सबमिट कर दें। इसके बाद वेरिफिकेशन होता है जिसमें आपको अपने डॉक्यूमेंट को वेरीफाई करवाना होता है। जब आपका वेरिफिकेशन का प्रोसेस खत्म हो जाएगा तो आपको जिस भी म्यूचुअल फंड में निवेश करना है वह आप सिलेक्ट कर सकते हैं। जब आप नया अकाउंट रजिस्टर कर देते हैं तो आपको एक फॉर्म भरना होता है और अपने बैंक से संबंधित जानकारी को भी भरना होता है। इसके बाद जब आपका रजिस्ट्रेशन प्रोसेस पूरा हो जाएगा तो आप निवेश करना शुरू कर सकते हैं।

## एसआईपी के फायदे

एसआईपी से कोई भी व्यक्ति अगर नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहता है तो वह कर सकता है। इसमें कम पैसों में भी निवेश किया जा सकता है। आपको बता दें कि इसमें निवेश किए गए पैसों को कम या ज्यादा अपने अनुसार कर सकते हैं। आपको बता दें कि इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का यह एक बहुत अच्छा ऑप्शन माना जाता है क्योंकि इसमें लाभ की संभावना अधिक होती है। एसआईपी में निवेश किए गए पैसों पर इनकम टैक्स में छूट भी मिल सकती है। इसमें आप हर साल एक लाख की राशि पर छूट पा सकते हैं।
एसआईपी से आप बहुत ही कम पैसों में शेयर बाजार में भाग ले सकते हैं। यह निवेश का ऐसा तरीका है जो आपकी बचत को बढ़ाता है। इन सभी कारणों की वजह से यह एक बचत करने का बेहतर ऑप्शन हो सकता है। आप अपनी सुविधा के अनुसार एसआईपी में निवेश की अवधि को मासिक, तिमाही का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। अगर आप आने वाले समय में बैंक अकाउंट में खूब सारे पैसे कम समय में पाना चाहते हैं तो यह ऑप्शन आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है।



# कपल्स के लिए बहुत खास होती है पहली मुलाकात

**जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।**

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या?
आखिर क्या बातें फरस्ट मींटिग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं। जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं।
तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की- सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।



# वेडिंग फंक्शन्स में आपको स्टाइलिश दिखाएंगे ये टिप्स

**वेडिंग में कई फंक्शन्स होते हैं, जिनके लिए अलग-अलग ड्रेसेस पहनने का मजा ही कुछ और है। इनमें हल्दी फंक्शन का क्रेज लड़कियों के बीच खूब देखा जाता है। हल्दी के दौरान पीले कपड़े पहनने से न सिर्फ फैशन के नजरिए से कॉम्बिनेशन काफी अच्छा लगता है बल्कि पीले रंग के साथ ज्यादातर ज्वैलरी भी अच्छी लगती हैं। आप भी अगर अपनी हल्दी पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो ये टिप्स आपके काम आएंगे।**

## हल्दी सेरेमनी पीले रंग के कपड़े क्यों पहनें

हल्दी छुड़ाना काफी मुश्किल हो सकता है, इसलिए क्यों न इस दिन पीली ड्रेस ही पहनी जाए। पीले के अलग-अलग शेड्स में से आप चुन सकती हैं। मस्टर्ड येलो, ऐंबर येलो, लेमन येलो में से आप चुन सकती हैं। यदि आपको येलो नहीं पहनना हो, तो आप क्रीम या कोई और लाइट कलर पहन सकती हैं।

## हल्दी सेरेमनी के लिए टिप्स


- अगर आपकी हल्दी सेरेमनी है, तो ऐसे में आप स्लीव्स कट सिंपल और प्लेन लहंगा-चोली पहनें, जिसके किनारे पर गोल्डन या सिल्वर कलर का बॉर्डर हो।
- हल्दी सेरेमनी पर पटियाला सलवार के साथ शार्ट कॉटन कुर्ती भी बेहद स्टाइलिश लगेगी। पटियाला सूट के साथ आप अपनी पसंदानुसार एम्ब्रॉयडरी जैकेट या फिर कोई लाइट दुपट्टा कैरी करना अच्छा ऑप्शन रहेगा।
- आपको अगर साड़ी पहननी है, तो पीले रंग की सिम्पल साड़ी पहनें या फिर लाल, नारंगी रंग की साड़ी भी काफी अच्छी लगेगा। इसके साथ मैचिंग पर्ल ज्वैलरी या फूलों की ज्वैलरी भी काफी ट्रेंडिंग लगेगी

## हैवी दुपट्टा

हल्दी के मौके पर दुपट्टा आपके लिए आफत बन सकता है, इसलिए लाइट स्टोल या स्कॉर्फ तक ठीक है लेकिन हैवी दुपट्टा लेने से बचें।

## स्टोन, हैवी ज्वैलरी

स्टोन या हैवी ज्वैलरी पर अगर हल्दी लग गई, तो आपके लिए खासी दिक्कत हो जाएगी।



**अगर आप पैसे बचाने के लिए सेकंड हैंड सामान खरीदने का मन बना रही हैं तो ऐसे में आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। इससे आपको बाद में पछताना नहीं पड़ेगा।**

# क्या आप सेकंड हैंड सामान खरीदने का मन बना रही हैं

हर इंसान अपनी जरूरतों व इच्छाओं के अनुसार शॉपिंग करना चाहता है। लेकिन हर किसी के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वे अपनी मनपसंद हर आइटम को खरीद सके। ऐसी सिचुएशन में अधिकतर लोग सेकंड हैंड सामान खरीदने का मन बनाते हैं। इससे उन्हें बेहद कम सामान में अपनी पसंद व जरूरत का सामान मिल जाता है। लेकिन कभी-कभी पैसे बचाने के चक्कर में जब हम सेकंड हैंड सामान खरीदते हैं तो उसकी क्वालिटी उतनी अच्छी नहीं होती है। जिससे हमारे सारे पैसे यूं ही बर्बाद हो जाते हैं। आपके साथ ऐसा ना हो, इसलिए यह जरूरी है कि आप सेकंड हैंड सामान खरीदते समय कुछ छोटी-छोटी बातों पर खास ध्यान दें।

## लें जरूरी सामान

कई बार ऐसा होता है कि जब हम सेकंड हैंड सामान खरीदते हैं तो शॉप पर हमें कई चीजें पसंद आ जाती हैं और हम उन सभी चीजों को खरीद लेते हैं। ऐसा करके आप पैसे बचा नहीं रही हैं, बल्कि अतिरिक्त पैसे खर्च कर रही हैं। इसलिए, हमेशा अपने दिमाग में यह रखें कि आपको क्या लेना है और किस तरह का लेना है। मसलन, अगर आपको अपने घर के लिए एक सेकंड हैंड सोफा चाहिए तो वह कैसा होना चाहिए। सोफा कम बेड या फिर एल शेप्ड सोफा या फिर फाइव सीटर। इस तरह जब आप अपने माइंड में क्लीयर पिक्चर रखती हैं तो सही सामान खरीदना काफी आसान हो जाता है।

## चेक करें क्वालिटी

सेकंड हैंड सामान में क्वालिटी की गड़बड़ी होने की संभावना काफी हद तक रहती है। इसलिए, कोशिश करें कि आप जिस भी सामान को खरीद (खरीदें सेकेंड हैंड स्कूटी) रही हैं, उसकी क्वालिटी कैसी है। इसके लिए जब आप शॉप पर जाती है तो उस आइटम को देखकर आपको काफी हद तक समझ में आ जाता है। हालांकि, अगर आपको यह समझ में नहीं आ रहा है तो उसका टेस्ट लिया जा सकता है। मसलन, अगर आप सेकंड हैंड कार खरीद रही हैं तो पहले उसे एक टेस्ट ड्राइव पर ले जाएं। साथ ही, उसे खरीदने से पहले एक बार मैकेनिक से भी उसे चेक जरूर करवाएं।

## जानें रिटर्न पॉलिसी

अमूमन जब भी हम सेकंड हैंड आइटम खरीदते हैं तो दुकानदार आपको कुछ वक्त के लिए रिटर्न पॉलिसी अवश्य देता है। मसलन, अगर आप सामान खरीदती (ऑनलाइन चीजें खरीदें) हैं और घर ले जाने के बाद वह आपकी उम्मीद के अनुसार नहीं है तो आप एक लिमिटेड टाइम में उसे रिटर्न कर सकती हैं। अक्सर यह समय 15 दिन या एक महीने का होता है। इसके बारे में पूछना बेहद जरूरी है।

## जरूर लें रिसिप्ट

सेकंड हैंड सामान खरीदते समय फ्रॉड होने की संभावना काफी अधिक रहती है। आपको किसी तरह का नुकसान न हो, इसलिए यह जरूर ध्यान रखें कि आप जब भी कोई सेकंड हैंड सामान खरीदें तो उसकी रिसिप्ट जरूर लें। इससे अगर आपको किसी तरह की परेशानी आती है तो आप आसानी से सामान को रिटर्न, रिपेयर या फिर चेंज करवा सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की टक्कर में जख्मी महिला की मौत के बाद उग्र लोगों ने सिंघौल थाने का किया घेराव

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के अमरौर के समीप सड़क हादसे में अमरौर निवासी स्व हरि बल्लभ सिंह की पत्नी नीलम देवी (65) की मौत हो गयी। सड़क हादसे में घायल महिला की मौत से आक्रोशित लोगों ने सिंघौल थाने का घेराव किया। आक्रोशित लोग उचित कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घेराव किये जाने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम सहित आगे की कार्रवाई में जुट गयी। इस संबंध में मृतक के रिश्तेदार दिनेश सिंह ने बताया कि कल शाम गांव का ही एक बाइक चालक काफी तेजी से जा रहा था। लोगों के रोकने पर भी नहीं रुका। थोड़ी दूर आगे बढ़ते ही एक साइकिल सवार को ठोकर मार दिया, जिससे उसका कमर टूट गया। उसे बचाने के लिए नीलम देवी जब दौड़ी, तो उसे भी धक्का मार दिया। इससे सिर में चोट लग गयी। हम लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक चालक शराब के नशे में था।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के रेपुरा बाइपास के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक लालगंज थाना क्षेत्र के गुड़मियां गांव निवासी अवधेश शर्मा का 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार बताया गया है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सोमवार की दोपहर हाजीपुर से घर लौटने के दौरान रेपुरा बाइपास पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी और फरार हो गया।

### लाठी की मार से युवक की हुई मौत

**रोहतास।** नौहट्टा थाना क्षेत्र के उल्ली गांव में रविवार को जयराम साह ने लाठी से मारकर ठुमका डोम उर्फ इंदल राम (24) को घायल कर दिया। चिंताजनक स्थिति में बाहर ले जाया गया। लेकिन, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जयराम साह होमगार्ड से रिटायर्ड जवान है और विक्षिप्त बताया जाता है। रविवार को वह इंदल राम के घर से सिलवट (मसाला पीसने वाला) लेकर भागने लगा। इंदल ने जब उसे पकड़ा, तो उसने लाठी से वार कर दिया।

### पिस्टल व कारतूस संग भारतीय युवक गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूचं)।** नेपाल एपीएफ के जवानों ने बॉर्डर पर स्थित एक होटल में छापेमारी कर एक भारतीय युवक को एक पिस्टल व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसकी बाइक को जब्त कर लिया गया। युवक की पहचान घोड़ासहन के बसतपुर गांव निवासी धनंजय झा के रूप में की गयी है। नेपाल पुलिस के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी की दोनों देशों की सीमा पर स्थित लतमरी वार्ड नंबर चार में सुनील होटल में तीन संदिग्ध युवक हथियारों से लैस किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जमा हैं।

### दो बाइकों की टक्कर में राजमिस्त्री की मौत

**गोपालगंज।** कुचायकोट थाने के हरपुर गांव के समीप रविवार की रात दो बाइकों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत के दौरान बाइक सवार राजमिस्त्री की घटनास्थल ही मौत हो गयी। मृत राजमिस्त्री की पहचान कुचायकोट थाना निवासी 27 वर्षीय लालबाबू कुशवाहा के रूप में की गयी। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह वह रविवार को मजदूरी करके घर लौट रहा था। इस दौरान हरपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित बुलेट बाइक से उसकी बाइक में टक्कर हो गयी। इससे लालबाबू कुशवाहा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

# विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय: ओम बिरला

**पटना।** बिहार विधानसभा में चल रहे 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों की बैठकों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की। साथ ही उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधानसभाओं की बैठकों की घटती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है। यह 1954 में एक चुनौती थी और यह आज भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में मात्र 74 बैठकें की हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने संसद और राज्य विधानसभाओं में योजनाबद्ध व्यवधानों की भी निंदा की और राजनीतिक दलों से सदन की गरिमा बनाए रखने के



लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया।

ओम बिरला ने कहा कि संविधान ने सहकारी संघवाद की अवधारणा को अपनाया है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश विधानसभाएं कागज रहित और डिजिटल हो गई हैं, ताकि सभी बहसों को एक मंच पर लाया जा सके। वर्ष 2025 तक सभी चीजें एक मंच पर उपलब्ध होंगी। अब समय आ गया है कि अन्य लोकतांत्रिक निकायों जैसे पंचायत राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सहकारी समितियों को भी इसमें शामिल किया जाए और राज्य ऐसा कर सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभाओं को सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चाओं का स्थान होना चाहिए और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आकर अपने-अपने दलों के लिए आचार संहिता बनानी चाहिए, ताकि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद लोगों की व्यापक भलाई के लिए अच्छी मिसाल कायम की जा सके।

बिरला ने कहा कि सदनों की गरिमा उसके सदस्यों की गरिमा पर निर्भर करती है और इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण होना चाहिए। सार्थक चर्चा के लिए अधिक जगह बनाने के लिए व्यवधानों और स्थगनों की संख्या कम की जानी चाहिए और पीठासीन अधिकारियों को सभी राजनीतिक दलों के साथ इस पर चर्चा करनी चाहिए। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान गरिमा बनाए रखी जानी चाहिए।

## बिहार की धरती सांस्कृतिक और बैद्धिक विरासत का केंद्र : नंद किशोर यादव

**पटना।** बिहार विधानसभा में आज से शुरू हुए 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि बिहार की धरती भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और बौद्धिक विरासत का केंद्र मानी जाती है। नंद किशोर यादव ने कहा कि यह तीसरी बार है जब बिहार 43 वर्षों के अंतराल के बाद इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस धरती ने भगवान बुद्ध की करुणा, महावीर की अहिंसा और गुरु गोविंद सिंह के साहस को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है जहां से चाणक्य ने सैद्धांतिक राजनीति की शुरुआत की और सम्राट अशोक ने शासन में नैतिकता का संदेश दिया। विधानसभा स्पीकर नंद किशोर यादव ने कहा कि बिहार में चंपारण की धरती है, जिसने गांधी को महात्मा बनाया। आज से शुरू हुआ यह दो दिवसीय सम्मेलन लोकतंत्र को मजबूत करने तथा जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## लूटकांड में शामिल 50 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या- 94/24, लूट कांड के 50 हजार का ईनामी अपराधी को पुलिस ने सोमवार को खरांठ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी नालंदा जिला के दीपनगर थाना स्थित नवीनगर गांव निवासी राजु यादव उर्फ राजीव उर्फ मास्टर साहब के पुत्र विपिन उर्फ आर्यन,जो जिला के टॉप टेन अपराधियों में शामिल है। गिरफ्तार अपराधी पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम भी रखा था । इस मामले का उद्भेदन करते हुए पत्रकार वार्ता के जरिए पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी ने बताया कि इससे पहले तीन अपराधियों नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित शेरपुर निवासी पप्पू पंडित के पुत्र मुस्कान कुमार,खगड़िया जिले के मानसीर थाना क्षेत्र स्थित अमनी गांव निवासी देवेंद्र सिंह के पुत्र धनंजय कुमार और नालंदा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र के हरियरी विगहा निवासी दिनेश प्रसाद के पुत्र पवन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथी ही 25 जुलाई 2024 को सूरज कुमार को भी गिरफ्तार किया जा चुका है ।

## लवकुश हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घीवाढार पंचायत के गोविंदापुर पासवान टोली के युवक लवकुश पासवान के हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल दो युवको पकड़ा है। पकड़े गये युवक गोविंदापुर के लक्ष्मण पासवान का पुत्र सोनू व बाबूलाल प्रसाद का पुत्र सोनेलाल पासवान है। अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि 14 जनवरी को गोविंदापुर निमिया माई स्थान के समीप नहरी से लवकुश का शव गड्ढे से निकाला गया था। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गठित एसआईटी ने मामले का उद्भेदन कर लिया है। पासवान टोली के एक महिला के साथ पन्नालाल प्रसाद को अवैध संबंध बनाते लवकुश ने देख लिया था। गांव में हल्ला न हो, इसके लिए पन्नालाल ने अपने भाई सोनेलाल व लवकुश के जिगरी दोस्त सोनू के साथ मिल हत्या कर दी थी।

# सीएम ने सुपौल जिले को दी 298 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

- 210 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में सुपौल जिले की ग्राम पंचायत बकौर, वार्ड नम्बर 5 तथा जिला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित टाउन हॉल परिसर से 298.0729 करोड़ रुपये की 210 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 13422.75 लाख रुपये की 52 योजनाओं का उद्घाटन तथा 16384.54 लाख रुपये की 158 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला अंतर्गत प्रखंड सुपौल की ग्राम पंचायत बकौर में पूर्वी कोसी तटबंध की कोसी नदी पर निर्माणाधीन भेजा बकौर पुल का हवाई सर्वेक्षण कर निर्माण कार्य की




प्रगति का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुपौल प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बकौर की वार्ड संख्या 5 स्थित बिजलपुर पुनर्वास टोला का भ्रमण कर विभिन्न विभागों द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों का मुआयना किया। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री ने जलाशय जीविका संपोषित 9 ज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन को अगले पांच वर्षों के लिए निःशुल्क हस्तांतरण पत्र, 554 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण के माध्यम से 13 करोड़ 85 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, समाहरणालय परिसर स्थित जीविका दीदी की रसोई की चाबी, 2043 जीविका स्वयं सहायता समूहों को परिक्रमी निधि एवं प्रारंभिक निवेश निधि के तहत 20 करोड़ 72 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 452 लाभार्थियों को 1 करोड़ 72 लाख 78 हजार 900 रुपये का सांकेतिक चेक एवं सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत ई-रिक्शा की चाबी लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला प्रशासन द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई से संबंधित पुस्तिका 'समाधान' वर्ष-2025 का विमोचन तथा सुपौल जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा तैयार कराई गई 'टॉयलेट क्लीनिक एक समाधान' लघु फिल्म का अभिमोचन किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने त्रिवेणीगंज मुख्य बाजार में प्रस्तावित बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को रेखाचित्र के माध्यम से बाईपास निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसकी लंबाई 6 किमी. है और इसकी प्राक्कलित राशि 50 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने सुपौल जिला मुख्यालय स्थित सुधा डेयरी के विस्तारीकृत 24.13 करोड़ रुपये की लागत वाली डेयरी संयंत्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और बटन दबाकर संयंत्र का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विस्तारीकृत डेयरी संयंत्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट को देखा और इसके कार्य पद्धति के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि इस दूध उत्पाद संयंत्र से प्रतिदिन एक से दो लाख लीटर दूध क्षमता का विस्तार होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुधा डेयरी द्वारा निर्मित उत्पादों और इसकी खपत के बारे में भी जानकारी ली।

## पेज एक का शेष

### आत्मनिर्भरता के...

पूरे देश में सामूहिक प्रयासों से हमने इसमें काफी प्रगति भी की है। इस क्षेत्र में हमारी प्रगति ने आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास को बढ़ावा दिया है और परंपराओं तथा उद्यमिता को लोकप्रिय बनाया है।"

### अंतरिक्ष में आज...

वहीं, बुध और वरुण (युरेनस) ग्रहों को देखने के लिए दूरबीन की आवश्यकता हो सकती है।

ज्योतिषियों का मानना है कि इस संयोग के कारण वर्षा की अधिकता हो सकती है। मध्य और उत्तर भारत के कुछ प्रमुख क्षेत्रों में भारी वर्षा की संभावना है, और इसके परिणामस्वरूप ओलावृष्टि भी हो सकती है। इससे सबसे अधिक नुकसान फसलों को होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव किसानों पर पड़ेगा।

### रिम्स आधुनिक...

रांची के महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक परिसर में अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए 525 तथा आदिवासी छात्रावास परिसर में 525 छात्रों के लिए छात्रावास बनाने का प्रस्ताव है, जबकि पलामू जिले के डालटनगंज में बाईपास रोड रेड़मा में एसटी वर्ग के लिए 525-525 छात्रों के लिए दो छात्रावासों का निर्माण किया जाना है। अगले एक माह के अंदर सभी छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी नवनिर्मित छात्रावासों में चहारदीवारी, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारी, रसोइया, आवश्यक फर्नीचर जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के अंदर वन्य जीव अभ्यारण्य के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया।

गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश : इसके अलावा वन क्षेत्र में स्थित गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम ने मधुबन से पारसनाथ हिलटॉप को जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को जल्द दूर करने को कहा, ताकि आम लोगों को हो रही समस्याओं का समाधान हो सके।

### डोनाल्ड ट्रंप का...

**रविवार को किया था बड़ा एलान** : शपथ ग्रहण से एक दिन पहले रविवार को वॉशिंगटन डीसी में समर्थकों से खचाखच भरे कैपिटल वन एरिना में आयोजित विजय रैली 'मेक अमेरिका ग्रेट एगेन' में उन्होंने कहा था कि बहुत जल्द अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू कर अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकाला जाएगा। सोमवार को पद संभालने के तुरंत बाद ट्रंप कार्यकारी आदेश जारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा था कि 75 दिन पहले, हमने अपने देश की अब तक की सबसे शानदार राजनीतिक जीत हासिल की है। मैं हमारे देश के सामने आने वाले हर संकट का समाधान करूंगा। हम अपने देश को पहले से कहीं अधिक महान बनाने जा रहे हैं।

**ट्रंप के शपथ समारोह में कौन-कौन** : शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा, निवर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस मौजूद रहीं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, उनकी पत्नी मिशेल ओबामा उनके परिवार के सदस्य, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और उनकी पत्नी हिलेरी क्लिटंन भी शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति जार्ज बुश जूनियर और उनकी पत्नी लारा बुश भी इस दौरान मौजूद रहे। देश के सभी वरिष्ठ राजनेताओं के अलावा, शीर्ष सैन्य और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### संजय रॉय को...

बीएनएस की धारा 103(1) में अधिकतम आजीवन कारावास या फिर मौत की सजा का प्रावधान होता है।

**आखिर संजय रॉय को क्यों बनाया गया मुख्य आरोपी** : संजय रॉय मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया था। वह एक सिविल वॉलंटियर था जो सिटी पुलिस के साथ मिलकर काम करता था। कोलकाता पुलिस ने उसे डॉक्टर का शव मिलने के एक दिन बाद यानी 10 अगस्त को गिरफ्तार किया। पीड़ित के शव के पास मिले ब्लूटूथ इयरफोन के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय को पकड़ा था। घटना के सीसीटीवी कैमरे में फुटेज में ब्लूटूथ इयरफोन को गले में लटकाए सेमिनार हॉल में इंटर करते वह नजर आया था।

**सीबीआई को सौंपी गई आरजी कर मामले की जांच** : कलकत्ता हाई कोर्ट ने मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा था। अपराध के तुरंत बाद पुलिस और राज्य सरकार के रवैये पर सख्त टिप्पणी कोर्ट की ओर से की गई। केंद्रीय एजेंसी ने मुख्य आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की है। एजेंसी ने सबूत नष्ट करने के कथित प्रयासों के लिए आरजी कार के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के अधिकारी अभिजीत मंडल को भी गिरफ्तार किया, हालांकि बाद में को जमानत पर रिहा कर दिया गया। ऐसा इसलिए क्योंकि एजेंसी 90 दिनों से पहले उनके खिलाफ आरोपपत्र दर्ज करने में सीबीआई विफल रही।

### जेल से चुनाव...

**क्या कहा सुप्रीम कोर्ट ने** : न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही पीठ उठने लगी, हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने जवाब में टिप्पणी की, ₹जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए।₹

**ताहिर हुसैन के वकील की दलील** : उनके वकील ने कहा कि हुसैन का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को हुसैन को एआईएमआईएम के टिकट पर मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए हिरासत में पैरोल प्रदान की थी। हालांकि, अदालत ने चुनाव लड़ने के लिए 14 जनवरी से नौ फरवरी तक अंतरिम जमानत की उनकी याचिका को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि हिंसा में मुख्य आरोपी होने की वजह से हुसैन के खिलाफ आरोपों की गंभीरता की अनदेखी नहीं की जा सकती, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की मौत हो गई।

**यूएपीए मामले में हिरासत में** : उच्च न्यायालय ने कहा था कि दंगों के सिलसिले में उसके खिलाफ लगभग 11 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। वह संबंधित धन शोधन मामले और यूएपीए मामले में हिरासत में हैं। फरवरी, 2020 को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें 53 लोग मारे गए और कई घायल हो गए।

### पत्रकारिता में लाइफटाइम...

यह कार्यक्रम नवाचार, उत्कृष्टता और सफलता का जश्न मनाने के लिए समर्पित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त ने राज्य के संसाधनों का सामूहिक उपयोग और एकता पर जोर दिया।

बता दें कि यह द टाइम्स ऑफ इंडिया की 16 वर्षों से चली आ रही प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य विनिर्माण, निर्यात, कॉर्पोरेट, शिक्षा, रिटेल, आतिथ्य, रियल एस्टेट, खाद्य उद्योग सहित 36 श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचानना और पुरस्कृत करना है। इस कार्यक्रम ने उन नेताओं को उजागर किया, जिन्होंने राज्य की प्रगति और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुरस्कारों के परिणाम एक स्वतंत्र शोध एजेंसी, अवांस फील्ड एंड ब्रांड साल्यूशन एलएलपी द्वारा किए गए शोध पर आधारित हैं। यह विश्लेषण प्रतिभागियों द्वारा प्रदान की गई तथ्यों और धारणा आधारित डेटा के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार, पत्रकार कौशल किशोर जायसवाल और पर्यावरणविद् नंदिनी गुप्ता मौजूद रहे।

### धनबाद: बीसीसीएल का...

प्रणय सरकार, कोयला भवन में सीएमपीएफ क्लर्क के पद पर कार्यरत है। सीएमपीएफ से संबंधित कार्य प्रणय सरकार देखता है। सीबीआई की टीम उसके ऑफिस को खंगाल रही है। इसके साथ ही उसके आवास पर भी सीबीआई की टीम जांच पड़ताल कर रही है।

सरायढेला में स्थित बीसीसीएल की जगजीवन नगर टाउनशिप में दीपक कुमार नाम का बीसीसीएल कर्मी कार्यरत थे। उसने बीसीसीएल से रिजाइन दिया था। इसके बाद वह अपने पीएफ के पैसे के लिए लगातार कोयला भवन का चक्कर लगा रहे थे। कोयला भवन के सीएमपीएफ विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत प्रणय सरकार उससे घूस की मांग कर रहा था।

प्रणय सरकार की कार्यशैली से परेशान होकर दीपक ने मामले की शिकायत सीबीआई से की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले की जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान प्रथम दृष्टया सीबीआई ने मामला सही पाया। इसके बाद आज सीबीआई ने जाल बिछाकर प्रणय सरकार को गिरफ्तार कर लिया है।

सीबीआई एएसपी पीके झा ने बताया कि पीएफ क्लर्क प्रणय सरकार को सात हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। वह एक रियाटर्ड बीसीसीएल कर्मी से पीएफ के पैसे की निकासी के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसके कार्यालय की जांच पड़ताल अभी टीम कर रही है।

### सेक्टर-16 में...

इस बीच सोमवार की सुबह करीब नौ बजे सेक्टर-16 में किन्नर अखाड़ा के सामने टेंट में आग लग गई। आग देखते ही आसपास के लोगों में खलबली मच गई। हालांकि लोगों ने हिम्मत से काम लिया और खुद ही बाल्टी से पानी लेकर आग को बुझाने की कोशिश में जुट गए। इसी बीच वॉच टॉवर पर तैनात कर्मचारियों ने आग देखते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर फायरकर्मी और फायर बुलेट पर सवार टीमें पहुंच गईं। हालांकि तब तक टेंट में ठहरे लोग और आसपास के लोगों ने बाल्टी से पानी डालकर काफी हद तक आग पर काबू कर लिया था।

अग्निशमन विभाग के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग को बुझा दिया गया है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लगातार मेला क्षेत्र में टेंटों व अखाड़ों में ठहरे श्रद्धालुओं को गाइड लाइन का पालन करने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। ताकि दिव्य व भव्य के साथ महाकुम्भ को सुरक्षित बनाया जा सके।

उन्होंने एक बार फिर लोगों से अपील की कि टेंट में किसी प्रकार की आग न जलाएं। माना जा रहा है कि आज की आग बीड़ी, सिगरेट या अन्य धुम्रपान वाली चीज से लगी है। फिलहाल आग के नहीं भड़कने से सभी ने राहत की सांस ली है। फायर ब्रिगेड के कर्मी लगातार अब लोगों के बीच जा रहे हैं और लोगों को आग के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

### यूसीसी नियमावली...

92 पन्नों की इस नियमावली में प्रदेश के सभी नागरिकों के विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार के अधिकार, लिव इन रिलेशनशिप व लिव-इन रिलेशनशिप की समाप्ति का पंजीकरण करने की व्यवस्था बताई गई है। देश में स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य होगा।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हमने 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। इसकी नियमावली पर मुहर लग गई है। जल्द इसे लागू करने की तिथि की घोषणा की जाएगी। समान नागरिक संहिता की गंगा उत्तराखंड से निकलकर पूरे देश में जाएगी।

### झारखंड आंदोलनकारी...

**शव पर मिला खून का निशान** : जेएमएम नेता लेखो मंडल ने कहा कि मृतक के शव को डोभा से निकाला गया, तो उनके मुंह-नाक-आंख से खून निकल रहा था और गर्दन में मफलर कसा हुआ था। मृतक के भतीजा प्रमोद कुमार का कहना है कि रविवार दोपहर 12 बजे उमेश महतो घर से निकले थे। इस बीच खबर मिली कि उनकी लाश डोभा में है। मौके पर पहुंचने के बाद उन्होंने रवींद्र को सूचना दी। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी गई और शव को बाहर निकाला गया।

### गरियाबंद में मुठभेड़...

डॉक्टरों के अनुसार, जवान की स्थिति ठीक है। उसे मामूली चोट आई है।

सर्चिंग अभियान के दौरान गोलीबारी : मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोबरा कमांडो की चोट मामूली है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर पुलिस थाने के अंतर्गत जंगल में सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान गोलीबारी हुई। छत्तीसगढ़ से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और कोबरा तथा ओडिशा से विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवान अभियान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ अब भी जारी है।

राखेचा ने कहा, ₹ दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। कोबरा के एक जवान को गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया है। उसकी हालत स्थिर है।₹ मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबल के जवानों इलाके में सर्चिंग अभियान चला रहे हैं।

20 दिनों में 28 नक्सली ढेर : अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी में छत्तीसगढ़ में हुईं अलग-अलग मुठभेड़ों में अब तक 28 नक्सली मारे जा चुके हैं। सुरक्षाकर्मियों ने 16 जनवरी को एक बड़े अभियान के तहत बीजापुर जिले में 18 नक्सलियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने बताया कि 2024 में छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने कुल 219 नक्सलियों को मार गिराया।

नक्सल प्रभावित जिलों में एक्शन : बता दें कि छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में सुरक्षाबल के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। बस्तर के अतंर्गत आने वाले 7 जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं।

**जम्मू-कश्मीर: सोपोर मुठभेड़ में घायल सैनिक ने तोड़ा दम** : जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर जिले के जालोरा के गुज्जरपति इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में घायल हुए एक सैनिक ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक रविवार शाम करीब 7 बजे यह अभियान शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया।

**सुबह फिर शुरू हुई मुठभेड़** : घना अंधेरा होने के कारण रविवार रात को अभियान रोक दिया गया था। सोमवार सुबह अभियान दोबारा शुरू हुआ। इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। रविवार की मुठभेड़ में एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोमवार सुबह उसे सेना के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जवान की मौत की पुष्टि की।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

2018 में बीजेपी के तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह को हत्यारा कहने को लेकर एक बीजेपी कार्यकर्ता ने यह मुकदमा दर्ज कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुक़दमा खत्म करने की राहुल गांधी की याचिका पर झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है।

**झारखंड हाईकोर्ट ने केस रद्द करने से किया इंकार** : 2018 में राहुल गांधी ने बयान दिया था कि बीजेपी ऐसी पार्टी है, जिसके नेता एक हत्यारे को भी पार्टी अध्यक्ष के रूप में स्वीकार कर लेते हैं। इस बयान से आहत होकर बीजेपी के कार्यकर्ता नवीन झा ने रांची की अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। अदालत ने राहुल गांधी को पेशी के लिए समन भी जारी किया था। राहुल गांधी ने इस मुकदमे को रद्द करने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। पिछले साल फरवरी में हाई कोर्ट ने उनकी इस अर्जी को खारिज कर दिया था। इस आदेश को राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

**कोर्ट में रखी गई दलील** : सुप्रीम कोर्ट में यह मामला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस सन्दीप मेहता के सामने लगा। सोमवार को राहुल गांधी की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि इस मामले में नवीन झा जिन्होंने शिकायत दर्ज कराई है, वो सीधे प्रभावित पक्ष नहीं हैं। इसलिए उनकी ओर से याचिका दाखिल करने का औचित्य नहीं बनता। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने चार हफ्ते में उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा। वो जो जवाब दाखिल करेंगे, उस पर राहुल गांधी दो हफ्ते में जवाब दाखिल करेंगे। 6 हफ्ते बाद सुप्रीम कोर्ट आगे सुनवाई करेगा।

## बिहार के पश्चिमी चंपारण में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की हुई मौत

पश्चिमी चंपारण। बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन ने अभी तक मौत के कारणों की पुष्टि नहीं की है। एसपी शौर्य सुमन ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों में सात लोगों की मौत हुई है। इसमें पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, लेकिन पुलिस को इन मौतों की सूचना 20 जनवरी को मिली। मृतकों के शव को पहले ही अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा चुका था, इससे मौत के कारण का पता लगाना और मुश्किल हो गया है। पुलिस ने बताया कि सात मौतों में से दो मामलों में शराब से संबंधित होने की पुष्टि नहीं हुई है। एक व्यक्ति की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। बाकी पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं प्रशासन के आला अधिकारियों ने बताया कि जांच टीम को 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। टीम यह भी पता लगाएगी कि पिछले तीन-चार दिनों में लौरिया क्षेत्र में किन-किन लोगों की मौत हुई। मृतकों के परिजनों का कहना है कि सभी ने जहरीली शराब का सेवन किया था। एक मृतक के भाई ने बताया, मेरे भाई ने अपने दोस्त के साथ शराब पी थी। दोनों की मौत हो गई।

## हर्षा, आईआईटी बाबा पर बोले धीरेंद्र शास्त्री : कुंभ वायरल का नहीं, आस्था का केंद्र

छतरपुर। प्रयागराज महाकुंभ में चर्चा का केंद्र बिंदु बनी मोनालिसा, हर्षा रिछारिया, आईआईटी बाबा पर मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वरधाम धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान सामने आया है। छतरपुर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, महाकुंभ वायरल का विषय नहीं है। यह हमें उचित नहीं लगता। हम इसके खिलाफ हैं। बल्कि यह आस्था का विषय है। संस्कृति का कुंभ है। हमने पहले ही कहा कि रील नहीं रियल के लिए कुंभ में जाना चाहिए। वहां भी जो दो-तीन चीज चल रही हैं, उससे कहीं न कहीं मुख्य मुद्दे से महाकुंभ भटक रहा है। बाबा बागेश्वर ने कहा, महाकुंभ में विचार विमर्श इस बात पर होना चाहिए कि सनातन कैसे बचेगा? हिंदुत्व कैसे जागेगा? हिंदू राष्ट्र कैसे बनेगा और जो हिंदू नहीं हैं, उनकी घर वापसी कैसे कराई जाए? दरअसल, महाकुंभ में माला बेचने वाली इंदौर की मोनालिसा नाम की लड़की अपनी खूबसूरत आंखों की वजह से वायरल हो रही है। प्रयागराज पहुंची यूट्यूबर्स साध्वी के भेष में सामने आई मॉडल हर्षा रिछारिया और आईआईटीयन बाबा अभय सिंह के वीडियो वायरल कर रहे हैं।

## हर हफ्ते सामने आते हैं 18 नये घोटाले, मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर 30,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

मुंबई। भारत में मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर हर हफ्ते 17 से 18 से अधिक निवेश और सदस्यता घोटाले हो रहे हैं। इसके जरिए लाखों लोगों के साथ ठगी की वरदात को अंजाम दिया जाता है। इसमें निवेशकों को करोड़ों रुपए गंवाने के बाद सिर्फ अफसोस ही होता है। यह बात प्रकाश में आई है कि देश में करीब 30,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली योजनाएं चल रही हैं, जिनका पर्दाफाश नहीं हुआ है और कुछ हद तक जांच चल रही है। दरअसल स्ट्रैटेजी इंडिया ने 2007 से भारत में स्थापित 14,000 से अधिक एमएलएम (मल्टी-लेवल मार्केटिंग) योजनाओं पर जानकारी एकत्र की और उसका विश्लेषण किया। तब से अब तक 4,000 से अधिक योजनाओं में धोखाधड़ी का खुलासा हो चुका है और इस संगठन द्वारा अलर्ट जारी किया जा चुका है। संगठन ने कहा कि इससे हमें अवैध, धोखाधड़ी वाली योजनाओं की पहचान करने में मदद मिली है। गेन बिटकॉइन और आईएक्स ग्लोबल जैसी योजनाओं के साथ-साथ हाल ही में मुंबई में उजागर हुए टोरेस घोटाले को संगठन की घोटाला चेतावनी सूची में बहुत पहले ही शामिल कर लिया गया था। स्ट्रॅटेजी इंडिया के प्रमुख प्रांजल आर.डैनियल कहते हैं कि किसी योजना को घोटाला के रूप में पहचानने के लिए, सभी को उस योजना की कुछ जानकारी की जांच करनी होगी। इससे पहले कि आप किसी धोखाधड़ी में फंसकर वित्तीय नुकसान उठाएं।

## सोपोर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, गोलीबारी जारी

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर के ऊपरी इलाके में सुरक्षा बलों के घेरने के बाद कम से कम दो आतंकवादी घिर गए। इससे पहले 22 आरआर, 179 बीएन सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसओजी ने सोपोर के ज़लूरा गुजरपट्टी में एक 'कासो( घेरा डालना और तलाशी अभियान) चलाया था। अभियान के दौरान ही आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि सोपोर पुलिस जिले के जलूरा गुज्जरपति में एक तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों के मुताबिक, ऑपरेशन में अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले 9 नवंबर को सोपोर इलाके में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था। कश्मीर संभाग की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि बारामूला के रामपोरा सोपोर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ था। इसी दौरान गोलीबारी शुरू हुई और जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। कश्मीर जोन पुलिस ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से जालूरा, सोपोर में शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। उसी दौरान अंदर से गोलीबारी की गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई। सेना ने बताया कि रविवार को, आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया इनपुट के आधार पर, सोपोर में जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त घेरा और सर्च अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान सैनिकों को संदिग्ध गतिविधि देखने को मिली और चुनौती दिए जाने पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# कोर्ट के फैसले पर बोलीं ममता : मैं संतुष्ट नहीं कोलकाता पुलिस से जबरन छीना गया केस

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को कोलकाता की अदालत द्वारा मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने पर निराशा व्यक्त की। सियालदह अदालत के फैसले पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में ममता बनर्जी ने कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं। हम सभी ने मौत की सजा की मांग की, लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दे दिया। बनर्जी ने दावा किया कि जांच कोलकाता पुलिस से जबरन छीन ली गई, और कहा कि अगर यह उनके पास होती, तो उन्होंने मौत की सजा सुनिश्चित की होती। मुर्शिदाबाद जिले में पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने मामले की सीबीआई जांच पर सवाल उठाया। ममता बनर्जी ने कहा कि हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने मौत तक उम्रकैद की सजा दी है. 'हमसे जबरन केस छीन लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा दी जाती।



हमें नहीं पता कि जांच कैसे की गई। राज्य पुलिस द्वारा जांच किए गए ऐसे ही कई मामलों में मौत की सजा सुनिश्चित की गई। मैं संतुष्ट नहीं हूं।

सियालदह अदालत ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद संजय रॉय को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को रॉय को पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के खिलाफ किए गए अपराध का दोषी पाया था, जिसके कारण देश भर में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुआ था। न्यायाधीश दास ने दोषी को मौत की सजा नहीं देने के लिए कहा कि यह अपराध दुर्लभ से दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।

न्यायाधीश ने कहा कि धारा 64 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा रही है और 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माना अदा न करने पर पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने कहा कि धारा 103(1) के तहत रॉय को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई जाती है और जुर्माना नहीं देने पर उसे पांच महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि इसके अतिरिक्त धारा 66 के तहत भी उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाती है।

## 42 साल बाद बिहार में हो रहा अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन

### -28 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, 6 विधानसभा परिषद के सभापति ले रहे भाग

पटना। बिहार में करीब 42 साल बाद दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन आयोजित हो रहा है। विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में ये कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला अध्यक्ष में मौजूद रहेंगे। यह सम्मेलन 1982 के बाद बिहार में हो रहा है। तब कांग्रेस के राधा नंदन झा विधानसभा अध्यक्ष थे। इस सम्मेलन में देशभर के पीठासीन पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 28 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, 6 विधानसभा परिषद के सभापति और केंद्र शासित प्रदेशों के स्पीकर समेत करीब 300 अतिथि शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश भी मौजूद रहेंगे। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन, भारत के विधायी निकायों की सर्वोच्च संस्था है। सम्मेलन के आयोजक लोकसभा सचिवालय होते हैं। पटना में यह सम्मेलन इससे पहले 1982 में हुआ था। अभी देश के 22 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में विधानसभा हैं। जबकि 6 राज्यों में विधानसभा और विधान परिषद दोनों हैं। सम्मेलन में लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी भी शामिल होते हैं। सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी अतिथि पटना पहुंच चुके हैं। सम्मेलन का समापन सत्र 21 जनवरी को सेंट्रल हॉल में होगा और इसके बाद सभी गेस्ट पटना के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे हरि मंदिर साहिब गुरुद्वारा, बापू टावर, सभ्यता द्वार और बिहार संग्रहालय जाएंगे।

## कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर अंतिम ट्रायल पूरा, अब दूर नहीं कश्मीर-कन्याकुमारी

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) प्रोजेक्ट के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह यूएसबीआरएल का आखिरी टेस्ट रन है। सबकुछ सही और ठीक रहने पर इस प्रोजेक्ट को हरी झड़ी दे दी जाएगी।

41 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 272 किमी. है। इसमें 111 किमी. का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी. लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है। रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पुल की लंबाई 1315 मीटर, जबकि नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इस पुल को बनाने में करीब 20 साल का वक्त लगा, जबकि 1486 करोड़ रुपए की निर्माण लागत आई है।

भारतीय रेलवे ने प्रोजेक्ट के जरिए एक और उपलब्धि अपने नाम पर दर्ज की है। अंजी खड्ड पर बनाया गया पुल भारतीय रेलवे का पहला केबल-स्टेड पुल है। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इस सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला इमारत के बराबर ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है जो रियासी जिले को कटरा से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी माह 7 किलोमीटर है। इस पुल की कुल लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। जून, 2024 में हुआ था पहला ट्रायल रन जम्मू के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का पहला ट्रायल रन जून, 2024 में हुआ था। यह ट्रेन चिनाब ब्रिज से भी होकर गुजरी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसके सफल परीक्षण की जानकारी दी थी। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है। एफिल टावर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है।

# संविधान पर हो रहा हमला, कांग्रेस बोली- राष्ट्रविरोधी बयान के लिए मोहन भागवत को मांगनी होगी माफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में अपनी 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली से पहले, कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान पर हमला हो रहा है और अपनी मांग दोहराई कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को स्वतंत्रता आंदोलन पर दिए गए राष्ट्रविरोधी बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी दल ने यह भी दावा किया कि महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है और बीआर अंबेडकर पर हमला किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि कल कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली बेलगावी में होगी। यह 27 दिसंबर, 2024 को होना था लेकिन डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बेलगावी में ही महात्मा गांधी ने 26 दिसंबर, 1924 को कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला था। आज महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा



है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर पर हमला किया जा रहा है। भारत के संविधान और उसके मूल्यों पर आक्रमण हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि बेलगावी रैली महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर की विरासत को संरक्षित करने और उन्हें आगे ले जाने के कांग्रेस के दृढ़ संकल्प की पुष्टि है। इसके बाद 27 जनवरी को डॉ. अंबेडकर की जन्मभूमि महू में भी इसी तरह की रैली होगी। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत को 14 जनवरी 2025 को स्वतंत्रता आंदोलन को लेकर दिए अपने घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान के लिए माफी मांगनी होगी। केंद्रीय गृह मंत्री को 17 दिसंबर, 2024 को संसद में डॉ. अंबेडकर पर की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी के लिए इस्तीफा देना होगा और माफी मांगनी होगी।

कांग्रेस ने बार-बार यह भी आरोप लगाया है कि शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से पता चलता है कि भाजपा और आरएसएस नेताओं को अंबेडकर के प्रति बहुत नफरत है और उनसे माफी की मांग की गई है। पार्टी के एक परिपत्र में कहा गया था कि महू में रैली संविधान की 75वीं वर्षगांठ और भारत के गणतंत्र की स्थापना के साथ-साथ सत्तारूढ़ शासन द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत पर कथित हमले का जश्न मनाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय साजिश की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता : अदालत

मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को 24 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित पुलिस की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक था और उसकी करनी के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें यह पता लगाने की जरूरत है कि इस मामले का संबंध किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश से है या नहीं। रिकॉर्ड पर मौजूद दस्तावेजों पर गौर करने के बाद पुलिस की दलील को स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए अंतरराष्ट्रीय साजिश के आरोप को असंभव नहीं कहा जा सकता।

इससे पहले दिन में पुलिस ने मीडिया को बताया था कि कथित हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद एक बांग्लादेशी नागरिक था जिसने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद अपना नाम बदलकर बिजॉय दास रख लिया था। उसे ठाणे शहर से सटे इलाके से पकड़ा गया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 311 (लूट या डकैती के दौरान गंभीर चोट या मौत), 331(4) (घर में घुसना) तथा पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा था कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, वह 16 जनवरी को तड़के चोरी के इरादे से बांद्रा में सतगुरु शरण इमारत में बॉलीवुड ऐक्टर के घर में दाखिल हुआ था।

# जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी बीमारी से हो रही मौतों के बाद झरने को किया सील

### बुधल गांव की घेराबंदी कर 24 घंटे झरने पर नजर रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बुधल गांव में तीन परिवारों के 17 सदस्यों की रहस्यमयी बीमारी से मौतों की चल रही जांच के बीच अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र एक झरने को सील कर दिया है। झरने के पानी में कुछ कीटनाशकों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस वजह से लोग डरे हुए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बुधल गांव के झरने से लिए गए पानी के नमूनों में कुछ कीटनाशकों मिले हैं। इसको पीएचई डिवीजन राजौरी ने अवरुद्ध कर दिया है और संबंधित मजिस्ट्रेट ने सील कर दिया है।



ऐसी आशंका है कि गांव की आदिवासी आबादी चोरी-छिपे इस झरने के पानी को इकट्ठा कर सकती है। इसलिए तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ग्रामीण किसी भी हालत में इस झरने के पानी का इस्तेमाल न करे। इसकी घेराबंदी कर दी गई है। उन्होंने राजौरी जिले के बुधल गांव की घेराबंदी करने और वहां 24 घंटे 2 से 3 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती का निर्देश दिए हैं।

बता दें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जम्मू के राजौरी जिले में रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए गृह मंत्रालय की अगुवाई में एक टीम के गठन का आदेश दिया था। यह टीम रहस्यमयी बीमारी से मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। इस टीम की जम्मू-कश्मीर के फोरेंसिक साइंस, पशुपालन और खाद्य सुरक्षा विभाग भी मदद कर रहे हैं।

राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की अध्यक्षता में स्थानीय डॉक्टरों की एक टीम ने लोगों की आशंकाओं को दूर करने के लिए बुधल गांव में थी। उन्होंने लोगों को बताया कि विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है, जो तुरंत इलाज न किए जाने पर अपरिवर्तनीय हो सकता है। ज्यादातर मरीज विषाक्त पदार्थों के कारण अपरिवर्तनीय मस्तिष्क क्षति होने के बाद अस्पताल पहुंचे थे, जिसके बारे में डॉक्टर ज्यादा कुछ नहीं कर सके थे।

## महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का तांता, अब तक गंगा में 8.26 करोड़ लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में गंगा में आस्था की डूबकी लगाने के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं का आना जारी हैं। यूपी सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक़ त्रिवेणी संगम पर आज 22.79 लाख से अधिक तथा अब तक 8.26 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ मेला 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महाकुंभ का यह आयोजन हर 12 साल में होता है और यह दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक माना जाता है। श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के लिए यहां आते हैं।



वहीं कुंभ मेले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में दिव्य महाकुंभ का महत्व भी बताया। मन की बात के 118वें संबोधन में बोले, महाकुंभ समता समरसता का असाधारण संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 118वें एपिसोड में कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं।

वहीं आगे प्रधानमंत्री ने कहा हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। इसमें भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें ये भी बताता है कि कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।

# कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर मचा बवाल, विधायकों ने खोला मोर्चा

**प्रभारी शिवराज सिंह बोले- नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए कराया जाएगा चुनाव**


**बेंगलुरु (एजेंसी)।** नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव से पहले कर्नाटक बीजेपी में गुटबाजी और कलह इतनी बढ़ गई है कि पार्टी के नेता सार्वजनिक सभाओं में एक-दूसरे की खिंचाई कर रहे हैं। कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ विधायक बसनगौड़ा आर पाटिल यतनाल और रमेश जारकीहोली ने मोर्चा खोल दिया है। विधायक जारकीहोली ने उन्हें बच्चा बताया और दावा किया वह लंबे समय तक पार्टी अध्यक्ष पद पर नहीं रहेंगे।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया है कि दोनों विधायक कांग्रेस के इशारे पर पार्टी में कलह कर रहे हैं और उनके पिता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ अनाप-शनाप बोल रहे हैं। इसकी शिकायत केंद्रीय नेतृत्व से करेंगे ताकि उन्हें पार्टी से बाहर किया जा सके। कर्नाटक में बीजेपी के दो गुटों में लंबे समय से खींचतान चल रही है। कर्नाटक बीजेपी चीफ को लेकर बवाल मचा है। पार्टी के कई नेता और विधायक पार्टी में यदियुरप्पा के वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और कर्नाटक बीजेपी के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने संकेत दिए हैं कि राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद से प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के विरोधी गुट के नेता और मुखर हो गए। दोनों गुटों में जुबानी जंग छिड़ गई है। विजयेंद्र ने पूर्व सीएम येदियुरप्पा को भला-बुरा कहने के लिए गोकक विधायक रमेश जारकीहोली को चेतावनी दे दी है।

विजयेंद्र ने कहा कि रमेश जारकीहोली को अपनी जुबान पर काबू रखें। येदियुरप्पा एक राजनेता और कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अनंत कुमार के साथ मिलकर राज्य के कोने-कोने की यात्रा करके पार्टी का निर्माण किया है। जारकीहोली हाल ही में पार्टी में शामिल हुए हैं। दिग्गज नेता के बारे में अनाप-शनाप बोलकर वह पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने विधायक जारकीहोली को सलाह दी कि अगर उन्हें पार्टी के कामकाज से समस्या है तो दिल्ली में नेताओं के साथ बात करनी चाहिए।

इसके जवाब में विधायक रमेश जारकीहोली ने बीवाई विजयेंद्र को चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र ने मुझे चेतावनी दी है कि मैं राज्य में कहीं भी स्वतंत्र रूप से नहीं घूम सकता। अब मैं शिकारीपुरा जाऊंगा और विजयेंद्र के घर के सामने अपना आंदोलन शुरू करूंगा। मैं कोई पुलिस या बंदूकधारी के साथ नहीं बल्कि अकेले जाऊंगा। बेलगावी में एक सार्वजनिक रैली में बोलते हुए जारकीहोली ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि विजयेंद्र, आप एक बच्चा हैं। आप प्रदेश अध्यक्ष नहीं रहेंगे। येदियुरप्पा हमारे नेता हैं और हमने हमेशा उनका सम्मान किया है।

दोनों विधायकों के बयान के बाद विजयेंद्र समर्थकों और पूर्व मंत्रियों एमपी रेणुकाचार्य और कट्टा सुब्रमण्य नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यतनाल और जरकीहोली को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। विजयेंद्र समर्थकों ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पहले ही राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं और अपने



संगठनात्मक कौशल के माध्यम से अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। उनके खिलाफ अब इस तरह की आलोचना बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बीच बीजेपी के राज्य महासचिव और पूर्व मंत्री वी सुनील कुमार संगठनात्मक पद छोड़ने की इच्छा जताई है। पार्टी सूत्रों ने का कहना है कि उन्हें अभी तक सुनील कुमार से इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं मिला है।

# सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलें ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत को ज़्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 40-50 गेंदों का सामना करता है तो वह टीम के लिए खेल को अच्छी तरह से समाप्त कर सकता है। शनिवार को पंत को 22 जनवरी से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू तीन वनडे और फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। यह अनिश्चित है कि पंत या केएल राहुल भविष्य में 50 ओवर के मैचों में भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे या नहीं। 31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत से 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन रहा है।

रैना ने कहा, उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग में बहुत सुधार किया है, (लेकिन) ऋषभ पंत को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि यह 50 ओवर का टूर्नामेंट है। इंग्लैंड के साथ आगामी टूर्नामेंट में आपको 5 टी20 और 3 वनडे खेलने हैं, यह ऋषभ पंत के लिए एक अच्छा अवसर होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे खेलते हैं; मुझे लगता है कि अगर यशस्वी शीर्ष क्रम में नहीं खेलते हैं तो ऋषभ पंत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी, वह चौथे स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, वह हार्दिक से पहले बल्लेबाजी करने भी आ सकते हैं क्योंकि अगर ऋषभ 40-50 गेंदें खेलते हैं तो वह खेल को खत्म कर सकते हैं। उसे खुद से कहना होगा कि अगर मैं पचास गेंद खेलता हूं तो मैं 80-100 रन बना सकता हूं, लेकिन उसके लिए कुछ समय बिताना महत्वपूर्ण है। अगर वह गलती करता है तो उसे बहुत नुकसान होगा क्योंकि उसके पास वह प्रतिभा है, उसके पास वह क्षमता है, वह भारतीय टीम के लिए एक्स फैक्टर बनने जा रहा है। भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जहां रैना रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ विजेता टीम के सदस्य थे। यह पूछे जाने पर कि क्या कोहली, रोहित और जडेजा जैसे खिलाड़ी अगले महीने दुबई में 2013 की विजयी वीरता को दोहरा पाएंगे? रैना ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, %मुझे 2013 में अच्छी तरह से याद है जब रोहित शर्मा और विराट कोहली जीते थे; यह एक शानदार जश्न और माहौल था। मुझे लगता है कि रवींद्र जडेजा ने उस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता क्योंकि उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की थी। वे तीनों अब एक ही टीम का हिस्सा हैं।






अंडर-19 विश्व कप

# नाइजीरिया, यूएसए की ऐतिहासिक जीत

## ऑस्ट्रेलिया ने भी बांग्लादेश को रोमांचक मैच में हराया

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के तीसरे दिन का खेल नाइजीरिया और यूएसए के लिए ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की।

नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराकर अपने पहले ही वैश्विक टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह मुकाबला 13 ओवर का था, जिसमें नाइजीरिया की कप्तान लकी पायटी ने टीम के लिए पहला छक्का लगाकर बढ़त बनाई। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद नाइजीरिया के तीन विकेट 28 रन पर गिरा दिए।




लिलियन उडे ने 19 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। ओमोसिघो एगुआकुन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड के सामने 66 रनों का लक्ष्य रखा। गेंदबाजी में नाइजीरिया ने शानदार शुरुआत की, पहली ही गेंद पर केट इरविन को रन आउट किया। आखिरी ओवर में लिलियन ने सिर्फ 6 रन दिए और एक रन आउट कर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। वहीं, जोहोर में अमेरिका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस जीत में इसानी वाघेला ने 3 विकेट लिए, जबकि दिशा ढींगरा ने 46 रनों की अहम पारी खेली। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही, और वे 74 रन पर ऑलआउट हो गए। अमेरिका ने 75 रनों का लक्ष्य सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया। दिशा और चेतना रेड्डी की ओपनिंग साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। दिशा ने 33 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेली।

### संक्षिप्त स्कोर

- नाइजीरिया 65/6 (लिलियन उडे 19, पीटी लकी 18; हन्ना फ्रांसिस 1-4, अनिका तौव्हारे 1-6), न्यूजीलैंड 63/6 (अनिका टॉड 19, टैश वेकेलिन 18; पीस यूसेन 1-5, पिटी)
- आयरलैंड 17.4 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट (एलिस वॉल्श 16, लारा मैकब्राइड 13; इसानी वाघेला 3-10, रितु सिंह 2-8), यूएसए 79/1 (दिशा ढींगरा 46, चेतना रेड्डी पगड्याला 23 नाबाद, लारा मैकब्राइड 1-9)
- बांग्लादेश 91/9 (आफिया आशिमा एरा 29, एमएसटी सुमैया अख्तर सुबोरना 13; टेगन विलियमसन 2-12, काओइम्हे ब्रे 2-18), ऑस्ट्रेलिया 92/8 (लुसी हैमिल्टन 30, केट पेले 16; जन्नतुल मौआ 3-15, हबीबा इस्लाम पिंकी 1-12)

# चेस: प्रज्ञानंद ने हमवतन हरिकृष्णा को हराया

## गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने दूसरे दौर के मुकाबले ड्रॉ खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया, जबकि अर्जुन एरिगेसी को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा। इससे पहले हाल ही में खेल रत्न से सम्मानित होने वाले विश्व चैंपियन गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था, जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।



19 वर्ष के प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके।

390 का औसत और पांच शतक

# करुण नायर को टीम इंडिया में वापसी के लिए और क्या करना होगा?

## बीसीसीआई पर उठे सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 18 जनवरी (शनिवार) को किया गया. दोनों ही टीम से विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और फास्ट बॉलर मोहम्मद सिराज का नाम नदारद है. जबकि विजय हजारे ट्रॉफी में रन बरसाने वाले करुण नायर को भी मायूस होना पड़ा. वैसे सबसे ज्यादा चर्चा करुण को लेकर ही हो रही है, जिनके कम से कम वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की उम्मीद थी.

**अद्भुत प्रदर्शन... फिर भी करुण को लगी निराशा हाथ** – 33 साल के करुण नायर को खुद भी टीम इंडिया में फिर से वापसी का भरोसा था. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने भी साफ किया था कि अब खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य होगा. इसी के आधार पर भारतीय टीम में प्लेयर्स का सेलेक्शन भी होगा. यानी अगर आप घरेलू क्रिकेट में रन बनाते हैं तो सेलेक्शन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी. हालांकि करुण के मामले में तो ऐसा देखने को मिला नहीं. करुण नायर ने विजय हजार ट्रॉफी 2024-25 में ऐसी बैटिंग की, जो कई सालों तक याद रखी जाएगी. करुण ने टूर्नामेंट में कुल 8 पारियों में 389.50 के एवरेज से 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल रहे. करुण ने 112*, 44*, 163*, 111*, 112, 122*, 88* और 27 के स्कोर बनाए. यानी वो सिर्फ दो पारियों में आउट हुए. करुण की कप्तानी में विदर्भ की टीम फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे कर्नाटक के हाथों हार का सामना करना पड़ा. करुण भले ही अपनी टीम को ट्रॉफी नहीं जिता पाए, मगर धांसू प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

### भज्जी ने उठाए सवाल, अगरकर ने कही ये बात

घरेलू टूर्नामेंट में किसी खिलाड़ी ने लगभग 390 के औसत से रन बनाए हों, फिर भी उसका सेलेक्शन ना हो पाए तो सवाल तो उठेंगे ही. ऐसे में घरेलू क्रिकेट खेलने का क्या फायदा? टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भी कुछ ऐसा ही मानते हैं. हरभजन ने करुण नायर की अनदेखी करने के लिए सेलेक्टर्स पर निशाना साधा. हरभजन ने X पर लिखा, क्या घरेलू क्रिकेट खेलने का कोई मतलब है. जब आप खिलाड़ियों का चयन उनके फॉर्म और प्रदर्शन के आधार पर नहीं करते. करुण नायर को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर से भी सवाल पूछा गया था. इस पर अगरकर ने कहा कि मौजूदा टीम में करुण नायर को शामिल करना मुश्किल है. हालांकि अगरकर ने माना कि करुण नायर पर चर्चा हुई, लेकिन अभी फिलहाल उनकी टीम में जगह नहीं बन रही है. अगरकर ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए विदर्भ के कप्तान की सराहना की।

# नीरज चोपड़ा की तरह फेंकती थी भाला, अब वेस्टइंडीज के लिए वनडे में तोड़ा शतकों का रिकॉर्ड, टीम ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीटैलेंटेड. ये शब्द तो आपने सुना है ना. हम जिस खिलाड़ी की बात करने जा रहे है, उसके लिए अंग्रेजी का ये शब्द बिल्कुल परफेक्ट है. हाथ में जब भाला होता है तो वो नीरज चोपड़ा की तरह मेडल जीतने की कोशिश करती है. लेकिन, उन्हीं हाथों में जब बल्ला थाम लेती है तो फिर दुनिया की किसी भी पिच को गेंदबाजों का कब्रगाह बनाने का दम रखती है. हम बात कर रहे हैं हैले मैथ्यूज की, जो कि वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम की ना सिर्फ धाकड़ ओपनर हैं बल्कि कप्तान भी हैं. इन दोनों ही मोर्चों पर अपनी उपयोगिता को उन्होंने खूब साबित किया है. कैरेबियाई ओपनर ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में ना सिर्फ शतक जड़ा बल्कि अपने देश के लिए वो सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली खिलाड़ी भी बनीं.

**वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले वनडे में रौंदा** – बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर है, जहां वो फिलहाल वनडे सीरीज खेलने में मशगूल है. पहले वनडे में बांग्लादेश को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी और इसकी एकमात्र और सबसे बड़ी वजह है हैले मैथ्यूज का प्रदर्शन. उनके बल्ले से निकला शतक, जिसने बांग्लादेश से मिले टारगेट को इतना बौना बना दिया कि जीत बस मजाक बनकर रह गई.



**199 रन का पीछा करते हुए मैथ्यूज ने जमाया शतक** – पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की पहले वनडे में सबसे बड़ी कामयाबी यही रही कि वो किसी तरह पूरे 50 ओवर खेलने में कामयाब रहे. बांग्लादेश ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 198 रन बनाए. इस तरह वेस्टइंडीज की महिलाओं को 199 रन का लक्ष्य मिला. लक्ष्य छोटा था लेकिन इसे और भी हल्का बनाने का काम कैरेबियाई कप्तान मैथ्यूज ने अपने बल्ले से किया. 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने शतक जड़ा. साथ में वेस्टइंडीज के लिए महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा वनडे शतक जमाने का रिकॉर्ड भी तोड़ा.

**मैथ्यूज का रिकॉर्ड, वनडे में टीम का इतिहास** – हैले मैथ्यूज ने 93 गेंदों का सामना कर 16 चौकों की मदद से नाबाद 104 रन बांग्लादेश के खिलाफ बनाए. ये उनके वनडे करियर का 8वां शतक है. इसी के साथ वो महिला वनडे में वेस्टइंडीज में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाली खिलाड़ी बन गईं।

# नीरज चोपड़ा ने टेनिस प्लेयर हिमानी संग शादी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को शादी कर ली। उन्होंने 2 दिन बाद रविवार को रात 9.36 बजे सोशल मीडिया पर अपनी शादी की 3 तस्वीरें पोस्ट कीं। फोटोज में उनकी पत्नी हिमानी और मां सरोज देवी नजर आए। 27 साल के नीरज ने सोशल मीडिया पर लिखा- जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ की। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, नीरज और हिमानी की शादी का कार्यक्रम बहुत ही गुपचुप तरीके से रखा गया था। शादी में सिर्फ लड़का और लड़की के परिवार के करीबी सदस्य शामिल हुए। नीरज ने जो तस्वीरें शेयर कीं, उनमें परिवार के कुछ लोग ही साथ बैठे नजर आ रहे हैं। शादी की जानकारी परिवार के अलावा किसी और को नहीं थी।

शादी की तस्वीरें पोस्ट कर चौंकाया नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट कर सभी को चौंकाया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में अपना और पत्नी हिमानी का नाम लिखा और दिल का इमोजी बनाया। उन्होंने इंग्लिश में लिखा, सभी के आशीर्वाद का शुक्रगुजार हूं, जो हमारे इस मोमेंट में भागीदार बने। प्यार में बंधे, हमेशा के लिए खुश। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी शादी के बारे में बताया।



**कौन हैं नीरज की पत्नी हिमानी** – नीरज ने अपने ही राज्य हरियाणा के सोनीपत जिले के लड़सौली गांव की रहने वाली टेनिस प्लेयर हिमानी मोर के साथ 7 फेरे लिए। हिमानी एसए से स्पोर्ट्स स्टडी कर रही हैं। उनके पिता चांद राम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से करीब 2 महीने पहले ही रिटायर हुए हैं। हिमानी के पिता ने गांव में खेल स्टेडियम बनवाया है। वे यहां खिलाड़ियों को सर्कल कबड्डी खिलाते हैं।

**स्कूल टाइम में टेनिस खेलना शुरू किया** – हिमानी मोर ने सोनीपत के लिटिल एंजेल स्कूल में पढ़ाई के दौरान टेनिस खेलना शुरू किया था। हिमानी की मां मीना ने उन्हें शुरुआती दौर में ट्रेनिंग दी। उन्होंने गांव छोड़कर सोनीपत में किराए का मकान लिया। खेल के साथ-साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज से ग्रेजुएशन की। इसके बाद उन्होंने 2017-18 में ताइवान में आयोजित विश्वविद्यालय टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। मां के अलावा पिता चांद राम मोर ने भी बेटी को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। हिमानी का छोटा भाई हिमांशु भी टेनिस का खिलाड़ी है। साथ ही 2 चचेरे भाई इंटरनेशल खिलाड़ी रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

# सिनर ने भीषण गर्मी में खेले गए मैच में रूने को हराया, स्वितोलिना तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न, एजेंसी।** महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इटली के यानिक सिनर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैम्पियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा।



महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया।

# ऑनलाइन शतरंज में 9 साल के बच्चे से हार गये 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन, बांग्लादेश के फिडे मास्टर का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैग्नस कार्लसन अक्सर हारते नहीं हैं। नार्वे का ग्रैंडमास्टर आखिरकार पांच बार के विश्व चैंपियन हैं, वह 2011 से दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी हैं और उन्हें शतरंज खेलने वाले महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने 2023 में खुद ही अपने खिताब का बचाव नहीं करने का फैसला किया था। हालांकि, बांग्लादेश के एक फिडे मास्टर नई हक ने दावा किया है कि जिस नौ वर्षीय लड़के को वह कोचिंग दे रहे हैं, उसने 34 साल के मैग्नस कार्लसन को एक ऑनलाइन टूर्नामेंट में हरा दिया है। चौंकाने वाला नतीजा शनिवार 18 जनवरी 2025 को Chess.com चेस.कॉम पर बुलेट ब्रॉल इवेंट के दौरान हुआ, जिसमें काले मोहरों के साथ खेलते हुए मैग्नस कार्लसन नईम हक से हार गये, यह अकाउंट फिडे मास्टर नईम हक का है।



# सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए : अक्षर पटेल

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में कई फ्लोटर्स शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, ...यह सिर्फ़ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है। अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है, जहां उन्होंने मध्य-क्रम में लचीलेपन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा, कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज हमेशा खेलेगा...यह उस श्रेणी (नंबर 3 से 7 के बीच) में सभी के लिए समान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, जिसका हम अभ्यास सत्रों के दौरान आकलन करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने के बारे में है। सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर के लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, सिवाय इसके कि अब वह टीम प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले कुछ सख्त फैसलों का हिस्सा होंगे। अक्षर ने कहा, अभी सिर्फ एक दिन हुआ है। हां, हमने (कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैं) चर्चा की है। नेतृत्व समूह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ज्यादा बदलाव नहीं है। जाहिर है, हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है, ज्यादा दबाव नहीं है। जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह राष्ट्रीय टीम का पहला मैच है और ऑलराउंडर पिछली बातों को लेकर परेशान नहीं होना चाहते। उन्होंने कहा, हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में सकारात्मकता लाने के बारे में है। अक्षर ने 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया। टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक बात है। पिछली बार उन्होंने (शमी) वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और ठीक होने के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे टूर्नामेंट दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



# देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी ऑटो एक्सपो में पेश

**नई दिल्ली ।**

देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश किया गया। इस टैक्सी का नाम शून्य रखा गया है। इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उड़ने वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। सोना एसपीईईडी मोटर्स इसरो के कई अंतरिक्ष मिशनों का हिस्सा रही है। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है। सोना एसपीईईडी के एक अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी एयरोस्पेस इनोवेशन के हब रूप में सोना एसपीईईडी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।



हमारा लक्ष्य साथ मिलकर शहरी परिवहन के लिए एक स्वच्छ, तेज और अधिक कुशल भविष्य को आकार देना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सोना एसपीईईडी कर्नाटक में अपनी अत्याधुनिक फैसिलिटी का इस्तेमाल सरला एविएशन के ईवीटीओएल विमान के लिए मोटर और लैंडिंग गियर जैसे क्रिटिकल कम्पोनेंट्स को डिजाइन और निर्माण करने के लिए करेगी। सरला एविएशन के अधिकारी ने कहा कि इंजीनियरिंग में सोना एसपीईईडी की विशेषज्ञता इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के लिए हमारे दृष्टिकोण को पूरी तरह से पूरा करती है।

यह सहयोग अत्याधुनिक ईवीटीओएल टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के हमारे मिशन को मजबूत करता है।

# भारतीय बाजार को लेकर जेसीबी बहुत उत्साहित

**ग्रेटर नोएडा ।**

भारतीय बाजार को लेकर जेसीबी इंडिया बहुत उत्साहित है। जेसीबी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहि कि जेसीबी भारतीय बाजार को लेकर काफी उत्साहित है। हमने साल दर साल 12 फीसद से अधिक की वृद्धि देखी है। सरकार का फोकस बुनियादी ढांचे बाजार पर है। हमने सरकार को साल दर साल न केवल सड़कों, राजमार्गों, रेलवे, आवास, जल से नल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना बल्कि पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर निवेश करते देखा है। हमारा मानना है कि सरकारों का फोकस आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने जेसीबी की बढ़ती मांग का जिक्र करते हुए कहा कि जेसीबी कई तरीकों से विकल्पों पर विचार कर रही है, एक तरीका यह है कि डीजल इंजन को स्वयं देखा जाए। हम इंजन की क्षमता में सुधार कैसे कर सकते हैं। जैसा कि हम 10 से 15 फीसदी के बीच पूर्ण खपत देखते हैं, इसलिए हम ग्राहक की



जेब में अधिक पैसा डाल रहे हैं। आप देख सकते हैं कि यह एशिया का पहला हाइड्रोजन बैक लोडर है, इसलिए हम इस नए ईंधन के लिए प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के साथ तैयार हैं।

चाहे वह हाइड्रोजन हो या इलेक्ट्रिक, क्योंकि 65 फीसद मशीनें ग्रामीण क्षेत्र में काम करती हैं। इसलिए एक बार बुनियादी ढांचा तैयार हो जाने के बाद जेसीबी के पास वैकल्पिक तकनीक के साथ मशीनों का समर्थन करने की तकनीक भी है।

# अंग्रेजों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर आगे बढ़ी बात

## कच्चे माल से सप्लाई सुविधा को और दुरुस्त करने की कोशिश

**नई दिल्ली ।**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मिलकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने और महत्वपूर्ण कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए काम करेगा, ताकि आर्थिक संबंध और मजबूत हो सकें। ब्रुसेल्स में 18-19 जनवरी को गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मैरोस सेफकोविक के बीच हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने व्यावसायिक रूप से सार्थक व्यापारिक एजेंडा बनाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की दिशा में काम करने पर भी सहमति व्यक्त की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारत यूरोपीय संघ के साथ एक वाणिज्यिक रूप से सार्थक व्यापार एजेंडा तैयार करेगा, जो निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा तथा दोनों पक्षों के व्यवसायों के लाभ के लिए सरलीकरण और लागत प्रतिस्पर्धा के माध्यम से शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। दोनों पक्षों ने निष्पक्ष तरीके से व्यापार और सतत विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी एजेंडा विकसित करने तथा वैश्विक चुनौतियों का शीघ्रता से सामना करने के लिए एक मजबूत एफटीए विकसित करने के लिए दोनों टीमों के समक्ष राजनीतिक दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) के व्यापार और निवेश समूह में प्रगति की समीक्षा की, विरासत संबंधी मुद्दों को सुलझाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रिस्तरीय अधिकारियों के बीच निरंतर परामर्श के लिए एक खाका तैयार किया।

# भारत का राजकोषीय घाटा कम होने की संभावना: रिपोर्ट

## -सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिरा

**भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति नीचे रहने की उम्मीद**

**नई दिल्ली।**

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का राजकोषीय घाटा धीरे-धीरे कम होने की संभावना है और यह वृद्धि कर राजस्व में इजाफे से समर्थित होगी। यह प्रवृत्ति भारत सरकार के राजकोषीय समेकन प्रयासों को मजबूत करने के रूप में देखी जा रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दक्षिण एशिया के अन्य देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रहने का अनुमान है जबकि भारत अपने सुधारित राजकोषीय स्थिति के कारण अलग दिखाई देता है। पाकिस्तान में उच्च ब्याज भुगतान और बांग्लादेश में बुनियादी ढांचे में निवेश के कारण अन्य देशों में राजकोषीय घाटा स्थिर रह सकता है लेकिन भारत की स्थिति में सुधार हो रहा है। हालांकि भारत की स्थिति सकारात्मक दिख रही है विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि दक्षिण एशिया के देशों का कर्ज-से-जीडीपी अनुपात ऊंचा रहेगा। धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी। उच्च उधारी लागत के कारण कई देशों में कर्ज चुकाने की लागत



बनी रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण एशिया में मुद्रास्फीति में कमी आने की संभावना है क्योंकि विनिमय दरें स्थिर हो रही हैं। भारत, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में मुद्रास्फीति लक्ष्य सीमा के भीतर या उससे नीचे रहने की उम्मीद है। भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 और 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के सेवा क्षेत्र में निरंतर वृद्धि होगी और विनिर्माण गतिविधियां भी सशक्त होंगी जो सरकार की लॉजिस्टिक अवसंरचना और कर नियमों में सुधार की पहलों से प्रेरित हैं। इसके अलावा निजी खपत में वृद्धि की उम्मीद है और निवेश में मजबूत वृद्धि का अनुमान है जो निजी निवेश मजबूत कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और बेहतर वित्तीय परिस्थितियों से समर्थित होगा। ये सभी कारक भारत की आर्थिक लचीलापन को मजबूत करेंगे।

# टाटा संस के एनबीएफसी रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने के आवेदन की हो रही जांच

**नई दिल्ली ।**

टाटा संस द्वारा एनबीएफसी (नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी) के रूप में रजिस्ट्रेशन को कैंसिल करने के आवेदन की भारतीय रिजर्व बैंक जांच कर रहा है। इसकी पुष्टि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी की है। टाटा संस, जो कि टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है, ने पहली बार अपनी इस जाँच के बारे में जानकारी दी है। यह कदम टाटा ग्रुप के लिए खास मायने रखता है, क्योंकि वह अपनी होल्डिंग कंपनी को लिस्टिंग से बचाना चाहता है। आरबीआई ने अपनी एनबीएफसी की लिस्ट जारी करते समय यह खुलासा किया कि टाटा संस को एनबीएफसी-अपर लेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया था और नई लिस्ट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके बावजूद, आरबीआई ने यह साफ किया है कि टाटा संस को एनबीएफसी-यूएल की सूची में शामिल करना उसके पंजीकरण रद्द करने के आवेदन पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा। आरबीआई ने यह भी बताया कि यदि किसी एनबीएफसी को एनबीएफसी-यूएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसे कम से कम पांच साल तक अतिरिक्त रेगुलेटरी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा, भले ही यह बाद में इस लिस्ट से बाहर हो जाए।

टाटा संस अब खुद को एनबीएफसी-कोर निवेश कंपनी के क्लासिफिकेशन से बाहर निकलने और अपर लेयर वाली एनबीएफसी की लिस्ट से बचने के लिए अपने कर्ज को कम कर रही है। आरबीआई के नियमों के अनुसार यदि टाटा संस अपर लेयर वाली एनबीएफसी बनी रहती है, तो उसे सितंबर 2025 तक लिस्ट होना होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यदि टाटा संस को अपनी होल्डिंग्स को कम करने के लिए 50,000 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचने की आवश्यकता पड़ी, तो यह देश का सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है।

## लक्ष्मी डेंटल का शेयर 27 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली ।** ऑर्बिमेड समर्थित लक्ष्मी डेंटल का शेयर अपने निर्गम मूल्य 427 रुपये से करीब 27 फीसदी की तेजी के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 23.36 फीसदी की तेजी के साथ 528 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 36.37 प्रतिशत चढ़कर 583.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 26.63 फीसदी उछाल के साथ 542 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 3,129 करोड़ रुपये रहा। लक्ष्मी डेंटल के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 113.97 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ 138 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 560 करोड़ रुपये के 1.31 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए मूल्य दायरा 407-428 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था।



## चौथी तिमाही में घरेलू उपभोक्ताओं की मांग तेजी के साथ घटी

**26 फीसदी से अधिक की गिरावट**

**नई दिल्ली ।** भारत में पिछले चार तिमाही से लगातार घरेलू मांग कम होती जा रही है। 1 साल में लगभग 26 फ़ीसदी की मांग पिछले वर्ष की तुलना में कम हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार मुंबई,अहमदाबाद, बेंगलुरु सहित देश के आठ प्रमुख शहरों में मांग लगातार घट रही है। भारत में प्रॉपर्टी की मांग सबसे ज्यादा घट रही है। प्रॉपर्टी की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। उसी तुलना में मांग घटती चली जा रही है। प्रॉपर्टी बाजार के विशेषज्ञों का कहना है रियल स्टेट सेक्टर में मंदी लगातार देखने को मिल रही है। मुंबई एवं पुणे क्षेत्र में सालाना गिरावट 31 फ़ीसदी दर्ज की गई है। बेंगलुरु में 23 फ़ीसदी की गिरावट आई है। हैदराबाद में 36 फ़ीसदी की गिरावट आई है। चेन्नई में भी मांग घटती जा रही है। उपभोक्ता सामग्री और रियल स्टेट में जिस तरह की मंदी देखने को मिल रही है। उसने आर्थिक विशेषज्ञों की नींद उड़ा दी है। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों की आय उस तुलना में नहीं बढ़ रही है। जिसके कारण उपभोक्ताओं की मांग लगातार घटती चली जा रही है। एमएफसीजी कंपनियां तथा रियल एस्टेट में काम करने वाले कारोबारी इन दोनों सबसे बड़ी मुसीबत में हैं।

## हेज फंड्स के साथ कथित मिलीभगत के चलते भड़क गई रिसर्च कंपनी

**- अडानी समूह पर लगाए थे गंभीर आरोप**

वाशिंगटन । कनाडा के एक पोर्टल ने दायर दस्तावेजों में दावा किया है कि हेज फंड्स के साथ कथित मिलीभगत के आरोपों के चलते नैट एंडरसन और हिंडनबर्ग रिसर्च ने कंपनी को बंद करने की घोषणा की है। हेज फंड्स जो विभिन्न प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं, निवेशकों के बीच भरी प्रतिष्ठा रखते हैं। दायर दस्तावेजों में स्पष्ट हुआ कि नैट एंडरसन और एन्सन के बीच ईमेल के माध्यम से साझा हुआ रिसर्च, हिंडनबर्ग की नकारात्मक रिपोर्ट की तैयारी में एन्सन की अहम भूमिका थी। दायर दस्तावेजों के मुताबिक एन्सन हेज फंड के प्रमुख ने स्वीकारा कि उनकी कंपनी ने हिंडनबर्ग रिसर्च को सहायता प्रदान की थी। वहां कनाडाई पोर्टल मार्केट फ्रॉड्स द्वारा आरोप लगाया गया है कि एन्सन ने अपने फंड्स के निर्देशों का अनुसरण नहीं किया और नैट एंडरसन के साथ निकटता बनाए रही। इस घटना में एसईसी द्वारा एक अध्यादेश जारी करने की संभावना है, जिससे यह मुद्दा और भी ज्यादा उतार-छूट पा सकता है। नैट एंडरसन और उनकी कंपनी के खिलाफ के कोर्ट की निर्णय से उनकी दिन-ब-दिन बिगड़ती चारित्रिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए, नैट एंडरसन के भविष्य की किल-किल कायम है।

## वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा कम होकर हुआ 208.5 करोड़

**नई दिल्ली ।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में घाटा कम होकर 208.5 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में घाटा 221.7 करोड़ रुपये रहा था। बयान के अनुसार आलोच्य तिमाही में पेटीएम की परिचालन आय 35.8 प्रतिशत घटकर 1,827.8 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 2,850.5 करोड़ रुपये थी। हालांकि, कंपनी ने कहा कि तिमाही आधार पर राजस्व में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक रुझान, निजी निवेश में वृद्धि की उम्मीद

**मुंबई ।** कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने हाल ही में एक सर्वेक्षण जारी किया है जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में आशावादी तस्वीर पेश की गई है। इस सर्वे के अनुसार, 75 फीसदी कंपनियां मान रही हैं कि वर्तमान आर्थिक माहौल निजी निवेश के लिए अनुकूल है। जियो-पॉलिटिकल चुनौतियों के बावजूद भारत में निवेश का माहौल सकारात्मक है। सीआईआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 70 फीसदी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान निवेश करने के संकेत दिए हैं। इससे स्पष्ट है कि आगामी तिमाहियों में निजी निवेश में वृद्धि होने की संभावना है। सर्वे के अनुसार, 97 फीसदी कंपनियां वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में रोजगार की वृद्धि की उम्मीद जताती हैं। पिछले तीन सालों में 79 फीसदी कंपनियों ने अपनी वर्कफोर्स बढ़ाई है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में अगले साल 15-22 फीसदी तक डायरेक्ट एम्प्लॉयमेंट ग्रोथ हो सकती है, जबकि इनडायरेक्ट एम्प्लॉयमेंट की ग्रोथ 14 फीसदी की मायने रख सकती है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेश का माहौल अब और भी अनुकूल हो रहा है, जिससे रोजगार वृद्धि और अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना है।



# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बढ़त दर्ज की गयी। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी से बाजार में उछाल आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक करीब 0.59 फीसदी ऊपर आकर 77,073.44 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 141.55 अंक तकरीबन 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ ही 23,344.75 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में 17 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। कोटक बैंक, बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और एसबीआई के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही जबकि पावर ग्रिड, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाइटन, आईसीआईसीआई, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक और रिलायंस के शेयर भी बढ़त पर रहे।

वहीं सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 शेयर नुकसान के साथ ही गिरावट पर बंद हुए। इसमें जोमेटो, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, एमएंडएम और मारुति सेंसेक्स के बसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। टाटा मोटर्स, आईटीसी, सन फार्मा, एचयूएल, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, इंफोसिस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार सप्ताह की शुरुआत बाजार ने सकारात्मक संकेतों के साथ की, जिसमें मिश्रित संकेतों के बीच आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। , बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज शेयरों की मजबूती ने पहले सत्र में इंडेक्स




को ऊपर ले जाने में मदद की, जिसके बाद बाजार सीमित दायरे में चलता रहा।

सेक्टोरल रुझान मिश्रित रहे, जहां बैंकिंग और मेटल सेक्टर ने उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की, वहीं ऑटो और एफएमसीसी क्षेत्र में हल्की गिरावट दर्ज की गयी। ÷

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में तेजी रही जबकि सियोल गिरावट लेकर बंद हुआ। यूरोप के बाजार ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार तेजी पर बंद हुए। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबहा बाजार की अच्छी शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 359.20 अंकों की बढ़त के साथ 76,978.53 पर खुला। वहीं निफ्टी 50 87.20 अंकों की तेजी के साथ 23,290.40 के स्तर पर दिन के कारोबार की शुरुआत की।

# 2024 में 2,000 अरब डॉलर तक बढ़ी अरबपतियों की संपत्ति : रिपोर्ट

## - एक दशक के भीतर कम से कम पांच खरबपति होने का अनुमान

**दावोस ।**

विश्व भर में अरबपतियों की संपत्ति पिछले साल 2024 में 2000 अमेरिकी डॉलर बढ़कर 15,000 अमेरिकी डॉलर हो गई जो 2023 की तुलना में तीन गुना अधिक है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से पहले सोमवार को रिपोर्ट यहां जारी की गई। रिपोर्ट ने अरबपतियों की संपत्ति में भारी उछाल और गरीबों की संख्या में 1990 के बाद से कोई खास बदलाव नहीं आने की तुलना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। साथ ही उसने अनुमान लगाया कि अब से एक दशक के भीतर कम से कम पांच खरबपति होंगे। वर्ष 2024 में अरबपतियों की सूची में 204 नए लोग शामिल हुए। औसतन हर सप्ताह करीब चार नाम इसमें शामिल हुए। इस वर्ष केवल एशिया से 41 नए अरबपति सूची में शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल नॉर्थ के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोग 2023 में वित्तीय प्रणालियों के जरिये 'ग्लोबल साउथ' से प्रति घंटे तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर



हासिल करेंगे। अरबपतियों की 60 प्रतिशत संपत्ति अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठगांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है, जो दर्शाता है कि अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है। अधिकार समूह ने दुनिया भर की सरकारों से असमानता को कम करने, अत्यधिक धन-संपदा को समाप्त करने तथा नए अभिजात्यतंत्र को समाप्त करने के लिए सबसे अमीर लोगों पर कर लगाने का आग्रह किया। इसमें पूर्व की औपनिवेशिक शक्तियों से हुई क्षतियों की भरपाई कराने की भी मांग की गई।

## डिजिटल साझेदारी से बढ़ रहा है वित्तीय सेवाओं का दायरा

**नई दिल्ली ।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल ने वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में एक नया मोड़ खोलने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। कंपनियों ने संयुक्त बयान में इस मंच की उपयोगिता और महत्त्व को बताया है। इस साझेदारी से एयरटेल के ग्राहक आधार और बजाज फाइनेंस का वितरण नेटवर्क एक साथ आएंगे। भारती एयरटेल के एक अधिकारी ने इस साझेदारी का मकसद स्पष्ट किया है। उन्होंने बयान दिया कि उनका लक्ष्य एयरटेल फाइनेंस को ग्राहकों की सभी वित्तीय जरूरतों के लिए वन-स्टॉप शॉप बनाना है। इससे ग्राहकों को विभिन्न वित्तीय सेवाओं की सुविधा मिलेगी। बजाज फाइनेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत के वित्तीय सेवाओं का डिजिटल परिवेश तंत्र तेजी से बढ़ रहा है। इस साझेदारी से न केवल उन्हें बजाज फाइनेंस के उत्पादों की पहुंच मिलेगी, बल्कि ग्राहकों को भी नए और सुविधाजनक विकल्प मिलेंगे। इस साझेदारी के तहत बजाज फाइनेंस के दो उत्पादों को एयरटेल थैंक्स ऐप पर पेश किया जा रहा है। मार्च तक कई और उत्पाद भी इस एप्लिकेशन पर उपलब्ध किए जाएंगे। इस साझेदारी से वित्तीय सेवाओं के दायरे में नए विकल्प और सुविधाएं खुलने की उम्मीद है और देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को एक नया मुकाम मिल सकता है।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह करलयं बरिसठ अधिकारीमन कर संगे समीछा

सोनू सपवार

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आइज कृषि मंत्रालय कर बरिसठ अधिकारीमन कर संगे कृसि मुद्दा में समीछा बैठकी करलयं। समीछा बैठकी में रबी कर बुआई कर प्रगति, मौसम कर इस्थिति, राष्ट्रीय कीट सर्वेक्षण प्रणाली (एन.पी.एस.एस.) कर माध्यम से कीट सर्वेछन, कृसि उत्पाद कर आयात आउर निर्यात संगे विपनन से संबंधित ढेइरे मुद्दा उपरे चर्चा होलक।




श्री चौहान कहलयं कि कृसि मुद्दा में ऊ खुद साप्ताहिक बैठकी करेक कर अलावा, ऊ समय-समय में कृसि मंत्री कर अस्तर में राइज सरकारमन कर संगे भी बैठकी करबयं। ऊ अधिकारीमन से भी कहलयं कि ई मुद्दा में राइज सरकारमन कर संगे लगातार जुड़ल रहयं, काले कि जमीनी अस्तर में मुद्दा के संबोधित करेक ले राइज सरकार कर अधिकारीमन कर भागीदारी कर जरुरत होवी। केंद्रीय मंत्री कहलयं कि 17 जनवरी, 2025 तक कुल बोयल गेल छेतर 640 लाख हेक्टेयर हेके, जे पिछला बछर कर एहे अवधि कर 637.49 लाख हेक्टेयर कर तुलना में 2.51 लाख हेक्टेयर बेसी हेके। समग्र फसल कवरेज आउर फसल कर इस्थिति पिछला बछर कर तुलना में बेहतर हय। रबी टमाटर, प्याज आउर आलू (टी.ओ.पी.) कर बुआई चले लाइग हे आउर आइज (सोमार) तक टी.ओ.पी. फसल कर बुआई पिछला बछर कर एहे अवधि कर तुलना में बेसी हेके।

गेहूं (0.46%), सरसों (0.14%), सोयाबीन (0.25%) कर मंडी कीमत सप्ताह-दर-सप्ताह बइढ़ हे जबकि अरहर (1.22%), चावल (1.20%) चना (0.67%), आलू (6.34%) आउर टमाटर (6.79%) कर मंडी कीमत में सप्ताह-दर-सप्ताह गिरावट आए हे। फिलहाल बाजार में गेहूं, चावल, चना, सरसों आउर तिल कर कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) से बेसी मिलत हे।

# लगसते पांच दिन जरूरतमंदमन कर सेवा करलक केयर एंड सर्व फाउंडेशन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**धनबाद।** समाजसेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन कर द्वारा शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद (पीएमसीएच अस्पताल परिसर) में जरूरतमंदमन कर बीच भोजन बितरन करलक। जलाराम मंदिर शास्त्री नगर कर महिला मंडली पिछला पांच दिन जरूरतमंदमन ले भोजन सामग्री मुहैया कराई रहे।

केयर एंड सर्व फाउंडेशन संस्था 16 अक्टूबर, 2021 से जरूरतमंदमन कर बीच पीएमसीएच अस्पताल में एक बेरा कर भोजन हर दिन उपलब्ध करायला। संगे, संस्था हर बछर 40 गो छउवामन के इंजीनियरिंग में प्रवेस ले सीएस-40 कोचिंग क्लासेस चलायला। भविस में स्वास्थ्य, पर्यावरन आउर पेयजल में भी संस्था काम करेक कर इरादा राखेला।

ई सेवा काम में केयर एंड सर्व फाउंडेशन कर रोबिन चटर्जी, रवि कौशल सिन्हा, अमित कुमार, मुन्ना खान आउर नील कमल खवास संगे आउर अदमीमन सहजोग करलयं। अदमीमन कर बीच भोजन कर बितरन करलयं।




# जीएम मॉडर्न पब्लिक इस्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य सिबिर कर आयोजन

**रांची।** मौलाना जौहर अली हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन कर तत्वावधान ओखरगढ़ा इस्थित जीएम मॉर्डन पब्लिक इस्कूल में मुफ़्त स्वास्थ्य सिबिर कर आयोजन करल गेलक। सिबिर में करीब 100 गो मरीजमन कर मुफ़्त जांच कइर के उनकर बीच मुफ़्त दवाई कर बितरन भी करल गेलक। सिबिर में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट अस्पताल (एसडीए) कर टीम में डॉ कल्याण, डॉ रीता, डॉ मनोहर आउर डॉ सुषमा सामिल रहयं।

ई अवसर में इस्कूल कर निदेसक हसीब अहमद कहलयं कि केऊ भी जनसंख्या आपन देस ले संसाधन तभे होए सकेला, जब ऊ स्वस्थ रहे। भारत गांव में बसेला। आइज ग्रामीण छेतर में स्वास्थ्य सुबिधा बढ़ाए जायेक कर बहुते जरूरत हेके।

श्री अहमद कहलयं कि गांव में बसेक वाला आबादी ले समय से उचित उपचार कठिन होए जायेला। इस्कूल ई किसिम कर मुफ्त स्वास्थ्य सिबिर कर आयोजन एहे उद्देस से करेला, ताकि गरीब ज़रूरतमंद इकर बेसी से बेसी लाभ उठाय सकयं। भविस में भी मानव सेवा कर ई काम निरन्तर जारी रही।



# चीफ पीएमजी जारी करलयं बराह मूर्ति कर डाक टिकट



**नवादा।** डाक विभाग कर बिहार कर मुध डाकमहाध्यछ अनिल कुमार सोमार के वारिसलीगंज सहर कर बाइपास इस्थित बाबा मैरेज हॉल में अपसढ़ ग्राम बिरासत कर भगवान विष्णु कर अवतार प्रसिद्ध बराह मूर्ति आउर पार्वती पहाड़ कर डाक टिकट जारी करलयं। डाक विभाग कर प्रधान अनिल कुमार कहलयं कि वैदिक काल से ही चलते आवल अपसढ़ ग्राम बिरासत कर महत्ता हमिन कर संस्कृति से जुड़ल हय। डाक विभाग भगवान विष्णु कर अवतार बराह उपरे डाक टिकट जारी कइर के इकर महत्ता के आउर जीवंत बनाय देइ हे। नालंदा विश्वविद्यालय से भी प्राचीन अपसढ़ ग्राम बिरासत में सिछा बेबस्था रहे, जे यूनिवर्सिटी में भारत कर अलावा दूसर देस कर बिधार्थी भी हियां पढ़ाई करत रहयं। ऊ समयकाल में तत्कालीन सासक आदित्यसेन आउर उनकर पत्नी कोन देवी कर बिकसित सोच, एहे बात के उजागर करेला कि ऊ समय काल में सिछा कर प्रति उनकर बिकसित सोच रहे। कार्जकरम में मौजूद छेत्रीय बिधायक अरुणा देवी कहलयं कि अपसढ़ ग्राम बिरासत इस्थित भगवान विष्णु कर अवतार बराह प्रतिमा कर डाक टिकट जारी ऐतिहासिक कदम कर आधारसिला राइख हयं, जेके सदियों तक भूलाल नी जाए सकेला। डाक विभाग आउर खासकइर के डाक विभाग कर मुध डाकमहाध्यछ अनिल कुमार जीवन पर्यन्त एतिहासिक धरोहर के संजोयेक कर काम कइर हयं। आपन कार्जकाल कर अंतिम पायदान में रहेक कर बावजूद काम में कोताही नई बरतेक, सचमुच इनकर बेहतर सोच के दरसायला।

नागपुरी कविता

## बेटी के पिंधात रहैं ताज


संतोष महली

बेटी के पिंधात रहैं ताज
नागपुरीया आ महली सामाज
बाप उकर जने तने
आंईंख भिंजाय छने–छने
खोइज –खोइज के काम।
बेटी के पिंधात रहैं ताज....
आजा आजी नखैं छउवा आहे एकेले
मांयो उकर कुइद चलैं,पेट पोसेले ,
पढ़े ले बइठाय,डांइट दाबाय
आगे कर भविष बाधाय ले।
बेटी के पिंधात रहैं ताज....
तेरह चौदह साल,समइ नखे खेलेले
गरिबी सिखाय देलक रोटी बेलेले,
हांसे हंसुवाय,सापना देखाय
कहियो सोइच नखों सेके।
बेटी के पिंधात रहैं ताज
नागपुरीया आ महली सामाज
बाप उकर जने तने
आंईंख भिंजाय छने–छने
खोइज –खोइज के काम।



# अन्नपूर्णा सेवा में 410 गो अदमीमन करलयं भोजन

**रांची।** पहाड़ी मंदिर रोड इस्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 220 गो अदमीमन भोजन करलयं। ई अन्नपूर्णा सेवा के अतुल खेमका कर पुण्य स्मृति में उनकर पिता राजकुमार खेमका आउर उनकर परिवार प्रायोजित कइर रहे। इकर संचालन रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन करत हे।

पुरुलिया रोड कर स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 190 गो लाभुकमन खाना करलयं। दुईयों अन्नपूर्णा सेवा में 410 गो अदमीमन भोजन करलयं।

ई अवसर में अन्नपूर्णा सेवा कर संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल कहलयं कि माता अन्नपूर्णा सउब के एहे लखे सेवा करेक कर प्रेरना परदान करें। आर्थिक रूप से कमजोर अदमीमन ले अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलते रही। दुईयों अन्नपूर्णा सेवा बिगत 35 महिना से हर दिन लगस्ते सफलतापूर्बक चलाल जात हे।

ई अवसर में मारवाड़ी सम्मेलन कर जिलाध्यछ ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका, संजय सर्राफ संगे ढेइरे सदस्य उपस्थित रहयं।

संगठन कर संजुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ बतालयं कि दुईयों अन्नपूर्णा सेवा स्व. सत्यनारायण नारसरिया आउर स्व. शारदा देवी नारसरिया कर स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन संचालित करत हे।



# सड़क सुरछा सप्ताह कर समापन, देवाल गेलक सपथ







**हजारीबाग।** गोंदुलपारा खनन परियोजना कर तहत अदाणी फाउंडेशन बड़कागांव परखंड में अदमीमन कर भागीदारी कर संगे सड़क सुरछा सप्ताह कार्जकरम कर समापन करलक। ई दौरान अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, पारा मिलिट्री आउर सेना भर्ती कर तैयारी करेक वाला अभयर्थी, परिजोजना प्रभावित परिवार कर परिजन आउर कंपनी कर अधिकारीमन सड़क सुरछा नियम कर पालन करेक कर संगे सुरछित ड्राइविंग प्रथा के बढ़ावा देवेक कर सपथ लेलयं।

ई अवसर में पुलिस निरीछक अनिल सिंह ने सड़क सुरछा कर महत्व आउर यातायात नियम कर पालन करेक कर जरुरत उपरे जोर देलयं। ऊ बड़कागांव में बढ़त सड़क दुर्घटना कर चौंकाएक वाला आंकड़ा के साझा करलयं। संगे सउब से सुरछा नियम कर पालन करेक, हेलमेट पिन्धेक आउर सड़क में सतर्क रहेक कर अपील करलयं।

उल्लेखनीय आहे कि एक हप्ताह तक चलेक वाला सड़क सुरछा सप्ताह कर दौरान आम अदमीमन में बिभिन्न कार्जकरम कर जरिए जागरुकता बढ़ाएक कर प्रयास करल गेलक। ई दौरान सड़क सुरछा में चित्रकला आउर सवाल जबाब प्रतिजोगिता कर आयोजन करल गेलक। इकर अलावा परखंड कर दू गो सरकारी इस्कूल प्लस टू हाई इस्कूल आउर कस्तूरबा गांधी इस्कूल में जागरुकता सत्र आयोजन करल गेलक। बिद्यार्थीमन के सड़क सुरछा कर बारे में सिछित करल गेलक आउर सवाल जबाब प्रतिजोगिता कर बिजयी प्रतिभागीमन कर बीच पुरस्कार बितरित करल गेलक।

इकर अलावा छात्रमन कर द्वारा नुक्कड़ नाटक कर जरिए भी सड़क सुरछा कर महत्त्व बताल गेलक। ई दौरान राहगीरमन कर बीच बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक कर मौजूदगी में अदाणी फॉउंडेशन कर दन से 150 हेलमेट कर भी निःसुल्क बितरन करल गेलक आउर अदमीमन से वाहन चलायेक बेरा हमेसा हेलमेट पिन्धेक कर अनुरोध करल गेलक।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com